माघ मास, शुक्ल पक्ष 8, वर्ष 11, अंक 351, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, रविवार, 29 जनवरी, 2023



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अंदर - फूल और उम्मीद के कवि हैं गोरख पाण्डेय

अन्दर : ईशान किशन को दिखाना होगा जलवा



डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# उत्साह और जोश से भरे हुए हैं युवा : मोदी

## प्रधानमंत्री ने एनसीसी के 75वें स्थापना दिवस पर 75 का सिक्का जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में नेशनल कैडेट कोर की वार्षिक रैली में शामिल हुए। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। एनसीसी इस साल अपनी स्थापना का 75वां वर्ष मना रहा है। इस मौके पर पीएम मोदी ने 75 रुपए मूल्य का एक स्मारक सिक्का भी जारी किया।

इस मौके पर संबोधित करते हुए ढट ने कहा कि भारत का समय आ गया है। आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और इसका सबसे बड़ा कारण भारत के युवा हैं। भारत की विकास यात्रा का ड्राइविंग फोर्स 'युवा शक्ति है। पीएम ने कहा कि जिस देश के युवा उत्साह और जोश से भरे हुए हों, उस देश की प्राथमिकता सदैव युवा ही होंगे। आज का भारत भी अपने सभी युवा

**वार्षिक रैली**

**पीएम मोदी बोले- हमारी युवा शक्ति के कारण दुनिया भारत की ओर देख रही**

**रक्षा क्षेत्र में सुधारों का लाभ युवाओं को**

साथियों को वो मंच देने का प्रयास कर रहा है जो आपके सपने को पूरा कर सके। देश को किसी न किसी बहाने बांटने की कोशिश की जा रही है, लेकिन ये लोग कामयाब नहीं होंगे। एकता का मंत्र ही भारत को वैभव प्राप्त कराने का एकमात्र उपाय है। पीएम मोदी ने कहा कि जिस देश के युवा उत्साह और जोश से भरे हुए हों, उस देश की



प्राथमिकता सदैव युवा ही होंगे। आज का भारत भी अपने सभी युवा साथियों को वो मंच देने का प्रयास कर रहा है जो आपके सपने को पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि एक भी मौका खोना नहीं है, बस मां भारती को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लेकर चलते ही रहना है, बढ़ते ही रहना है। नई-नई सिद्धियों को प्राप्त करते ही जाना है, विजयश्री का संकल्प लेकर चलते ही जाना है।


भारत के रक्षा क्षेत्र में सुधारों से देश के युवाओं को लाभ मिल रहा है। पिछले 8 सालों में पुलिस और अर्धसैनिक बलों में हमारी बेटियों की संख्या दोगुनी हो गई है। आज, हम सशस्त्र बलों के तीनों अंगों में महिलाओं की तैनाती देखते हैं। रैली हाइब्रिड डे और नाइट कार्यक्रम के रूप में आयोजित की जा रही है। इसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। पीएमओ के मुताबिक, वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया एक परिवार है) की सच्ची भारतीय भावना में 19 देशों के 196 अधिकारी और कैडेट्स को समारोह का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। बता दें पिछले बुधवार को यानी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पीएम मोदी ने एनसीसी के कैडेट और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को संबोधित किया था। जहां उन्होंने कहा कि एनसीसी और एनएसएस युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय लक्ष्यों और राष्ट्रीय सरोकारों से जोड़ते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि युवा विकसित भारत के लाभार्थी हैं और उन्हें भविष्य के लिए राष्ट्र का निर्माण करना है। भारत के युवाओं को अनदेखी संभावनाओं का दोहन करना होगा और अकल्पनीय समाधानों का पता लगाना होगा। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक युवा को इसे जीवन के मिशन के रूप में लेना चाहिए और अपने इलाके, गांव, कस्बों और शहरों को साफ रखने की दिशा में काम करना चाहिए। इसी तरह उन्होंने उन्हें अमृत महोत्सव के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों पर कम से कम एक किताब पढ़ने के लिए कहा।

# माघ मेले के कल्पवासी शिविर में लगी आग

**प्रयागराज।** माघ मेला सेक्टर चार में शनिवार दोपहर में गैस लीकेज से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने खाना बना रहे श्रद्धालुओं को अपनी चपेट में ले लिया। इससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की चपेट में आने से एक महिला समेत चार लोग झुलस गए। इस घटना के बाद पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। आग से झुलसे श्रद्धालुओं को पहले माघ मेला में स्थित अस्पताल में ले गए वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि प्रतापगढ़ के रहने वाले श्रद्धालु सेक्टर चार में ब्रह्म ऋषि स्वामी आत्मानंद भक्ति के शिविर में रुके थे। शनिवार को पूजा पाठ के बाद वहां भंडारा का आयोजन होना था । कल्पवासी और उनके परिजन मिलकर खाना बना रहे थे। इस दौरान गैस

**हड़कंप**

**आधा दर्जन लोग झुलसे**



लीकेज होने से हादसा हो गया। आग से खाने पीने का सामान, कुर्सी समेत अन्य सामान जल गए। हादसे में बिट्टन सिंह (50), शिवपूजन सिंह (55), विजय सिंह (40), राज भूषण सिंह, चटकीला सिंह, इंद्रपाल सिंह निवासी सराय खजुरी प्रतापगढ़ के जले हैं। इनमें से बिटल सिंह शिवपूजन सिंह, उषा सिंह और विजय सिंह को गंभीर हालत में एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।




## लखनऊ पहुंची भारत और न्यूजीलैंड की टीमें



लखनऊ। आज राजधानी के इकाना स्टेडियम में टीम इंडिया अपना तीसरा टी-20 मुकाबला न्यूजीलैंड से खेलने उतरेगी। इस मुकाबले में शामिल होने के लिए दोनों टीम राजधानी पहुँच गयी हैं। दोनों टीम एयरपोर्ट से होटल के लिए रवाना हो गयीं हैं। स्टेडियम पर चल रही पिच की तैयारी को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि लाल मिट्टी वाली विकेट पर मुकाबला खेला जायेगा। पिच नंबर चार और पांच को बीसीसीआई के क्यूरेटर तापोस चटर्जी के निर्देशन में क्यूरेटर सुरेंद्र कुमार ने तैयार किया है। सीरीज का पहला मैच रांची में खेलकर भारत और न्यूजीलैंड की टीमें शनिवार शाम चार्टर्ड प्लेन से लखनऊ के पहुंची हैं। एयरपोर्ट से यह दोनों टीमें सीधे होटल पहुँच रही हैं। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के मीडिया प्रभारी तालिब के अनुसार टीमों के अभ्यास के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। स्टेडियम प्रबंधन ने सुबह के सत्र में अभ्यास की व्यवस्था की है।

# पिछड़ों व दलितों को शूद्र मानते हैं भाजपा के लोग

**लखनऊ।** गोमती तट पर चल रहे मां पीतांबरा महायज्ञ में शनिवार दोपहर पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भाजपा कार्यकताओं ने काले झंडे दिखाए गए। उनकी गाड़ी के सामने हंगामा कर नारेबाजी की। इसके बाद अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा धर्म की ठेकेदार नहीं हो सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग पिछड़ों व दलितों को शूद्र मानते हैं। उनको यह तकलीफ है कि हम उनके धार्मिक स्थानों पर गुरुओं, संतों का आशीर्वाद लेने के लिए क्यों जा रहे हैं?



उन्होंने कहा कि मुझे पीतांबरा माता के महायज्ञ में बुलाने वालों को भाजपा व आरएसएस की तरफ से धमकी मिल रही हैं। बीजेपी ने यहां गुंडे भेजे थे जो काला झंडा लेकर विरोध कर रहे थे, जिससे मैं कार्यक्रम में न जा पाऊं, लेकिन हम समाजवादी लोग हैं गुंडों से घबराने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि धर्म के कार्यक्रम में आ रहा हूं तो बीजेपी के लोग क्या गुंडई करेंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम स्थल पर पुलिस व प्रशासन का कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। उधर, स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि वह माफी नहीं मांगेंगे। वह अपने स्टैंड पर कायम हैं. रामचरितमानस में जो कहा गया है वह देश के दलितों,, पिछड़ों, आदिवासियों का अपमान है। रामचरितमानस से उस दोहे को हटाना चाहिए। भूपेंद्र चौधरी माफी मांगने को कह रहे हैं लेकिन वो हमारी पार्टी के नेता नहीं हैं। समाजवादी पार्टी के जो नेता माफी मांगने को कह रहे हैं वह जाति विशेष के लोग हैं।

## सीएम योगी के सामने मंच पर भिड़े बीजेपी नेता

**लखनऊ।** गुरुवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा द्वारा राज्य मंत्री दानिश अंसारी से अभद्र व्यवहार करने को भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने इस पूरे मामले को संज्ञान में लिया है। पार्टी में मोहसिन पर कार्रवाई करने पर विचार किया जा रहा है। दरअसल, गुरुवार को 26 जनवरी को विधानभवन के सामने आयोजित गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब मंच पर बैठने जा रहे थे तो उनके पीछे, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और उसके बाद मोहसिन रजा तेजी से आगे बढ़ते हुए नजर आ रहे थे। दूसरी सीढ़ी से राज्य मंत्री दानिश अंसारी भी ब्रजेश पाठक के बगल में आकर सोफे पर बैठने ही जा रहे थे कि मोहसिन रजा ने उनको धकिया दिया। इस पर दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसी बीच मोहसिन ब्रजेश पाठक के बगल में बैठ गए। इस मामले में दानिश अंसारी ने भलमन साहत दिखाई और वह बगल वाले सोफे पर बैठ गए।

# वायुसेना का सुखोई-30 व मिराज-2000 क्रैश


**ग्वालियर।** भारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमान शनिवार की सुबह मध्य प्रदेश में मुरैना के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए। एयरफोर्स के दो लड़ाकू जेट सुखोई -30 और मिराज -2000 के एक प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद एक पायलट की मौत हो गई जबकि दो घायल हैं। वायु सेना इस बात की जांच कर रही है कि क्या विमान बीच हवा में टकराए थे जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। मुरैना के डीएम ने जानकारी दी है कि दो पायलट्स को रेस्क्यू किया गया है। इन दोनों पायलट्स को इलाज के लिए ग्वालियर शिफ्ट किया गया है। तीसरे पायलट के शहीद होने की खबर सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सुखोई-30 में दो पायलट थे जबकि मिराज-2000 में एक पायलट था। मुरैना के एसपी आशुतोष बागरी ने बताया आज सुबह 2 विमान मिराज और सुखोई ग्वालियर से उड़े थे। एक विमान में दो पायलट और दूसरे में एक पायलट था। दो पायलट को रेस्क्यू किया गया। एक पायलट के शरीर के कुछ हिस्से मिले हैं। विमान के कुछ हिस्से भरतपुर में भी मिले हैं जिसके बारे में पता किया जा रहा है।

**हादसा**

**ग्वालियर से भरी थी विमानों ने उड़ान, एक पायलट शहीद**

वहीं, एयरफोर्स ने अपने बयान में कहा, ्रभारतीय वायुसेना के दो लड़ाकू विमान आज सुबह ग्वालियर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए। विमान नियमित परिचालन उड़ान प्रशिक्षण मिशन पर थे। इसमें शामिल तीन पायलटों में से एक को घातक चोटें आईं। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। फाइटर जेट्स ने आज सुबह मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एयर बेस से उड़ान भरी थी। डिफेंस सोर्सेज





ने कहा कि दोनों विमानों के बीच हवा में संभावित टक्कर तब हुई जब वे बहुत तेज गति से कॉम्बेट मिशन पर थे। अधिक जानकारी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी में सामने आएगी।

राजस्थान के भरतपुर में भी एक विमान का मलबा गिरा है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह भारतीयवायुसेब्न का विमान है या कोई चार्टड विमान। भरतपुर जिलाधिकारी ने पहले की रिपोर्ट में चार्टड जेट होने की पुष्टि की थी। वहीं, रक्षा सूत्रों ने पुष्टि की है कि भारतीय वायुसेना के जेट आसपास के क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं। भरतपुर के ऊढ अजय शर्मा ने बताया कि सुबह हमे 10 बजे के करीब सूचना मिली थी कि एक प्लेन क्रैश हुआ था। मौके पर आने पर पता चला कि ये एयर फोर्स का कोई फाइटर जेट है। ये किस श्रेणी का फाइटर है ये पता नहीं चल पा रहा है। पायलट के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है।

# राहुल के भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं महबूबा

## खड़गे ने अमित शाह को लिखा पत्र, बनिहाल में रोकी गयी थी भारत जोड़ो यात्रा



**जम्मू-कश्मीर।** कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा शनिवार (28 जनवरी) को जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा से दोबारा शुरू हुई। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अवंतीपोरा में यात्रा में राहुल गांधी के साथ शामिल हुईं। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर जम्मू-कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा के लिए पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके हस्तक्षेप की मांग की है।

दरअसल, शुक्रवार को राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक के बाद यात्रा कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गयी थी। राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक के बाद पुलिस को उन्हें अपनी गाड़ी में ले जाना पड़ा। जिसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने अमित शाह को पत्र लिखा था। जिसमें कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि काजीगुंड में पैदल मार्च के दौरान जम्मू-कश्मीर पुलिस ने भीड़ को देखते हुए राहुल गांधी के चारों ओर सुरक्षा वापस ले ली थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गृह मंत्री को पत्र में लिखा, अगले 2 दिनों में यात्रा में भारी भीड़ की उम्मीद है। 30 जनवरी को श्रीनगर में होने वाले समारोह में भी भीड़ हो सकती है। मैं आभारी रहूंगा अगर आप व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप कर अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने की सलाह दें। कांग्रेस नेता गुलाम अहमद मीर ने अवंतीपोरा में कहा कि कल हजारों लोग यात्रा में शामिल होना चाहते थे और किसी तरह कुप्रबंधन हो गया।

### पुलवामा में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**जम्मू-कश्मीर।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा इन दिनों जम्मू-कश्मीर में चल रही है। शनिवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर पहुंची, जहां राहुल गांधी ने अन्य लोगों के साथ यहां शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। राहुल गांधी ने ट्विटर पर यह तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी है। सोशल मीडिया यूजर्स राहुल गांधी के इस ट्वीट पर तरह-तरह की टिप्पणी कर रहे हैं। राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा कि आज, पुलवामा के 40 वीर शहीदों को उनके शहादत स्थल पर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। देश के हर जवान की जान बेशकीमती है। भारत उनकी कुर्बानी को कभी नहीं भुला पाएगा। सोशल मीडिया पर लोग इस पर पानी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

## फरवरी महीने में 10 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** 2023 का जनवरी महीना अब बस खत्म होने वाला है। जल्द ही फरवरी महीने की शुरूआत होगी। फरवरी का यह महीना 28 दिन का होनेवाला है। फरवरी महीने में शनिवार और रविवार की छुट्टी के अलावा महाशिवरात्रि सहित कई मौकों पर बैंक बंद रहेंगे। ऐसे में इन छुट्टियों की जानकारी जरूरी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध फरवरी महीने की बैंकों की छुट्टियों की लिस्ट पर गौर करें तो फरवरी 2023 में अलग-अलग राज्यों में 10 दिन बैंक बंद रहेंगे। ऐसे में लोगों को इन बैंक छुट्टियों के दौरान ऑनलाइन सेवाओं से ही अपना काम चलाना पड़ेगा।

**ऑनलाइन सेवाओं से चलाना पड़ेगा काम**

हालांकि, उपरोक्त दिनों में बैंक शाखाओं में छुट्टियों के बावजूद आप ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिये पैसों का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। बैंक की ऑनलाइन सेवाएं छुट्टियों के दिन भी काम करती रहेंगी।

# बजट में पूरे होंगे वादे : सीएम योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने सांसद व विधायकगणों के साथ प्रदेश के सभी 18 मंडलों में संचालित विकास परियोजनाओं की गहन समीक्षा के बाद मंत्री व अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक की। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने वर्तमान वित्तीय बजट में प्राविधानित राशि के उपयोग की विभागवार समीक्षा की तथा जन अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को तेज करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अगले माह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और जी-20 के कार्यक्रमों के उपरांत आगामी वित्तीय वर्ष का बजट आंकलन प्रस्तुत किया जाना है। सभी विभाग अपनी भावी योजनाओं के अनुरूप बजट के लिए अपना प्रस्ताव तैयार कर भेजें। आगामी बजट 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप होगा।

बजट प्रस्ताव में लोककल्याण संकल्प पत्र के बिंदुओं का समावेश करें। यह सुनिश्चित करें कि आपका प्रस्ताव वास्तविक हो। जितनी आवश्यकता हो, उतनी ही डिमांड करें। वित्तीय वर्ष 2022-23 समाप्त होने में अब दो माह ही शेष हैं। वर्तमान वित्तीय बजट की समाप्ति से पूर्व सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए। विभाग स्तर भी पर खर्च की समीक्षा भी जाए। संबंधित मंत्रीगण भी अपने विभागीय स्थिति की समीक्षा करें। वित्त विभाग द्वारा आगामी बजट प्रावधान तय करते समय वर्तमान

**बैठक**

**योगी ने सांसद व विधायकों के साथ प्रदेश के सभी 18 मंडलों में संचालित विकास परियोजनाओं की गहन समीक्षा की**

वित्तीय वर्ष में विभाग के प्रदर्शन को भी दृष्टिगत रखा जाए। विभाग की मांग के अनुरूप ही बजट प्राविधान किया जाए। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा हमें हर संभव सहायता मिल रही है। केंद्र से सामंजस्य स्थापित कर अवशेष धनराशि प्राप्त करें। विभागीय मंत्री स्वयं भारत सरकार के मंत्रीगणों से संवाद करें। केन्द्रांश के अभाव में परियोजना बाधित न रखें। नियमानुसार राज्यांश जारी कर कार्य जारी रखा जाए। सभी विभाग शत-प्रतिशत उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें। आवंटन के अनुरूप खर्च में होमगार्ड, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, लोक निर्माण विभाग, दिव्यांग जन सशक्तिकरण, एमएसएमई, नगर विकास, वन, व्यावसायिक शिक्षा को प्रयास तेज करने होंगे। इन विभागों में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं संचालित हो रही हैं, इन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा कराएं। अंत्योदय के लक्ष्य के अनुरूप हर जरूरतमंद को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य संकल्पित है। दिव्यांगजन, निराश्रित महिला और वृद्धावस्था पेंशन और छात्रवृत्ति की धनराशि नियमित अंतराल पर लाभार्थी को प्राप्त हो।

# यूपी बोर्ड: 50 फीसदी कक्ष निरीक्षक होंगे बाहरी

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने अपने कार्यकाल में बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर पूरी तरह से नकेल कस दी है। फरवरी में बोर्ड परीक्षाएं होने जा रही हैं। इनको नकलविहीन कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माध्यमिक शिक्षा परिषद को हर जरूरी कदम उठाने के लिए कहा है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से परीक्षाओं के दौरान कक्ष निरीक्षकों के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इनमें कक्ष निरीक्षकों के चयन से लेकर उनके कामों और उत्तरदायित्वों का पूरा लेखा-जोखा दिया गया है।

इसमें कहा गया है कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 50 प्रतिशत कक्ष निरीक्षक बाहरी रखे जाएंगे। साथ ही, जिस दिन जिस विषय की परीक्षा हो, उस सत्र में उस विषय के अध्यापक की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में नहीं लगाई जाएगी। यही नहीं, पुरुष कक्ष निरीक्षक किसी भी बालिका परीक्षार्थी की तलाशी नहीं लेंगे। साथ ही, छात्रों की तरह कक्ष निरीक्षक भी परीक्षा के दौरान मोबाइल, कैलकुलेटर या ऐसे किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का उपयोग नहीं कर सकेंगे।

**कसी नकेल**

**गर्ल स्टूडेंट की तलाशी नहीं ले सकेंगे पुरुष कक्ष निरीक्षक**

**वरीयता के अनुसार नियुक्त किए जाएंगे कक्ष निरीक्षक**

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि प्रत्येक कक्ष में दो कक्ष निरीक्षक लगाए जाएंगे। यदि एक कक्ष में 40 से ज्यादा छात्र परीक्षा दे रहे होंगे तो वहां तीन कक्ष निरीक्षक भी नियुक्त किए जा सकेंगे। केंद्र की आवश्यक्तानुसार कक्ष निरीक्षक उपलब्ध न होने पर वरीयताक्रम में पहले माध्यमिक विद्यालय के अध्यापकों को नियुक्त किया जाए। अंत में प्राथमिक



विद्यालयों के अध्यापकों को कक्ष निरीक्षक के रूप में नियुक्त किया जाए। जिन परीक्षा केंद्रों पर बालिकाओं की परीक्षा होगी वहां पर महिला कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति अनिवार्य रूप से की जाएगी। किसी भी अध्यापक को उसके निहित स्वार्थ के लिए उनके आवेदन के आधार पर किसी परीक्षा केंद्र विशेष पर नियुक्त नहीं किया जाएगा।

परीक्षा केंद्र पर 50 प्रतिशत कक्ष निरीक्षक बाहरी रखे जाएंगे। इसी तरह ऐसे कक्ष निरीक्षक जिनके परिचित और रिश्तेदार जिस परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दे रहे हैं वो उस केंद्र पर कक्ष निरीक्षण कार्य के लिए पात्र नहीं होंगे। परीक्षा केंद्रों से संबंधित विद्यालय के ऐसे अध्यापकों की सूची संबंधित प्राधानाचार्य या केंद्र व्यवस्थापक द्वारा तैयार कर जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजी जाएगी। यही नहीं, परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए निर्णय लिया गया है कि परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि परीक्षा केंद्रों पर उन विद्यालयों के शिक्षकों को नियुक्त न किया जाए जिन विद्यालयों के छात्र उस केंद्र पर परीक्षा दे रहे हों। इसी तरह एक ही प्रबंध तंत्र के अधीन निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर उसी प्रबंध तंत्र से संचालित विद्यालयों के अध्यापकों को निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी।

## बाटला हाउस मुठभेड़ के दोषी आतंकी की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाटला हाउस एनकाउंटर में पुलिस इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा का कातिल आतंकी शहजाद अहमद की मौत हो गई। आतंकी शहजाद इंडियन मुजाहिदीन का संचालक था। वह पिछले काफी समय से बीमार चल रहा था और उसका ईलाज दिल्ली के एम्स असपताल में चल रहा था। इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या समेत शहजाद अन्य दूसरे अधिकारियों पर हमला करने के मामले में दोषी ठहराया गया था। वह तिहाड़ जेल में बंद था और पिछले कई महीनों बीमार चल रहा था। इससे पहले बाटला हाउस एनकांटर मामले में दिल्ली की साकेत कोर्ट ने आतंकी आरिज खान को दोषी पाया था और उसे फांसी की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने इस मामले को रेसेस्ट आफ द रेयर केस माना है। सितंबर 2008 को हुए एनकाउंटर में आतंकवादियों की तरफ से की गई गोलीबारी में दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा शहीद हो गए थे। इस मामले को लेकर राजनीति भी खूब हुई थी।

# नशे में मांगी ज्यादा शराब तो कर दी हत्या

**ईंट से कूंच दिया**

**सबूत न रहे इसके लिए स्कूटी जलाई और अवशेष को कुंए में फेंका**

**गिरफ्तार मुन्ना पर पहले भी हत्या का दर्ज है मुकदमा, पांच बार जा चुका है जेल**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कपसेठी थाना क्षेत्र में वरूणा नदी पर इसरवार पुल के नीचे रंजीत सिंह की हत्या कर 15 जनवरी को फेंकी गई लाश के मामले का पुलिस ने शनिवार को पर्दाफाश किया। पुलिस ने कपसेठी बनौली गांव निवासी मुन्ना राम और भगवान राम को गिरफ्तार किया है। डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर ने बताया कि हत्या शराब पीने के दौरान मामूली विवाद को लेकर हुई। हत्यारों में शामिल मुन्ना राम पर इसके पहले हत्या समेत आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं और करीब आधा दर्जन बार वह जेल भी जा चुका है जबकि दूसरा आरोपी भगवान का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। हत्यारोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ईंट, जली स्कूटी का अवशेष बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम को 20 हजार का इनाम दिया जायेगा।



घटनास्थल पर पुलिस टीम ने की जांच

पुलिस उपायुक्त गोमती जोन विक्रांत वीर ने बताया कि रंजीत सिंह की हत्या के बाद जांच में सीसीटीवी और सर्विलांस के माध्यम से संदिग्धों की तलाश की गयी। इस दौरान पाया गया कि मृतक के साथ मुन्ना राम और भगवान राम थे। दोनों को हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ की गयी तो पता चला कि 15 जनवरी की शाम रंजीत सिंह से ये दोनों मिले थे। साथ में शराब खरीदी और तीनों ने ब्रह्माबाबा बलुआ इसरवार पुल के नीचे जाम छलकाया। रंजीत सिंह पहले से ही नशे में था। शराब ज्यादा पीने की जिद करने लगा। इस बात को लेकर दोनों से विवाद हुआ और गाली गलौच होने लगी। इस बात को लेकर दोनों ने मिलकर ईंट से कूंचकर रंजीत की हत्या कर दी और उसकी स्कूटी लेकर भाग निकले। सुराग मिटाने के लिए घर के पास स्कूटी में आग लगा दी और स्कूटी के पार्ट्स को पास के कुंए में फेंक दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार यादव, एसआई अरविन्द यादव, गौरव सिंह, चन्द्रभूषण आदि पुलिसकर्मी थे।

## शादी से लौट रहे लोगों को घेरकर पीटा

**वाराणसी।** शादी से लौट रहे बस सवार युवक को दर्जनों लोगों ने बस रोकवा कर मारपीट की और बस में तोड़फोड़ कर दहशत फैला दी। सूचना पर लालपुर पांडेयपुर पुलिस के पहुंचने पर अज्ञात युवक भाग खड़े हुए। तहरीर के अनुसार अचल सिंह, ग्राम नायकडीह, थाना खानपुर गाजीपुर 26 जनवरी की देर रात अपने गाँव की लड़की की शादी में खुशी पैलेस, ओमनगर कालोनी आए थे। कार्यक्रम के बाद शादी अन्य लोगों के साथ बस से वापस जाने के लिए बस से निकले ही थे कि पैलेस से मात्र 100 मीटर की दूरी पर बस के पहुँचते ही वहाँ पहले से ही मौजूद कुछ लोग बस को रोकवाकर नाम पूछने लगे और जब तक मैं कुछ समझ पाता तब तक लगभग दर्जन भर अज्ञात लोग धारदार हथियार, राड आदि से जान से मारने की नियत से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस को आता देख सभी हमलावर फरार हो गए। हमलावारों ने बस में भी तोड़फोड़ की। तहरीर के आधार पर लालपुर पांडेयपुर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा किया है।

## संक्षेप

### आदित्य सिंह का चयन सीके नायडू ट्रॉफी में



**वाराणसी।** आदित्य सिंह का सिलेक्शन बिहार के सीके नायडू ट्रॉफी हुआ है। आदित्य बनारस में उदय प्रताप क्रिकेट एकेडमी में अभ्यास करते हैं। कोच उमेश सिंह यादव ने बताया कि आदित्य सिंह मेहनती खिलाड़ी हैं। आदित्य का सिलेक्शन सीके नायडू अंडर-25 में हुआ है आदित्य सिंह कमलापति त्रिपाठी बॉयज इंटर कॉलेज का भूतपूर्व छात्र है। उनके चयन पर खुशी व्यक्त की।

### विद्यापीठ में लगा पोस्टर, चुनाव अधिकारी लापता



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में छात्रसंघ चुनाव को लेकर छात्रों की मांग और आंदोलन जारी है। शनिवार को छात्रों ने परिसर में चुनाव अधिकारी की तलाश के पोस्टर लगा दिए। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. पीताम्बर दास पर छात्रों ने उनसे न मिलने और चुनाव प्रक्रिया शुरू करने में हीलाहवाली करने का आरोप लगाया है। परिसर में पोस्टरों को देखकर हड़कंप मचा हुआ है। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक भवन के बाहर गांधी प्रतिमा के पास मांगों को लेकर छात्रों को धरना जारी है।

### घर से निकला छात्र लापता

**वाराणसी।** दौलतपुर निवासी नाबालिग छात्र 24 जनवरी को घर से कालेज के लिए निकला और घर वापस नहीं लौटा। खोजबीन कर परिजनों ने शनिवार को लालपुर-पांडेयपुर थाने में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार बलुआ, चंदौली के मूल निवासी अजय कुमार त्रिपाठी बजरंगनगर, दौलतपुर पांडेयपुर में मकान बनवा कर रहते हैं। शनिवार को पिता अजय कुमार त्रिपाठी ने लालपुर पांडेयपुर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनका पुत्र विंध्य प्रताप त्रिपाठी उर्फ.गुलशन 24 जनवरी को लहुराबीर स्थित क्वींस कॉलेज जाने के लिए निकला लेकिन वापस घर नहीं लौटा। कालेज में भी जानकारी लेने पर भी परिजनों को कुछ पता नहीं चल पाया। पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने 363 धारा में नाबालिग के अपहरण का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पांच दारोगाओं समेत अन्य के कार्यक्षेत्र में बदलाव

**वाराणसी।** डीसीपी काशी जोन रामसेवक गौतम ने पुलिस कमिश्नरेट काशी जोन के पांच दरोगाओं और आठ पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में शनिवार को परिवर्तन किया गया है। इनमें जैतपुरा थाने पर तैनात एसआई राधेश्याम सिंह को सिगरा थाने की सोनिया पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया गया। सोनिया चौकी प्रभारी तरुण कुमार कश्यप बड़ागांव पुलिस चौकी प्रभारी बनाये गये। इसी तरह बड़ागांव चौकी प्रभारी पवन कुमार राय अब रामनगर थाने की सूजाबाद चौकी के प्रभारी होंगे। पीआरओ डीसीपी काशी जोन अमित कुमार शुक्ला को पियरी चौकी प्रभारी बनाया गया।

### डीसीपी ने की क्राइम समीक्षा

**वाराणसी।** पुलिस उपायुक्त गोमती जोन विक्रांत वीर ने शनिवार को बाबतपुर कार्यालय में अपराध समीक्षा बैठक की। बैइक में सर्किल पिण्डरा क्षेत्र के सभी थाना (फूलपुर, सिंधोरा और बड़ागांव) के विवेचक मौजूद रहे। डीसीपी ने थाने में लम्बित आईजीआरएस/प्रार्थना पत्र, हत्या, लूट, डकैती, चोरी, नकबजनी व महिला सम्बन्धी अपराधों की जानकारी और निस्तारण के बाबत पूछताछ की। चोरी, लूट, नकबजनी व महिला सम्बन्धी अपराधो (पॉक्सो अधिनियम) को वरीयता के आधार पर निस्तारण करने को कहा। चोरी और नकबजनी जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक के लिए कहा।

# ठेकेदार पर पेनाल्टी सचिव का वेतन रोका

जनसंदेश न्यूज

**मुआयना**

**सीडीओ ने पूरे बरियार गांव के विकास कार्यों का लिया जायजा**

**कार्यों की गुणवत्ता खराब अवर अभियंता पर ऐक्शन पर निर्देश**

**वाराणसी।** सांसद आदर्श ग्राम पूरे बरियार में चल रहे विकास कार्यों का शनिवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल में जायजा लिया। इस दौरान विभिन्न कार्यों की खराब गुणवत्ता और लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये। उन्होंने ठेकेदार पर 5% पेनाल्टी लगाते हुए संबंधित अवर अभियंता के विरुद्ध एक्शन लेने समेत ग्राम पंचायत सचिव का वेतन अगले आदेश तक रोकने को कहा।

सीडीओ ने पूरे बरियार गांव में मुआयने के दौरान सीएसआर फंड से तैयार स्टेडियम अपूर्ण पाया। परिसर में वॉलीबॉल, बैडमिंटन आदि की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। बाहर से रंग-रोगन न किये जाने से किसी को जानकारी नहीं मिल पाती कि यह स्टेडियम है। इसी प्रकार बगैर पुट्टी रंगाई-पुताई कर छोड़ दिये गये बारात घर की फिनिशिंग बेहद खराब है। सोक पिट को सेफ्टी टैंक से सटाकर बनाया गया है। शौचालय बनाया ही नहीं गया है।

इसके अलावा निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र की फिनिशिंग भी अत्यंत खराब दिखी। मुख्य विकास अधिकारियों ने कार्यों में पायी गयी खामियों को दूर कराने के निर्देश देते हुए यात्री स्टैंड तक मार्ग निर्माण कराने और उस सड़क के दोनों ओर पौधरोपण कराने को कहा।

## नाबालिग से हो रही थी शादी, कार्रवाई की डर से दूल्हा भागा

**वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में बारात लेकर पहुंचा दूल्हा अचानक दुल्हन को मंडप में छोड़कर भाग निकला। दरसअल चोलापुर के आयर बाजार क्षेत्र में एक किशोरी 'बालिक वधू बनने जा रही थी। बाल विवाह की सूचना पर पहुंची टीम को देखकर दूल्हा सकपका गया और मंडप से भाग निकला। मौका देख बराती भी चंपत हो गए। बारात राजस्थान से आई थी। पुलिस उनका सुराग लगाने में जुटी हुई है। जिला बाल संरक्षण इकाई की संरक्षण अधिकारी निरूपमा सिंह को बीते दिनों सूचना मिली कि आयर बाजार क्षेत्र में किशोरी की शादी हो रही है। राजस्थान से कुछ बरातियों के साथ दूल्हा वहां पहुंचा है। पुलिस को देखते ही दूल्हा और बराती भाग निकले। पूछताछ में पता चला कि पांचवीं तक पढ़ी किशोरी अभी 15 साल की है। समिति के सदस्य अखिलेश कुमार तथा शील चंद्र किशोर कुजूर ने मामले की सुनवाई की साथ ही किशोरी के घरवालों से बाल विवाह न कराने का शपथ पत्र लिया।

# सैकड़ों युवाओं को विदेश भेजने और ठगी में रपट की गई दर्ज

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सिगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत महमूरगंज के एक कंसलटेंसी कंपनी की ऑफिस खोल कर सैकड़ों युवकों को विदेश भेजने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। कंपनी की ओर से पासपोर्ट समेत अन्य कागजात जमा करा लिए गए थे। अभ्यर्थी जब दफ्तर पहुंचे तो ताला लगा देख माथा चकराया।

खुद को ठगी का शिकार होता देख युवक सिगरा थाने पहुंचे और उक्त कंपनी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस जांच पड़ताल कर उक्त तहरीर के आधार पर रपट दर्ज करेगी। सिगरा थाना प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि वाराणसी समेत पूर्वांचल के कई युवाओं को नौकरी के नाम पर पैसा लिया गया है जैसा की युवाओं का आरोप है। शनिवार को एक दर्जन से ज्यादा युवक यहां आये थे और अपनी बात बतायी। पुलिस उक्त कंपनी की जांच पड़ताल और कुंडली खंगालने में जुट गयी है। आरोप सही पाया जाता है तो रपट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।



सिगरा थाने पहुंचे युवा

# हिन्दी भाषा देश के हर कोने में ग्राह्य :ओमप्रकाश सिंह

**वाराणसी।** प्रो. वासुदेव सिंह स्मृति न्यास एवं महामना मदन मोहन मालवीय हिंदी पत्रकारिता संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के केंद्रीय पुस्तकालय स्थित समिति कक्ष में भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में साहित्य और पत्रकारिता के योगदान विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के पहले सत्र में भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में पत्रकारिता की चुनौतियां विषय पर प्रमुख विद्वानों ने अपने अपने वक्तव्य दिए।



विषय पर विचार रखते वक्ता प्रो.ओम प्रकाश सिंह

प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि आज भी समाज में बहुत सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा देश के हर कोने में ग्राह्य है। डॉ. वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि उस दौर में एक खबर हिन्दी प्रदीप को सरकार के खिलाफ लिखने पर 3000 रुपए का जुर्माना पत्रकारिता विभाग के डॉ. विनोद सिंह ने जेम्स अगस्टस हिक्की की पत्रकारिता से लेकर भारतेंदु जी की पत्रकारिता का जिक्र किया। उन्होंने प्रो. वासुदेव सिंह को याद किया। डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने मीडिया में फेक न्यूज पर लगाम लगाने पर बल दिया। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के डॉ. नवीन चंद लोहानी संगोष्ठी में वर्चुअल जुड़े और स्वाधीनता आंदोलन के समय की पत्रकारिता पर प्रकाश डाला। डॉ. श्रद्धा नंद ने प्रो. वासुदेव सिंह को याद किया और उनके जीवनी पर प्रकाश डाला।

## छेड़खानी करने वाले शोहदे को पुलिस ने पकड़ा

**तरना।** शिवपुर थाना क्षेत्र के काशीराम आवास क्षेत्र में सरस्वती पूजनोत्सव पंडाल में छेड़खानी करने वाले को एंटी रोमियो स्क्वायड के प्रभारी सब इंस्पेक्टर धीरज सिंह ने गिरफ्तार किया। सब इंस्पेक्टर धीरज सिंह ने बताया कि पुराना काशीराम आवास के पास लगे सरस्वती मां के पूजा पंडाल में दर्शन के लिए आयी लड़कियों के साथ एक लड़का छेड़खानी कर रहा है। शिकायत पर धीरज सिंह, कांस्टेबल प्रिंस व महिला कांस्टेबल सोनम कुमारी पहुंची कुछ देर इंतजार के दौरान पाया गया कि वह इस तरह की हरकत कर रहा है। मौके पर पुलिस ने उसे दबोचा और आगे की कार्रवाई में पुलिस ने जेल भेजा।



## यार्ड रीमॉडलिंग के कार्यों में तेजी लाएं: बीके दादाभॉय



**वाराणसी।** रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य (मार्केटिंग एवं बिजनेस डेवलपमेंट) बीके दादाभोय ने शनिवार को वाराणसी जंक्शन (कैन्ट) स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफार्म संख्या 4 और 5 पर यार्ड रिमॉडलिंग के तहत चल रहे निर्माण कार्य देखे। उन्होंने काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। अतिरिक्त सदस्य ने आरक्षण काउंटर, बुकिंग काउंटर, यात्री हाल समेत अन्य जगहों का जायजा लिया। तीसरे फुट ओवरब्रिज की प्रगति जानी। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से सुविधाओं का हाल भी जाना। उनके साथ सीनियर डीसीएम संजीव शर्मा, स्टेशन डायरेक्टर गौरव दीक्षित समेत रेलवे के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### निजी साइट पर विज्ञापन किया, लगी चपत

**वाराणसी।** कैंट थाना के अर्दली बाजार क्षेत्र के ताजपुर, निवासिनी मालिनी सिंह को निजी साइट पर एसी फ्रिज बिक्री का विज्ञापन डालना भारी पड़ गया। खरीदारी के लिए ठग ने 27 जनवरी को फोन कर झांसे में लिया और 96500 रुपए की ठगी कर ली। पीड़िता ने कैंट थाना पुलिस में रपट दर्ज करायी।

### मकान से डेढ़ लाख के आभूषण चोरी

**सारनाथ।** सारनाथ खजुही स्थित कोरिया बौद्ध मंदिर के पीछे शुक्रवार की रात चोरों ने बन्द मकान को निशाना बनाया और करीब 1.50 लाख के आभूषण चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार सागर सिंह जो एक होटल में काम करते हैं। रात में इनकी पुत्री पीहू की तबियत बिगड़ने पर परिजनों के साथ अर्दली बाजार एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए लाए। इस दौरान बन्द मकान में घूसे चोर अलमारी को तोड़ कर उसमें रखे जेवरात पर हाथ साफ किया। भुक्तभोगी सागर ने स्थानीय थाने पर तहरीर दी।

**सूचना**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना इलिया जनपद-चन्दौली में गोवंश/शराब तस्करी/लावारिस में जब्त (दो पहिया व चार पहिया) वाहनों कि नीलामी दिनांक 30.01.2023 समय करीब 10.00 बजे से 15.00 बजे तक होना प्रस्तावित है।

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति समय से थाना इलिया पर उपस्थित होकर खुली नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करें।

थानाध्यक्ष
मिर्जा रिजवान अली बेग
थाना-इलिया, जनपद-चन्दौली

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 3392992 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2688575 व बीए प्रथम वर्ष 2019 द्वितीय वर्ष 2020 तृतीय वर्ष 2021 अनुक्रमांक 19413083371 का अंक पत्र व सह प्रमाण पत्र खो गया है। विपिन कुमार पुत्र राम प्रसाद राम मु. कपूरपुर देहाती, पोस्ट- रौजा, गाजीपुर।

**सूचना**

दिनेश गुप्ता पुत्र रामनाथ तेली, ग्राम+पोस्ट-देवकली, बलिया द्वारा मौजा देवकली, बलिया स्थित आराजी सं0-246, रकबा 2108 वर्ग फुट का चन्द्रशेखर पाण्डेय पुत्र रघुनाथ पाण्डेय निवासी इन्द्रौली मलकौली, पो0-चांडी, बलिया के पक्ष में दिनांक 15.04.2002 को पंजीकृत मूल विक्रय दस्तावेज 05.01.2023 को गुम हो गया है।

यदि किसी को आपत्ति हो तो प्रकाशन के 07 दिन के अन्दर सूचित करें।

बेदप्रकाश सिंह
अधिवक्ता
बसंतपुर, बलिया
मो0-8739004400

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्रभुनारायण सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय कासिमाबाद गाजीपुर में बी.एड. विभागाध्यक्ष व 6 प्रवक्ताओं की। योग्यता यू.जी.सी. अधिनियम 31 दिसम्बर 2010/विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर अपना आवेदन 2 प्रतियों में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्वयं उपस्थित होकर प्रेषित करें।
**प्रबंधक 8960411131**

## बिजली बिल के नाम पर लगा 25 हजार का चूना

**तरना।** शिवपुर थानाक्षेत्र के भोजूबीर निवासी व्यक्ति से साइबर ठग ने बिजली का बिल जमा करने के नाम पर 25 हजार रुपया बैंक एकाउंट से उड़ा लिया। पीड़ित ने घटना की जानकारी शिवपुर पुलिस को दिया।शिवपुर थानाक्षेत्र के भोजूबीर निवासी पीड़ित रणबीर सिंह के अनुसार उनके मोबाईल पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर क्विक सपोर्ट एसएम एस फारवर्ड एप डाउनलोड करा कर पच्चीस हजार रुपया उसके एकाउन्ट से ट्रांसफर करा लिया। पीड़ित ने घटना की जानकारी शिवपुर पुलिस को दिया।

## चौकी प्रभारी पर पैसे लेने का आरोप

**वाराणसी।** रामनगर नगर थाना क्षेत्र के जनकपुरी कालोनी में रहने वाले डॉ. अवधेश दिक्षित ने एडिशनल सीपी सन्तोष कुमार सिंह को पत्र देकर नगवा चौकी प्रभारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कार्रवाई करने के एवज में दस हजार रुपये चौकी प्रभारी घुस मांग रहे है। संतोष कुमार सिंह ने मामले की जांच एसीपी भेलूपुर को सौंपी।

# समाधान दिवस पर सुनी फरियाद

जनसंदेश न्यूज

**रोहनिया।** समाधान दिवस पर राजातालाब थाने पर एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह,डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर व नायब तहसीलदार रतन बरनवाल ने सुनी फरियाद। थाने पर पांच फरियादियों ने गुहार लगाई सभी मामले भूमि से संबंधित थे जिनमे दो का मौके पर पहुंचकर निस्तारण किया गया। एक मामले में दूसरे के जमीन पर दूसरे का कब्जा कर भवन निर्माण कराया जा रहा था जिसे रोका गया वही एक मामले में फरियादी ने तीन बार राजातालाब थाने पर तीन बार तहसील पर एक बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर एक बार उप मुख्यमंत्री जनता दरबार में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसको अगले दिन निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। वहीं एक महिला बिना प्रार्थना पत्र के थाने पर फरियाद लेकर पहुंचे कि उसके ससुर ने शराब के नशे में 5 बिस्वा जमीन बेच दिया जिसमें तीन बिस्वा का पैसा मिला जबकि दो बिस्वा पर कब्जा किया जा रहा है। अधिकारियों ने जांच कर निस्तारण का निर्देश दिया।



लोगों की फरियाद सुनती पुलिस

**कार्यालय जिला पंचायत, सोनभद्र**

**26 जनवरी 2023 गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामना**

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिला पंचायत सोनभद्र, जनपद के नागरिकों को हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करती है, तथा देश की आजादी में बलिदान हुए शहीदों को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

जिला पंचायत ग्रामीण क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले व्यवसाईयों से अपील करती है कि अपना कर एवं लाइसेंस व अन्य मद्दों की बकाया धनराशि जिलानिधि में समय से जमा करें व भवन नक्शा की स्वीकृति लें, ताकि जिला पंचायत जनपद के विकास में सदैव अग्रणी रहे।

(पी0 के0 सिंह) अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सोनभद्र | (सौरभ गंगवार) मुख्य विकास अधिकारी/ मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सोनभद्र | (समस्त सदस्यगण) जिला पंचायत सोनभद्र | (राधिका पटेल) अध्यक्ष जिला पंचायत सोनभद्र

**नगर पंचायत गौराबादशाहपुर, जौनपुर**

पत्रांक 175/न0पं0 गौराबादशाहपुर/2022-23 दिनांक : 27.01.2023

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग निधि अन्तर्गत नगर पंचायत गौराबादशाहपुर, जौनपुर में निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बन्द निविदायें निर्धारित प्रपत्र दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन के दिनांक से दिनांक 03.02.2023 अपरान्ह 1.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 02.02.2023 को कार्यालय समय में क्रय की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 03.02.2023 को सायंकाल 4.00 बजे अपर जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व/प्र0स्था0निकाय) जौनपुर के समक्ष खोली व पढ़ी जायेगी। निविदा बिक्री एवं डालने का कार्य नगर पंचायत गौराबादशाहपुर कार्यालय में किया जायेगा। कार्य के समक्ष अंकित धरोहर राशि के रुप में राष्ट्रीय बचत पत्र/किसान विकास पत्र/एफ0डी0 आर0/ नकद जमा रसीद भी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बंधक होगा। सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताये किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। निविदा सूचना जारी होने के एक सप्ताह के अन्दर उ0 प्र0 शासन द्वारा निर्धारित स्टैम्प तथा निर्धारित जमानत धनराशि जमा कर अनुबंध की औपचारिकतायें निविदादाता द्वारा पूर्ण की जायेंगी, अन्यथा बिना किसी सूचना के जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित | जमानत धनराशि जी0एस0टी0 सहित | निविदा मूल्य जी0एस0टी0 सहित | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | वार्ड नं0 12 सिलहा टण्डिया (ग्राम चौरसण्ड) में निर्मित गौशाला की फेंसिंग बाउन्ड्री निर्माण कार्य। | 9,59,915.00 | 31350.00 | 960.00 | एक माह |

(डॉ0 अनुपम सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत गौराबादशाहपुर, जौनपुर

(नेहा मिश्रा)
प्रशासक/उपजिलाधिकारी
नगर पंचायत गौराबादशाहपुर, जौनपुर



# वाराणसी



# संविदाकर्मी के मौत पर निलंबित अवर अभियंता किया गया बहाल

**लिखित समझौता**

**जूनियर इंजीनियर संगठन व प्रबंधन के बीच कई मुद्दों पर बनी सहमति**

**कार्यदायी संस्था को मानक के अनुरूप सुरक्षा उपकरण देने के निर्देश**

**वाराणसी।** सारनाथ क्षेत्र में लाइन मरम्मत के दौरान करंट की चपेट में आने से संविदाकर्मी की मौत पर निलंबित अवर अभियंता कुंदन सिंह को बहाल कर दिया गया। बहाली का निर्णय चंद्रिका नगर-सिगरा स्थित नगरीय विद्युत वितरण मंडल द्वितीय अधीक्षण अभियंता कार्यालय में डिस्कॉम प्रबंधन व जूनियर इंजीनियर संगठन के बीच हुई बैठक में लिया गया। बैठक में कई अन्य मुद्दों पर दोनों पक्षों में सहमति बनी।

बैठक में कई बिंदुओं पर बनी सहमति के तहत अवर अभियंता कुंदन सिंह को जांच प्रचलित रखते हुए पुर्नबहाल किया जाता है और 15 दिन में जांच प्रक्रिया पूरी कर प्रकरण का निस्तारण कर दिया जाएगा। जांच के पश्चात ही एसडीओ के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। समस्त उपकेंद्रों पर शटडाउन दिये जाने की प्रक्रिया में वार्ता में चर्चा कर सुधार किया जाएगा। बैठक में संगठन के अवगत कराया कि उपकेंद्रों पर कार्यदायी संस्था मेसर्स प्राइम वन वर्कफोर्स को मानक के अनुरूप सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। इस पर समस्त अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया गया कि संबंधित फर्म से प्रत्येक गैंग के लिए सुरक्षा उपकरण तीन दिन में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। यदि संबंधित फर्म ऐसा नहीं करती है तो उसके बिल से फर्म का लाभांश काटकर भुगतान किया जाए और मानक के अनुरूप सुरक्षा उपकरण विभाग की तरफ से उपकेंद्रों पर उपलब्ध कराया जाए। बैठक में तय हुआ कि समस्त अधिशासी अभियंता एवं उपखंड अधिकारी अपने प्रत्येक उपकेंद्रों का निरीक्षण सप्ताह में दो बार अवश्य करेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि लाइन मरम्मत कार्य कर रही गैंग सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग कर रही है। आदेश की अवहेलना करने पर निविदा कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में प्रबंधन की तरफ से अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार वर्मा, कार्यकारी अधिकारी रमाशंकर पाल, कार्यकारी सहायक अभिषेक सिंह और संगठन की ओर से केंद्रीय लेखा निरीक्षक राजेश कुमार यादव, क्षेत्रीय अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, क्षेत्रीय व जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक मौर्या, जिलाध्यक्ष संजय भारती व जिला सचिव प्रमोद कुमार उपस्थित थे।

## मार्च में आएंगे पीएम मोदी!

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी मार्च माह के अंतिम सप्ताह में अपने



संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आ सकते हैं। प्रशासनिक महकमे में उनके आगमन को लेकर सुगबुगाहट चल रही है। इस चर्चा को मानें तो पीएम मोदी अपने आगामी वाराणसी दौरे पर पूर्ण हो चुकी कई परियोजनाओं का उद्घाटन और कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास करेंगे। वह काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए भी जा सकते हैं। वहीं, एक चर्चा यह भी है कि जनपद के सांसद 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए वाराणसी में जनसभा भी कर सकते हैं। हालांकि उनके संभावित दौरे या आगमन को लेकर फिलहाल पुष्ट रूप से कोई बोलने के लिए तैयार नहीं है।

# दोषियों को बचाने के लिए नियम ताक पर

**जनसंदेश न्यूज**

**समझौते को लेकर लगाया आरोप**

**विद्युत मजदूर व विद्युत संविदा संगठन की बैठक में उठा मुद्दा**

**सुरक्षा के सवाल पर संविदाकर्मियों को ही दोषी ठहराना जायज नहीं**

**वाराणसी।** विद्युत मजदूर संगठन एवं विद्युत संविदा मजदूर संगठन जिला इकाई के बैनर तले भिखारीपुर स्थित संगठन कार्यालय पर शनिवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि दोषियों को बचाने के लिए नियमों को दरकिनार कर डिस्कॉम प्रबंधन व जूनियर इंजीनियर संगठन ने समझौता कर लिया है।

पूर्वांचल अध्यक्ष इंद्रेश राय ने बताया कि नगरीय विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय के अधीक्षण अभियन्ता ने अपने कार्यालय पत्र संख्या-335 (27 जनवरी 2023) के माध्यम से दुर्घटना में मृत संविदा कर्मचारियों के लिए नियम विरुद्ध आदेश जारी कर दिया, जो कर्मचारियों के शोषण और उत्पीड़न को दिखाता है। विद्युत दुर्घटना के दोषी अधिकारियों को बचाने के लिए संविदा कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाने वाला आदेश जारी कर दिया गया है।

जोनल अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में दिन-रात मेहनत से कार्य कर निर्बाध विद्युत व्यवस्था को संचालित करने वाले संविदा कर्मचारियों को ही विद्युत दुर्घटना का दोषी बता दिया गया। सभी उपकेन्द्र पर कोई भी सुरक्षा उपकरण जैसे रस्सा, हेलमेट, अर्थ वायर, ग्लब्स, सेफ्टी बेल्ट आदि उपलब्ध नहीं है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी फर्म और उपकेंद्र के जेई की होती है। फिर भी उपकेन्द्र परिचारक और संविदा कर्मचारियों को ही अधीक्षण अभियन्ता ने जिम्मेदार ठहरा दिया।

पूर्वांचल महामंत्री वेद प्रकाश राय ने कहा कि यदि दोषी अधिकारियों को बचाने, निर्दोष संविदा कर्मचारियों और उपकेंद्र के एसएसओ के विरुद्ध कोई भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई तो संगठन अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय समेत पूर्वांचल के सभी जिलों में आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी अधीक्षण अभियन्ता और प्रबंधन की होगी। बैठक में राहुल कुमार, संजय सिंह, सन्दीप कुमार, विजय नारायण हिटलर, प्रशान्त सिंह, राजकुमार यादव, उदयभान दूबे, सन्तोष सिंह, रंजीत पटेल, राजू आंबेडकर, प्रमोद गोंड, घनश्याम, धनन्जय सिंह, जेपीएन सिंह, अवधेश पाल, विकास पाल आदि थे।

## वीआईपी को दर्शन कराने बाबा के गर्भगृह में नहीं जाएगी पुलिस

**वाराणसी।** श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की सुरक्षा के लिए अब पुलिस कुछ दूर स्थित पिनाक भवन से सीसीटीवी की मॉनिटरिंग कर सकेगी। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की सुरक्षा के लिए अब पुलिस कुछ दूर स्थित पिनाक भवन से वीआईपी की मॉनिटरिंग कर सकेगी। इस महाशिवरात्रि से श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और दर्शन-पूजन को लेकर आमूलचूल बदलाव देखने को मिलेगा। बाबा श्रीकाशी विश्वनाथ के गर्भगृह में दर्शन-पूजन कराने पुलिस को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। फरवरी के पहले सप्ताह से काशी में यह नई व्यवस्था लागू होने जा रही है। मंदिर प्रशासन दर्शन-पूजन का सारा इंतजाम अपने ऊपर ले रहा है। केवल मंदिर प्रबंधन के कर्मचारियों को ही ज्योर्तिलिंग के दर्शन कराने की अनुमति मिलेगी। मंदिर सुरक्षा के लिए गठित हाई पावर कमेटी फरवरी के शुरूआती सप्ताह में इस फैसले पर मुहर लगा सकती है।

# स्वामी प्रसाद पर भड़के स्वामी जितेंद्रानंद

**नाराजगी**

**बोले-कोढ़िया डेरवाये देहियां पर थूक देब वाली हालत है उनकी**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** सूबे के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के रामचरितमानस को लेकर दिए गए बयान पर तंज कसते हुए स्वामी जितेंद्रानंद ने कहा कि ऐसे लोगों का कोई चरित्र नहीं होता।

अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव दण्डी स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने शनिवार की सुबह साढ़े आठ बजे ज्ञानवापी परिसर में स्थित मां श्रृंगार गौरी का पारंपरिक पूजन किया। स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने ज्ञानवापी के वजूखाने की ओर मुख किए नंदी जी को भी जल चढ़ाया और पूजा की।



15 मिनट की पूजा पाठ में मां श्रृंगार गौरी को सिंदूर-चंदन लगाया गया। सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में भारी फोर्स तैनात की गई। मां श्रृंगार गौरी का यह पारंपरिक पूजन हर साल माघ मास की सप्तमी को किया जाता है। पूजा पाठ के बाद जितेंद्रानंद सरस्वती ने श्रीराम कथा की शुरू की लेकिन उससे पहले मीडिया से बातचीत करते हुए श्रीरामचरित मानस पर विवादित बयान देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य पर जमकर बरसे।

कहा कि काशी विश्वनाथ को श्रीरामचरित मानस की कथा सुनाई जाती है। कथा के प्रारंभ में मां श्रृंगार गौरी का पूजन होता है। स्वामी प्रसाद मौर्य पर कहा, कभी स्वामी प्रसाद मौर्य सीएम योगी आदित्यनाथ के चरणों से जूठे पत्तल उठाते थे। फिर उसी जूठे पत्तल के लिए अखिलेश यादव के पास गए। उससे पहले मायावती के जूठे पत्तल उठाते थे। ऐसे लोगों का कोई ईमान-धर्म नहीं हुआ करता है बस बयानबाजी करते रहते हैं। एक बनारसी कहावत है 'कोढ़िया डेरवाए देहियां पर थूक देब...मतलब, ऐसे डराने और थूकने वालों से फर्क नहीं पड़ता। जो खुद का विधानसभा चुनाव नहीं जीत सकता, उसे हम नेता कैसे मानें।

### नम पछुआ हवाओं ने फिर बढ़ाई ठंड

**वाराणसी।** पिछले तीन-चार दिन से तीखी धूप के बाद शनिवार को सुबह मौसम एक बार फिर बदल गया। नम पछुआ हवाओं के चलने से ठंड एक बार फिर बढ़ गई। हालांकि धूप तो खिली, लेकिन हवा में नमी अधिक होने से उसका असर भी कम ही महसूस हुआ। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो हिमाचल, जम्मू सहित अन्य जगहों पर पहाड़ों पर बर्फबारी होने की वजह से ही मौसम में बदलाव हुआ है। रविवार तक ऐसे ही मौसम बने रहने के आसार हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आसपास तो न्यूनतम तापमान छह डिग्री से नीचे आ चुका है।


सिटी मान्टेसरी स्कूल
घोषवल भदौरा गाजीपुर



जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जावेद अहमद खां
प्रबंधक

मेराज खां
प्रिंसिपल



विनय प्रकाश
वाइस प्रिंसिपल


## जयकारे के बीच सरस्वती की प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**वाराणसी।** जयकारे के बीच मां सरस्वती की प्रतिमाओं का सरोवरों, कुंडों व पोखरों में विसर्जन किया गया। अपराह्न में मां सरस्वती की प्रतिमाओं को वाहनों पर रख कर विसर्जन के लिए ले जाया गया। गाजे-बाजे के साथ युवक अबीर गुलाल व डांस करते हुए चल रहे थे। मैदागिन कंपनी बाग व अन्य जगहों पर विसर्जन किया गया। बलुआवीर स्पोर्टिंग क्लब की ओर से शनिवार को मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में संदीप सिंह, युवराज सिंह, राजेश सिंह गोपाल यादव, मुकेश साहू, प्रवीण सिंह, गोलू यादव, राहुल कुशवाहा, अरविंद, निखिल कुमार, किशन यादव, सचिन



यादव, अतुल साहु, ज्योत लाल, सत्यम प्रजापति, आरुष कुमार, करन विश्वकर्मा, धर्मराज विश्वकर्मा, सूरज श्रीवास्तव, दीपक अग्रहरी, राहुल शर्मा, दिलीप प्रजापति आदि शामिल थे। विसर्जन मैदागिन कंपनी बाग कुंड में हुआ।

# जयशंकर प्रसाद की जयंती पर साहित्योत्सव का आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** महाकवि जयशंकर प्रसाद की 134वीं जयंती पर 30 जनवरी से दो फरवरी तक चार दिवसीय साहित्योत्सव का आयोजन काशी में होगा। इस दौरान नाट्योत्सव, चित्रकला कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन होगा। संगोष्ठी एवं नाट्य मंचन विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ के सभागार में होगा। कार्यशाला, चित्र एवं दुर्लभ फोटो प्रदर्शनी गोवर्धन सराय, चेतगंज स्थित प्रसादजी के पैतृक आवास परिसर प्रसाद मंदिर में लगाई जाएगी।

यह जानकारी जयशंकर प्रसाद की प्रपौत्रि कविता कुमारी ने शनिवार को प्रसाद मंदिर में पत्रकारों से बातचीत में दी। कहा कि एक दशक से बड़े स्तर पर प्रसाद जयंती मनाई जा रहा है लेकिन काशी में राष्ट्रीय आयोजन असे बाद होगा। उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ और महाकवि जयशंकर प्रसाद फाउंडेशन, दिल्ली के विशेष सहयोग से होने वाली संगोष्ठी में प्रसाद साहित्य पर विमर्श को देशभर से विद्वान जुटेंगे।

आयोजक मंडल के सदस्य अवधेश कुमार गुप्ता, प्रो अनुराग कुमार या शुभ्रा वर्मा एवं प्रो. अरुण जैन ने बताया कि इस आयोजन से प्रसादजी के समग्र साहित्यक स्वरूप को सामने रखने का प्रयास किया गया है।



प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते आयोजक


जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मॉर्टिंस चिल्ड्रेन एकेडमी
भांवरकोल, गाजीपुर

शिक्षार्थ आइये - सेवार्थ जाइये




विनय राय
प्रधानाचार्य
मॉर्टिंस चिल्ड्रेन एकेडमी
भांवरकोल, गाजीपुर


अवधेश पाण्डेय
प्रबंधक
मॉर्टिंस चिल्ड्रेन एकेडमी
भांवरकोल, गाजीपुर

रिटेल डायरेक्टरी

Shiv Rudraksha Resort
Subah Banaras Lounge
ROOF TOP RESTURANT
BIRTHDAY PARTY
Badhai Ha... (Banquet Hall)
KITTY PARTY
Room Conference Hall
Add. : N-1/66F-3-4-A-1, Nagwa, Samne Ghat, Lanka, Varanasi
Ph. : +91 542-2803645, Mob. : +91-3881800200

जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्टरी

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
लेप्रोस्कोपिक, मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर



अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
डॉ. विनोद कुमार
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160

सृजन काशी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा. लि.
डॉ. अमित कुमार सिंह
जनरल फिजिशियन
डॉ. प्रतिमा सिंह
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
समस्त प्रकार के कैंसर का इलाज ICU, BIPAP, NICU, CPAP PICU
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • बाल रोग विभाग • स्त्री रोग विभाग
• बांझपन विभाग • आर्थोसर्जरी विभाग • यूरोलॉजी विभाग • हृदय रोग विभाग
आपातकालीन और एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
मो0 नं0-9936440494
9622125887

जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सीताराम
खण्ड शिक्षा अधिकारी
भदौरा गाजीपुर



अशोक सिंह
प्रधानाध्यापक
कम्पोजिट विद्यालय
भदौरा गाजीपुर



नागेश्वर राम
प्रधानाध्यापक
प्राइमरी पाठशाला
करहियां दक्षिण
ब्लाक भदौरा गाजीपुर

जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रभु नारायण सिंह महाविद्यालय
कासिमाबाद-गाजीपुर



डॉ. योगेश सिंह यादव
प्रधानाचार्य

बृजभान सिंह बघेल
प्रबंधक

पी.एस. पब्लिक स्कूल
जामापुर कासिमाबाद गाजीपुर

प्रबंधक
बृजभान सिंह बघेल

प्रधानाचार्य
श्रीकांत सिंह

# बनारसी साड़ियों पर फिदा हुए विदेशी मेहमान

## सात देशों का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा प्रधानमंत्री मोदी के गोद लिए गांव पूरे बरियार

**यादगार मौका**

**भारतीय लोकतंत्र की बुनियादी इकाई देख चमत्कृत, जतायी खुशी**

**ग्राम पंचायतों व ग्राम सचिवालय की कार्यप्रणाली की ली जानकारी**

**सुरोजीत चैटर्जी**



सेवापुरी ब्लॉक के सांसद आदर्श गांव पूरे बरियार में पहुंचे विदेशी प्रतिनिधि मंडल के सदस्य भारतीय ग्रामीण परिवेश देखकर बेहद खुश हुए

**वाराणसी।** जनपद के भ्रमण पर आये सात देशों के दो दर्जन से अधिक मेहमान शनिवार को भारतीय लोकतंत्र की बुनियादी इकाई देखकर चमत्कृत हुए। देश के पहले मॉडल विकास खंड सेवापुरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोद लिए गांव पूरे बरियार पहुंचकर वह ग्रामीण परिवेश, वहां का रहन-सहन, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से लगातार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं महिलाओं की मेहनत, जैविक खेती की ओर उन्मुख किसान, ग्राम सचिवालय की कार्य प्रणाली, गांव का पेयजल प्रबंधन, कुल्हड़ वगैरह देखकर उन्हें सहज की समझ में आ गया कि भारत न सिर्फ शहरी स्तर पर बल्कि ग्रामीण स्तर पर भी किस प्रकार और किन कारणों से तेजी से तरक्की की राह पर है।

इस विदेशी प्रतिनिधि मंडल में कुल 29 सदस्य थे। उनमें अर्जेंटीना के सर्वाधिक आठ, बोत्सवाना और लिथुआनिया के तीन-तीन, हंगरी और इंडोनेशिया के पांच-पांच, कनाडा के एक और जापान के चार सदस्य रहे। इस गांव में पहुंचने के बाद वहां का माहौल देखकर उनकी प्रसन्नता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उनके स्वागत में की गयी पुष्प वर्षा के साथ पहनायी गयी फूलों की माला वह आपस में एक-दूसरे को भी पहना रहे थे। ग्रामीणों के साथ सेल्फी लेने की मानो होड़-सी लगी थी। ग्रामीण भी अपने मोबाइल फोन से उनके संग सेल्फी लेने में व्यस्त रहे। सीमित समय के भीतर गांव के परिवेश और रहन-सहन आदि को अधिक से अधिक जानने के लिए वह अत्यधिक उत्सुक भी दिखे।

गांव में इन मेहमानों के लिए जहां प्रबंध किया गया था उस परिसर के बाहर स्वयं सहायता समूह की ओर से लगाए गये स्टॉल स्वरोजगारी महिलाओं द्वारा तैयार बनारसी साड़ी पर वह इतने फिदा हुए कि प्रतिनिधि मंडल का लगभग हरएक सदस्य अपनी यात्रा को यादगार बनाने के लिए कम से कम एक साड़ी लेने के लिए बैचेन हो उठा। वास्तविकता यह थी कि उस स्टॉल पर बनारसी साड़ी सिर्फ डिस्प्ले के लिए रखी गयी थी और विदेशी मेहमान उन साड़ियों को अपने साथ ले जाना चाहते थे। खास यह भी कि वह सिर्फ स्वरोजगारी महिलाओं द्वारा तैयार साड़ियां ही लेने के लिए लालायित थे।

मौके पर डिस्प्ले की की साड़ियां कम पड़ गयीं तो सीडीओ हिमांशु नागपाल ने उनकी भावनाओं को समझते हुए उपायुक्त एनआरएलएम दिलीप कुमार सोनकर के जरिये एसएचजी द्वारा तैयार लगभग 50 बनारसी साड़ियों का अलग से इंतजाम कराया। मेहमानों ने बारात घर, ग्राम सचिवालय, गांव की पेयजल व्यवस्था, ग्रामीणों के रहन-सहन के बारे में जानकारी ली। साथ ही प्रांगण में कृषि विभाग की ओर से गये गये जैविक खेती से जुड़े उत्पादों को भी सराहा। उनकी खुशी का आलम यह रहा कि ग्रमीणों, अधिकारियों और ब्लॉक स्टाफ के साथ ग्रुप फोटो कराने के लिए वह जमीन पर बिछी दरी पर बैठ गए। उन्होंने ग्राम प्रधान अमरावती मौर्या से कई बिंदुओं पर जानकारी ली। विदेशियों की भाषा ग्रामीणों के लिए समस्या इसलिए भी नहीं बनी क्योंकि मौके पर मुख्य विकास अधिकारी श्री नागपाल और मेहमानों के साथ शामिल अनुवादकों ने उनकी राह आसान कर दी।

### आम पर्यटक नहीं हैं विदेशी प्रतिनिधि मंडल



सेवापुरी के सांसद आदर्श गांव पूरे बरियार के भ्रमण पर शनिवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल के नेतृत्व में पहुंचे विदेशी प्रतिनिधि मंडल में शामिल सदस्य अपने-अपने देश के आम नागरिक नहीं बल्कि विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञ, मंत्री, संसद सदस्य, निदेशक, पूर्व मंत्री आदि थे। उनमें से कोई निवेश और उद्योग क्षेत्र का जानकार तो कोई युवा और खेल मंत्री, कोई अपने देश में विपक्ष का नेता, कोई उपसभापति, कोई बिजनेस स्कूल में लेक्चरर, कोई चीन के मामलों का वित्त मंत्री, भारत के साथ अंतरसंसदीय संबंधों से जुड़े समूह का सदस्य। प्रतिनिधि मंडल में अर्जेंटिना के फ्रांसिस्को ताइआना, मारिया एर्गेरिच, बोत्सवाना की बोगोलो जे. कीनवेंडो, तुमिसो एम.रैकगॅरे, हंगरी के डेविड बेडो, अरोन डेविड वास्को, लिथुआनिया के आंद्रिअस विस्नीआउस्कस, कनाडा के एमिल शेफ्फेल, इंडोनेशिया की महारानी सापुत्री एस., अंर्जेटिना की मारिया एर्गेरिच, जापान की रिशिना शिमामुरा और इचिकावा कोडाई आदि रहे।

### पूरी दुनिया में जाएगा काशी के ग्रामीण परिवेश का संदेश



शासन ने सितंबर 2020 में एक योजना 'अर्थ गंगा कॉन्सेप्ट' का खाका तैयार किया था। जिसमें बनारस आने वाले विदेशी पर्यटकों को गांवों की सैर कराने की तैयारी थी। उसके अंतर्गत कैथी के अलावा प्रधानमंत्री के गोद लिए गांव जयापुर का भ्रमण कराने की रूपरेखा बनायी गयी थी। विदेशी टूरिस्ट को नाव से कैथी ले जाकर मार्कंडेय महादेव मंदिर, गंगा डॉल्फिन आदि दिखाने के अलावा सांसद आदर्श गांव का दिखाने की सोच विकसित की गयी। वह कार्ययोजना अब भी परवान चढ़ने के इंतजार में है। लेकिन शनिवार को विदेशी प्रतिनिधि मंडल को पूरे बरियार का भ्रमण कराने के दौरान उनकी प्रतिक्रिया से स्पष्ट हो गया कि वह भारतीय ग्रामीण परिवेश के बारे में अधिक से अधिक जानकारी हासिल करने के लिए कितने उत्सुक थे। वह ग्राम पंचायतों की कार्य प्रणाली, आंगनबाड़ी, गोद भराई, अन्नप्राशन, रोजगार के अवसर तथा बारात घर आदि समेत कई बिंदुओं पर जानकारी ली। उम्मीद जतायी जा रही है कि शासन की इस पहल का प्रचार-प्रसार न सिर्फ इन विदेशी मेहमानों के देशों तक सीमित रहेगा बल्कि पूरी पूरी दुनिया में भारतीय गांव विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र के गांवों के बारे में पूरी दुनिया तक संदेश जाएगा।

# धोती कुर्ता में क्रिकेट संस्कृत में कमेंट्री



**वाराणसी।** सिगरा स्टेडियम में शनिवार को धोती-कुर्ता धारण किए वेद पाठियों ने क्रिकेट खेला। खेल के हर शॉट पर नॉन-स्टॉप संस्कृत में कमेंट्री। ऑडियंस भी हर-हर महादेव और जय श्रीराम का जयघोष कर रही थी। पिछले साल पीएम मोदी ने मन की बात में काशी के संस्कृत क्रिकेट मैच का भी जिक्र किया था। इस कड़ी में आयोजक पवन शुक्ल ने कहा कि यह भारत का पहला ऐसा स्टेडियम है जहां पर संस्कृत भाषा और वेद पाठियों का मैच हो रहा है। यहां पर शास्त्रार्थ महाविद्यालय द्वारा संस्थान के वार्षिकोत्सव पर होने वाला यह संस्कृत का सबसे अनोखा मैच है। चार टीमें इस टूनार्मेंट में हिस्सा ली हैं। शास्त्रार्थ महाविद्यालय, इंटरनेशनल चंद्रमौली ट्रस्ट, चेल्लाशास्त्री वेद-वेदांग महाविद्यालय और सतुआ बाबा संस्कृत विद्यालय के छात्र इसमें शामिल हैं।

**मैच**

**स्पर्धा में चार टीमें ले रहीं हैं हिस्सा**

## बीएचयू में पांच दिनी राष्ट्रीय कार्यशाला 31 से

**वाराणसी।** शारीरिक शिक्षा विभाग, कला संकाय-बीएचयू के बैनर तले 'अनुसंधान लेखन और अकादमिक इन्टेग्रटी' (आरडब्ल्यूएआई-2023) विषयक पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 31 जनवरी से चार फरवरी तक विभाग के द्रोणाचार्य करण सिंह हॉल में आयोजित किया गया है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शोधकर्ताओं को लेखन के क्षेत्र में नवीनतम विकास व प्रगति से लैस करना और गुणवत्तापूर्ण शोध प्रकाशित करना है। इस कार्यशाला के लिए देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 300 प्रतिनिधियों ने पंजीकरण कराया है। गुणवत्ता आश्वासन के लिए केवल 60 प्रतिभागियों को कार्यशाला के लिए पंजीकृत किया गया है।



# जयप्रकाश महाविद्यालय में फहराया गया झंडा



**जनसंदेश न्यूज**

**चौबेपुर।** क्षेत्र के उमरहां स्थित जयप्रकाश महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा एक साथ मनायी गई। महाविद्यालय के प्रबंधक डा. शिवप्रकाश सिंह ने सर्वप्रथम ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी। तत्पश्चात सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

कहा कि यह बहुत ही अच्छा संयोग है। आज के दिन उन आजादी के वीर सपूतों व मां सरस्वती को याद करना सभी के लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में अध्यक्ष मनीष बक्शी, अनिल कुमार, लल्लू यादव, डा. राजमन प्रसाद, डा. राजकुमारी वर्मा, डा.गंभीर सिंह, बाबूलाल यादव, राजेश यादव, सतीश पटेल, रविन्द्र नाथ, विनोद कुमार, अशोक, रीना देवी, शीलू त्रिपाठी किरन आदि मौजूद थे।

## सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव का आगमन कल

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता, विधायक शिवपाल सिंह यादव एक दिवसीय निजी दौरे पर 30 जनवरी को यहां आ रहे हैं। वह दिल्ली से वायुयान से अपराह्न करीब चार बजे बाबतपुर एयरपोर्ट आयेंगे। जहां से वे सीधे सर्किट हाउस जायेंगे। जहां वे पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। तत्पश्चात वे सारनाथ में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने चले जायेंगे। वापस आकर रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे।

## डायट में तीन दिनी खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

**सारनाथ।** डायट में चले तीन दिनी खेल प्रतियोगिता शनिवार को सम्पन्न हो गया। प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, क्रिकेट, वॉलीबॉल, दौड़, लंबी कूद आदि आयोजित हुई। जिसमें सभी प्रशिक्षु शिक्षकों ने अपनी रूचि के अनुसार प्रतिभाग किया। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य उमेश शुक्ला ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इसलिए शिक्षकों को शारीरिक विकास को स्वयं सीख कर अपने विद्यार्थियों में भी यही गुण देना चाहिए।

# ब्रेथ ईजी टीम ने किया ध्वजारोहण



**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** ब्रेथ ईजी अस्पताल अस्सी व रामनगर की ओर से 26 जनवरी को 74वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम वरिष्ठ टीबी, चेस्ट, एलर्जी रोग विशेषज्ञ डा. एसके पाठक के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। उन्होंने भारतीय तिरंगे को सलामी दी। ध्वजारोहण के पश्चात उन्होंने भारत के वीर सपूतों की गाथा सुनायी। कहा कि स्वस्थ्य भारत के निर्माण के लिए समाज का स्वस्थ होना अति आवश्यक है। इस मौके पर सुनील उपाध्याय, अभिषेक केशरी, अश्विनी पाठक, रतन आदि लोग शामिल थे।

# संस्थाएं और कारोबारी शहर को बनाएं सुंदर



**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** जनपद में प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन के लिए चल रही तैयारियों के क्रम में शनिवार को डीएम एस. राजलिंगम ने वीडीए कार्यालय सभागार में बैठक की। इस मौके पर कारोबारियों समेत विभिन्न संस्था-संगठनों के प्रतिनिधि भी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को स्थायी रूप से आदर्श सुंदर स्वरूप देने सहित साफ-सुथरा बनाने की कवायद जारी है।

उन्होंने आह्वान किया कि हम और आप सब मिलकर कर अभियान चलाकर शहर को स्थायी रूप से साफ, सुंदर और दर्शनीय बनाएं। संस्था-संगठनों को अलग-अलग गलियां, चौराहे और बाजार आदि उनकी सुविधा के अनुसार आवंटित किये जा रहे हैं ताकि वह संबंधित क्षेत्रों को एकरूपता देने और सुंदरीकरण कराने की पहल करेंगे। मीटिंग में वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल भी थे।

# किड्जी स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**जनसंदेश न्यूज**

**रामनगर।** रामनगर साहित्यनाका स्थित किड्जी माउंट लर्न स्कूल में गणतंत्र दिवस दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर आनंद प्रसाद पांडेय ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात ध्वजारोहण किया।

छोटे बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर सभी का मन मोह लिया। डायरेक्टर आनंद प्रसाद पांडेय ने कहा कि छोटे बच्चों का देशभक्ति गीत लोगों को भावुक कर देता है।

स्कूल के प्रबंधक आशुतोष पांडेय ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुति अत्यन्त सराहनीय है।



# जन्म-जन्मांतर के बंधन में बंधे 39 जोड़े



**चिरईगांव।** स्थानीय विकास खंड के संदहा गांव में शनिवार को 39 जोड़े जन्म-जन्मांतर के बंधन में बंध गये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत यह कार्यक्रम था।

सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकी हवलदार यादव ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए कुल 47 जोड़ों का पंजीकरण हुआ था लेकिन मौके पर पहुंचे 39 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। नवविवाहित जोड़ों को उपहार, गृहस्थी की सामग्री, आभूषण और मोबाइल फोन आदि भेंट किये गये। साथ ही प्रत्येक जोड़े को विवाह का प्रमाण-पत्र भी दिया। कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी राजेश वर्मा, एडीओ समाज कल्याण सोनी गुप्ता आदि की प्रमुख उपस्थिति रही। इस दौरान वर-वधुओं के परिजनों ने आयोजन में की गयी व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त किया। दूसरी ओर, सेवापुरी ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में 52 जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे।

# माघ में वेद व्यास के दर्शन से मिलता है काशी वास का 'पुण्य'

**माघ माह की महिमा**

**काशी से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है श्रीवेद व्यास का मंदिर**

**माघ माह पर्यंत लगता है मेला, दर्शन के बाद आस्थावान भौरी चोखा का भोग लगाकर प्रसाद स्वरुप ग्रहण करते हैं**

**अश्वनी कुमार श्रीवास्तव**



वेद व्यास जी के मंदिर का बाहर से दर्शन



मंदिर के बाहर बाटी चोखा लगाते आस्थावान

**वाराणसी।** काशी सिर्फ त्रैलोक्य से न्यारी ही नहीं बल्कि अनगिनत रहस्यों को अपने में समाहित किये है। काशी वास के तहत गंगा स्नान व बाबा विश्वनाथ के पूजन के अलावा अगर माघ माह में श्रीवेद व्यास का दर्शन का नहीं किया तो काशी में किये गये सभी प्रकार के दान, पुण्य, धर्म कर्म का फल निरर्थक है। काशी यानि वाराणसी से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित साहूपुरी क्षेत्र में स्थित महर्षि वेद व्यास का मंदिर को बहुत कम ही लोग जानते होंगे। काशी में रहने वाले पुरनियों को उनके भी पुरनियें इस मंदिर की महिमा को बताते थे। महाकाव्य युग की महान विभूति व पुराणों तथा महाभारत के रचयिता महर्षि वेद व्यास ऋषि पराशर के पुत्र थे।

**ऐसे मिलता है काशी दर्शन का पुण्य**

स्कंद पुराण में भी कीश खंड की महिमा को बताया गया है इस ग्रंथ के अनुसार वेद व्यास ने सुना था कि काशी में कोई भी भूखा नहीं सोता है। इसी को समझने के लिए वह काशी आये और वह तीन दिनों तक भूखे रहे, श्रीवेद व्यास के काशी में भूखे रहने की खबर काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ को लगी तो उन्होंने विश्व का भरण पोषण करने वाली मां अन्नपूर्णा को वेश बदलकर व्यास जी के पास भेज दिया। त्रिकालदर्शी श्री वेद व्यास मां अन्नपूर्णा को पहचान लिया और भगवान आशुतोष की इस चाल पर काशी नगरी को ही श्राप देकर नई काशी बसाने का संकल्प लिया। इस पर भगवान शिव ने गणेश को उनके पास भेजा गणेश जी ने उनकी सेवा के बहाने काशी को श्राप से मुक्त होने का वरदान मांग लिया। व्यास जी ने काशी को श्राप से मुक्त करते हुये कहा कि भक्तों को काशी का पुन्य तभी मिलेगा जब तक व्यास मंदिर में दर्शन न कर लें।

**व्यास जयंती पर मेला**

व्यास जयंती पर इस स्थान पर मेला लगता है इसके अलावा माघ माह में भी इस स्थान पर लोगों को जमावाड़ा होता है। माघ माह में भी इस स्थान पर एक माह तक रौनक रहती है। अहरा दगने के साथ ही भौरी चोखा (बाटी चोख) बनाकर भोग अपर्ण कर लोग इसे ग्रहण करते हैं। मान्यता है कि श्रीमद् भागवत कथा व्यास जी को सुनाने के बाद ही कोई ब्राह्मण व्यास पीठ पर अपनी हाजिरी लगाता है।

'शास्त्रों में वर्णित है और पूर्व में आचार्य लोग भी वर्ष में एक बार श्रीवेद व्यास का दर्शन करते थे। काशी वास व दर्शन का पुण्य फल महर्षि वेद व्यास के दर्शन से ही मिलता है।

प्रो. रामनारायण द्विवेदी, महामंत्री काशी विद्वत परिषद

# शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज में लगी विज्ञान प्रदर्शनी

**जनसंदेश न्यूज**

**चांदमारी।** हरहुआ विकास खंड के आयर स्थित शांति शिक्षा निकेतन इंटर कालेज में शनिवार को बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी लगा कर अपने सपनों को प्रदर्शित किया।

विज्ञान पर की गई सिक्योरिटी सिस्टम, खगोलीय घटनाक्रम, सीरीज की सहायता से जेसीबी, पर्यावरण संरक्षण, ट्रैफिक सिग्नल, विद्युत संयत्र, ह्यूमन बाडी सिस्टम आदि की बेहतरीन प्रदर्शनी को बच्चों ने लगाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान सूर्यप्रकाश उर्फ भीम मौर्य ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रदर्शनी में कई बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विजय राजभर, प्रधानाचार्या सावित्री देवी, नीतू सिंह, नागेश केशरी, ओमप्रकाश केशरी आदि शामिल थे।



# मंत्री ने ध्वजारोहण कर किया परेड का निरीक्षण



**बलिया।** गणतंत्र दिवस पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने डीएम सौम्या अग्रवाल, एसपी राज करन नय्यर एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड पर ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किया। श्री सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्य निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वहन हेतु शपथ दिलायी। मंत्री ने पुलिस के कुल 23 लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। पुलिस परेड ग्राउण्ड में साइबर सेल, यातायात पुलिस व डायल 112 द्वारा स्टाल लगाकर पम्पलेट आदि वितरित कर लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस परेड ग्राउण्ड में विभिन्न स्कूलों की छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## झंडारोहण कर दिलायी शपथ

**बांसडीह।** गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों पर हर्षोल्लास के साथ झंडारोहण किया गया। तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी राजेश गुप्ता ने झंडारोहण किया। कोतवाली परिसर में कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह, बड़ी बाजार स्थित महात्मा गांधी चौक पर धनंजय कुमार सोनी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर झंडारोहण किया। वही, नगर पंचायत कार्यालय में ईओ आशुतोष ओझा ने झंडारोहण किया।

## क्षेत्र में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

**रसड़ा।** नगर समेत ग्रामीण अंचलों में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सन फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रबंधक एनपी श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य नीरज सिंह ने संयुक्त रूप से झंडारोहण किया। श्रीमती फुलेहरा पीजी कालेज में प्रबंधक गोविंद नारायण सिंह ने ध्वजारोहण किया। हीरानंद महाविद्यालय नारायणपुर रसूलपुर में प्राचार्य डॉ. श्रीविलास त्रिपाठी, प्रबंधक विमला रानी त्रिपाठी ने झंडारोहण किया। अमर शहीद भगत सिंह इंटर कालेज में प्रधानाचार्य सुरेंद्र नाथ सिंह ने झंडारोहण किया। इमामिया इंटर कालेज में प्रबंधक सैयद मोहम्मद मुजतबा हुसैन ने झंडारोहण किया। मथुरा महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. धर्मात्मानंद झंडारोहण किया।



## ज्ञानकुंज एकेडमी में बच्चों ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम



**सिकंदरपुर।** ज्ञानकुंज एके-डमी वंशीबाजार में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लस के साथ मनाया गया। समाजसेवी अखिलेश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने झंडारोहण किया। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की बधाई दी। मुख्य अतिथि सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यालय के प्रबन्धक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती सुधा पाण्डेय, उप प्रधानाचार्या श्रीमती शीला सिंह, ज्योति स्वरुप पाण्डेय, जेपी तिवारी, राजीव पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय, नेहा राय, आरपी सिंह, लक्ष्मण चौहान, प्रियंका त्रिपाठी, राजकुमार पाण्डेय, दीपक तिवारी, शीबा नाज, कुसुमलता सिंह, दुर्गेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## झंडारोहण कर दी गई सलामी

**बैरिया।** क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर लोगों ने भारतीय गणतंत्र को दी सलामी। बैरिया तहसील पर उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र, द्वाबा संस्कृत प्रचार समिति महाविद्यालय बैरिया में प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार राय, डॉ. लोहिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य अरुण चौबे, द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कालेज बैरिया में गोपाल जी सिंह, महात्मा गांधी इंटर कालेज दलन छपरा में प्रधानाचार्य राम श्रृंगार सरोज, नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर भोजापुर में प्रधानाचार्य डॉ. राजेंद्र पांडे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। थाने पर कोतवाल धर्मवीर, क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर सीओ उस्मान, सीएचसी सोनबरसा पर अधीक्षक डा. आशीष, पीएचसी मुरली छपरा पर डा. देवनीति व विकास खंड कार्यालय मुरली छपरा पर पूर्व ब्लाक प्रमुख कन्हैया सिंह ने झंडारोहण किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

**रतसर।** क्षेत्र में गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। एसएम पब्लिक स्कूल वशिष्ठ नारायण शर्मा ने ध्वजारोहण किया। मंच संचालन प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय ने किया। इसी प्रकार शिवजी सिंह इंटरमीडिएट कालेज, डीएस मेमोरियल इंटरमीडिएट कालेज, रतसर इंटर कालेज, भगवती इंटर कालेज, संपूर्णानंद इंटरमीडिएट कालेज, शांति निकेतन पब्लिक स्कूल, केपी मेमोरियल महाविद्यालय, गायत्री विद्यापीठ, पं. देवभूषण शास्त्री उमा विद्यालय, एसएम पब्लिक स्कूल आदि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। गुड समरिटन पब्लिक स्कूल में प्रबंधक संजय मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। संचालन अंतरिक्ष तिवारी ने किया।

## विधायक ने बालिका को लिया गोद



**सिकंदरपुर।** गणतंत्र दिवस एमएचएम मेमोरियल कान्वेंट विद्यालय पन्दह में ध्वजारोहण करने पहुंचे पूर्व मंत्री एवं विधायक जियाउद्दीन रिजवी ने अपने विशाल व्यक्तित्व का परिचय देते हुए एक अनाथ बालिका को गोद ले लिया। बिच्छीबोझ निवासी नंदनी गौड़ के पिता प्रेमचंद गौड़ की मौत हो चुकी है। उसकी परवरिश करने वाली बुढ़डी मां है। नंदिनी दो बहन है। विद्यालय के प्रबंधक चंद्रजीत प्रजापति द्वारा विधायक को नंदनी गौड़ के पारिवारिक पृष्टि भूमि के बारे में जानकारी दी गई, जिसे सुनकर विधायक जियाउद्दीन रिजवी भाव बिह्वल हो गए। उन्होंने नंदनी गौड़ को गोद लेने की घोषणा कर दिया। कहा कि नंदनी आज से हमारी बेटी है।

## राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाये रखने का आह्वान

**बेल्थरारोड।** स्थानीय नगर के सेन्ट्रल पब्लिक एकेडमी में विधायक हंसू राम ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया। साथ ही मां सरस्वती के चित्र पर फूल माला चढ़ा कर पूजन-अर्चन भी किया। उन्होंने अपने संदेश में राष्ट्र की एकता तथा अखण्डता को बनाये रखने का आह्वान किया। उन्होंने स्कूल परिसर में हाईमास्क लाईट तथा आरओ प्लांट स्थापित कराने की घोषणा की। प्रबन्धक सतीश दूबे ने विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए उनका आभार प्रकट किया। इस मौके पर मोनिका दूबे, बब्लू, राकेश, अमर प्रताप सिंह, जयन्द्र पाण्डेय, दीपक, अदनान, सत्येन्द्र, जीशान अहमद, सुजीत, रुमिता शर्मा, संध्या सिंह, नेहा, प्रगति, रौनक, राजीव, विशाल, सुजीत, रेखा, मनोज पाण्डेय, शबीहा, सुप्रिया, आशिया, सृजन, आंचल, गौहर, निशि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रिंसिपल पूनम प्रसाद एवं संचालन आनन्द श्रीवास्तव ने किया।



## बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**मझौवां।** गणतंत्र दिवस पर मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल पचरुखिया में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि रविशंकर जी ने ध्वजारोहण किया। देश के जाने-माने जादूगर रमाशंकर शाह ने विभिन्न प्रकार के जादुई कारनामे दिखाये। इस दौरान दर्जनों लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधान मनोज यादव, विनोद सिंह, ओंमकार मिश्र, अर्जुन कुमार, त्रिलोकी प्रसाद, प्रेम किशोर, दिनेश प्रजापति, सत्य प्रकाश, अभिजीत किशोर आदि मौजूद रहे।

## ध्वजारोहण कर वितरित किया मिष्ठान

**नगरा।** गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र में सरकारी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण के बाद विभिन्न मनमोहन कार्यक्रम किये गये। नेशनल कान्वेंट स्कूल में प्रबन्धक मु.यूनुस, युनियन बैंक पर कैशियर निजामुद्दीन अंसारी, नगर पंचायत कार्यालय पर बरिष्ठ लिपिक रवीश शर्मा, थानाध्यक्ष परिसर में थानाध्यक्ष वृजेश सिंह, पीएचसी पर प्रभारी राहुल सिंह, सेन्ट्रल बैंक शाखा पर फील्ड आफिसर अब्बास अंसारी, सेंट्रल बैंक मिनी शाखा पर प्रमोद गुप्ता, प्रावि देवढिया पर प्रधानाचार्य परशुराम तिवारी, विद्युत उप केन्द्र पर अवर अभियन्ता तार किशोर यादव, ग्राम पंचायत जितना पर प्रधान विभा वर्मा, प्रावि ब्राह्मणपुरा पर समाजसेवी अरविन्द गुप्ता, जनता इण्टर कालेज पर प्रधानाचार्य डा. उमेश चन्द पाण्डेय, विकास खण्ड कार्यालय पर विनय वर्मा, मिडिल स्कूल पर प्रधानाचार्य दयाशंकर, पालचन्द्रहा पंचायत भवन पर प्रधान छोटेलाल, सेन्ट जान्स कान्वेंट स्कूल पर प्रधानाचार्य जगन्नाथ पात्रा, नरहेजी पीजी कालेज पर प्राचार्या सुशीला सिंह, सुभावती देवी संस्थान पर प्रबन्धक योगेन्द्र यादव, जय प्रकाश महिला महाविद्यालय पर प्रबन्धक अमरेन्द्र बाबू ने झण्डारोहण करके मिष्ठान वितरण किया।

## मोटे अनाजों की खेती करें किसान



बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त

### उत्पादन वर्ष में किसानों को होगा अच्छा मुनाफा

**बैरिया।** छेमी (मटर) की फसल से खाली हुए खेतों को खाली रखना उचित नही होगा। सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने किसानों से छेमी के बाद मक्का की खेती करने का आग्रह किया है। साथ ही कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों को उन्नत किस्म के मक्के की बीज, खाद व कीटनाशक उपलब्ध कराएं।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री मस्त ने कहा कि परिश्रम के अलावा कोई रास्ता नहीं है। मटर की फसल निकल जाने के बाद मक्का का भी बेहतर उत्पादन क्षेत्र में होता है। मक्का खरीद के लिए सरकारी खरीद केंद्र स्थापित कर दिया गया है। निर्धारित न्यूनतम मूल्य पर किसानों के पास जितना भी मक्का होगा, सरकार खरीदेगी। वही, आर्गेनिक खेती एवं देसी गाय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा है कि स्वस्थ रहने के लिए आर्गेनिक खेती आवश्यक है।

किसान मोटे अनाजों की खेती करें। उसका सेवन करें।

शुगर सहित अन्य कई बीमारियां दूर भाग जाएगी। साथ ही उत्पादन वर्ष में किसानों को अच्छा मुनाफा होगा। कहा कि किसान बाजरा, मक्का, ज्वार, मडुआ, टांगुन, संवा, कोदो आदि की खेती करें। उन्नत किस्म के बीज कृषि विभाग उपलब्ध कराएगा।

## ग्राम सभा की खुली बैठक करायें प्रधान

**बैरिया।** सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि यदि सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अप्रैल महीने में बकुलहा रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर जयप्रभा रेलवे स्टेशन हो जाएगा। गृह मंत्रालय में फाइल विचाराधीन है। मेरी गृह मंत्री अमित शाह से बात हो चुकी है। उन्होंने भरोसा दिया है कि इसकी मंजूरी तत्काल दी जाएगी। सांसद ने सभी ग्राम प्रधानों से आग्रह किया है कि नियमानुसार अपने गांव में ग्राम सभा व ग्राम पंचायत सदस्यों की खुली बैठक कराएं। जल्द ही इस संदर्भ में जिलाधिकारी से बात करूंगा। उन्होंने समस्त नगर पंचायत एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों से सभासदों के साथ बैठक की रिपोर्ट तलब किया है।




# आमने-सामने आये अधिवक्ता व कर्मचारी

**बलिया।** कलेक्ट्रेट के रिकार्ड रूम में अधिवक्ता एवं बाबू में हुई मारपीट के मामले को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ता एवं कर्मचारी आमने-सामने होकर प्रदर्शन करते रहे। दोनो तरफ से आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। गौरतलब हो कि भूमि की पत्रावली न मिलने पर अधिवक्ता एवं बाबू के बीच हुए विवाद का मामला उस समय तूल पकड़ लिया, जब अधिवक्ता लामबंद होकर कलेक्ट्रेट में घुस गये और नारेबाजी करने लगे। साथी की पिटाई से क्षुब्ध होकर अधिवक्ताओं ने डीएम सौम्या अग्रवाल से मिलकर मारपीट करने वाले बाबू को निलंबित करने के लिए मांग पत्र सौंपा और कोतवाली में बाबू के खिलाफ तहरीर दी।

इधर, कलेक्ट्रेट कर्मचारियों ने बाबू की पिटाई से क्षुब्ध होकर रिकार्ड रूम में

**तनाव को देखते हुए कलेक्ट्रेट पर तैनात हुई पुलिस**

ताला बंद कर कार्य बहिष्कार कर दिया और घायल बाबू का उपचार जिला अस्पताल में कराया। कर्मचारियों ने भी अधिवक्ता के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। घटना को लेकर कलेक्ट्रेट में पूरे दिन गहमा गहमी का माहौल रहा। वहीं, पत्रावली के लिए पहुंचे फरियादी रिकार्ड रूम बंद होने से परेशान रहे। रिकार्ड रूप में अधिवक्ता कृपाशंकर यादव अपने मुवक्किल की भूमि की पत्रावली निकालने के लिए दो दिन पूर्व आवेदन किये थे। शुक्रवार की सुबह पत्रावली मांगने पर राजस्व अभिलेख रक्षक रविशंकर श्रीवास्तव ने फिर से आवेदन देने के उपरांत पत्रावली देने की बात कही। इसको लेकर दोनो पक्ष में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनो में मारपीट की नौबत आ गई।

## तीन वांछितों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित

**बैरिया।** काफी दिनों से फरार चल रहे तीन लोगों पर पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि राकेश सिंह पुत्र रामजी सिंह निवासी बड़का बैजू टोला, थाना रिविलगंज, सारण, बिहार, निक्कू सिंह पुत्र सतीश सिंह निवासी बड़का बैजू टोला, थाना रिविलगंज, सारण व बृजेश सिंह पुत्र स्व. बसंत सिंह निवासी गायघाट, थाना हल्दी कई मामलों में वांछित है।

वह हत्या के प्रयास, धमकी, मारपीट, गाली-गलौज व एससी-एसटी एक्ट में काफी दिनों से वांछित हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने काफी हाथ-पांव मारा, लेकिन इनकी गिरफ्तारी नहीं हुई। एसपी राज करन नयर ने तीनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है।

# सपाइयों ने एसडीएम व सीओ को सौंपा पत्रक


एसडीएम को पत्रक सौंपते सपा कार्यकर्ता

**सिकंदरपुर।** स्थानीय तहसील में शुक्रवार को सपा के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने रामजी यादव के नेतृत्व में पहुंच कर उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा। आरोप लगाया कि सिकंदरपुर विधानसभा में सपा कार्यकर्ताओं तथा प्रधानों को राजनीतिक द्वेषतावश भाजपा के नेताओं के इशारे पर पुलिस द्वारा उत्पीड़न किया जा रहा है। ग्राम सभा खतंगा के पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव तथा खतंगी के पूर्व प्रधान रामभवन यादव को बार-बार थाने पर बुलाकर पुलिस द्वारा धमकाया व अपमानित किया जा रहा है। साथ ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। चेताया कि यदि कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो सपा आंदोलन करने को विवश होगी। इस मौके पर बबलू सिंह, अजय सिंह, ह्दय यादव, धनंजय सिंह, देवनारायण यादव, शिवशंकर यादव, गुरुजलाल राजभर, अजय यादव, कृष्ण कुमार यादव बूढ़ा, निगम राम, रामभवन यादव, अनिल यादव, सजंय यादव, कमलेश यादव, दिनेश राजभर, मनोज कुमार, साधु यादव, बलबीर यादव, मनीष यादव, रूपेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### रोवर्स-रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न


विजेता टोली को शील्ड प्रदान करते मुख्य अतिथि

**रेवती।** स्थानीय गोपाल जी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोवर्स-रेंजर्स का पंच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों ने विभिन्न टोलियों द्वारा बनाये गये कैम्प का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षुओं को ध्वज, शिष्टाचार गांठ एवं बंधन, शिविर एवं पुल, प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी, स्काउट गाइड के नियम एवं प्रतिज्ञा तथा स्काउटिंग-गाइडिंग के उद्देश्यों से परिचित कराते हुए प्रयोगात्मक विधि से परीक्षण कराया गया। पंच दिवसीय प्रशिक्षण के पश्चात विजेता के रूप में प्रथम स्थान पर चंद्र शेखर आजाद टोली, द्वितीय स्थान पर मीराबाई टोली और तृतीय स्थान पर मदर टेरेसा टोली रही। विजेता चंद्रशेखर आजाद टोली को मुख्य अतिथि कौशल सिंह ने शील्ड देकर सम्मानित किया। वही, द्वितीय स्थान पर रही मीराबाई टोली को विशिष्ट अतिथि प्रधान अर्जुन चौहान ने शील्ड देकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान प्राचार्या डॉ. साधना श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। संचालन अभिजीत तिवारी बबलू ने किया।

### अधेड़ के शव की हुई शिनाख्त

**बैरिया।** छपरा-बलिया रेल खण्ड पर सुरेमनपुर-दल छपरा के बीच नारायणगढ़ गांव के सामने रेलवे ट्रैक के किनारे शुक्रवार को दोपहर बाद मिला क्षत-विक्षत अज्ञात अधेड़ के शव की पहचान शनिवार को हो गई। एसएचओ रेवती हरेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक शिनाख्त शंभू नाथ यादव (49) निवासी दुर्जनपुर के रूप में हुई है। वह घर से खाना खाकर रेलवे ट्रैक पार कर खेत में जा रहा था कि अचानक किसी ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### प्रधानाध्यापिका ने थाने में दी तहरीर

**सिकंदरपुर।** शिक्षा क्षेत्र नवानगर के कन्या प्रावि मिर्जापुर की प्रधानाध्यापिका मंगलावती देवी ने सिकंदरपुर पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों पर पंप खोलने का आरोप लगायी है। कहा कि जब मै शनिवार को विद्यालय गयी तो विद्यालय से पम्प गायब था। बच्चों द्वारा जानकारी मिली कि कुछ लोग खोल कर ले गये है।

### मारपीट में युवक घायल

**बैरिया।** थाना क्षेत्र के भीखा छपरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर शुक्रवार की देर शाम जमकर मारपीट हो गई। इसमें अर्जुन गुप्त (24) निवासी चेता छपरा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। शनिवार को घायल के भाई त्रिभुवन की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धारा 308, 323 के तहत मामला दर्ज किया।

### स्वास्थ्य शिविर आज

**बलिया।** शहीद मंगल पांडेय स्मारक समिति के तत्वावधान में महानायक अमर शहीद मंगल पांडेय की जयंती पर 29 जनवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से कदम चौराहा स्मारक पार्क में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें निःशुल्क दवा के साथ ब्लड प्रेशर की जांच भी होगी। यह जानकारी स्मारक समिति के अध्यक्ष शशिकांत चतुर्वेदी ने दी है।

### रंगोली प्रतियोगिता संपन्न

**बलिया।** हरिओम सेवा शिक्षण संस्थान गड़वार में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ग्रापए के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार ने विजेताओं को गोल्ड मेडल तथा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों में वितरित किया कंबल

**मझौवां।** क्षेत्र के धर्मपुरा निवासी श्रीमती स्व. जोन्हिया देवी पत्नी स्व. परमेश्वर सिंह की जयंती पर बेलहरी के प्रधान प्रतिनिधि डा. भूपेश सिंह ने सैकड़ों जरूरतमंदों में कंबल वितरण किया। कहा कि हम अपनी दादी जोन्हिया देवी की जयंती पर आप सभी के आशीर्वाद से प्रतिवर्ष सेवा भाव से जरूरतमंदों में कंबल वितरण करते है। इससे हमें बहुत सुकून मिलता है। इस मौके पर गिरीश तिवारी, राकेश मिश्रा, मनु बाबा, भगवान दास, रिंकू, शैलेंद्र ओझा, पिंकू, सुधीर, कमलेश, संटू, नागेंद्र सिंह, अशोक सिंह, नारद, चंद्रशेखर सिंह, बिहारी सिंह, पप्पू सिंह, अवधेश सिंह, अवधेश प्रसाद, नितेश मिश्रा, संजय शुक्ला, मुन्ना सिंह बघेल, गया गिरी, नितेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रबुद्ध व संभ्रांत वर्ग की गोष्ठी संपन्न

**बेल्थरारोड।** नगर के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा जननायक स्व.हरिकेवल प्रसाद प्रेक्षागृह में प्रबुद्ध एवं संभ्रांत वर्ग की गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक सुभाष ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा व प्रगति हेतु समस्त समाज को जाति-पाति का भेदभाव मिटाकर स्वयं को हिंदू समझना होगा। भारत को विश्व गुरु बनाने हेतु हम सभी को संगठित होकर चलना होगा। भारत की ताकत को संपूर्ण विश्व समझ रहा है और भारत को सम्मान की नजरों से देख रहा है। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ की गई। इस अवसर पर डा. अमित सिंह, हेमंत शुक्ल, योगेन्द्र चौहान, अजय पटेल, डा. आलोक गिरि, शारदा पांडेय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अशोक जायसवाल ने किया।

### बाइक की टक्कर में दो बालक घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत कोल्हुआ गांव निवासी पिंटू गौड़ का 10 वर्षीय पुत्र प्रदीप व डब्लू का 11 वर्षीय पुत्र दीपक एक साइकिल पर सवार होकर अपने घर कोल्हुआ से मड़वा नेवादा गांव स्थित फोटोकॉपी की दुकान पर फोटोकॉपी कराने जा रहे थे। लहंगपुर से तेंदुआ की तरफ जा रहे बाइक सवार ने कोल्हुआ गांव के सामने टक्कर मार दिया जिससे साइकिल सवार दोनों बच्चे घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे स्वजनों ने दोनों घायलों को निजी चिकित्सक के यहां उपचार कराने के लिए ले गए। जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मीरजापुर मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### एक लाख 66 हजार बिजली बकाये का एसडीओ ने कराया भुगतान

**हलिया।** विद्युत उपकेंद्र पर शनिवार को एसडीओ विद्युत विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में शिविर लगाकर विद्युत बकायेदारों से बकाया बिजली के बिल को जमा कराते हुए बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं का डिस्कनेक्शन किया है।शिविर में 28 बकायेदारों से कुल 1.66 लाख रुपए की बकाया बिल को जमा कराते हुए आठ बकायेदारों के कनेक्शन को पोल से विच्छेदन किया है।विद्युत विभाग की इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया।एसडीओ ने बताया कि शिविर लगाकर कुल 1.66 लाख रुपए के बिजली के बकाया बिल को जमा कराया गया है जिसमें तहसील के अमीन राजेंद्र प्रसाद व छोटेलाल ने 40 हजार रुपये जमा कराया तथा आठ बकायेदारों के कनेक्शन को पोल से विच्छेदन किया गया है। इस दौरान अवर अभियंता जगजीवन राम, वीरेंद्र सिंह,अकरम आदि उपस्थित रहे।

### जिला कारागार का अधिकारियों ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**मीरजापुर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला कारागार के बैरक, भोजनालय, जिला जेल परिसर व अस्पताल का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान कोई आपत्तिजनक बात प्रकाश में नहीं आयी। उक्त निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी बीएस लक्ष्मी, अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल सहित जिला कारागार अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# स्वयंसेवक गांव-गांव में लगायेंगे शाखा: सुभाष



भारत माता एवं गोलवलकर के चित्र को नमन करते सुभाष जी

जनसंदेश न्यूज

**नगरा।** श्री नरहेजी पीजी कालेज में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगरा खंड के शीत शिविर में गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक सुभाष जी ने कहा कि शाखा के माध्यम से हमको गांव-गांव में हिंदू समाज को संगठित करना होगा। यह काम हिंदू समाज शाखा के माध्यम से किया जायेगा।

हिंदू समाज जब संगठित होगा तो समाज में व्याप्त बुराईयां अपने आप समाप्त हो जाएंगे। इसके लिए स्वयंसेवक गांव-गांव में शाखा लगाएंगे और लोगों को शाखा से जोड़ेंगे। इससे अच्छे लोगों का निर्माण होगा और वह समाज में अच्छा काम करेंगे। इस अवसर पर बृजेश जी, सतीश जी, वेद प्रकाश जी, मार्कण्डेय जी, राजीव सिंह चंदेल जी, पंकज जी, जनार्दन जी, मनोज जी, सौरभ किशोर जी, अनुज जी, फतेह सिंह आदि उपस्थित रहे।

## जयंती पर याद किये गये मैनेजर सिंह

**बैरिया।** पूर्व विधायक स्व. मैनेजर सिंह के 104वीं जयंती पर शनिवार को श्रीसुदिष्ट बाबा इंटर कालेज परिसर में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज के परिवेश में बाबू मैनेजर सिंह बनना किसी राजनैतिक व्यक्ति के वश की बात नहीं है। मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि मैनेजर सिंह राजनैतिक संत थे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, विजय बहादुर सिंह, विजय सिंह, नारद सिंह, डा. सन्तोष सिंह, सतीश सिंह, मनोज सिंह, कृष्णमोहन तिवारी, सन्तोष पाण्डेय, ब्यूटी सिंह, ज्योति मिश्र, आकांक्षा पाण्डेय, नितिन कुमार, हिमांशु सिंह, रजत कुमार, शिवजी सिंह, रामजी प्रसाद आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रेम सिंह तथा संचालन डा. गोरखनाथ सिंह ने किया। सभी आगन्तुकों का स्वागत सतीश सिंह मनु ने किया। आभार प्रधानाचार्य आलोक सिंह ने व्यक्त किया।


कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह

# पढ़ाई के साथ खेल को लेकर बढ़ें आगे

जनसंदेश न्यूज

**बोले रविन्द्र कुशवाहा**

**सांसद खेल प्रतिस्पर्धा के तहत हुई वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता**

**आप सभी पढ़ाई के साथ-साथ खेल को लेकर आगे बढ़ें**

**सिकन्दरपुर।** स्थानीय जूहा स्कूल के प्रांगण में सांसद खेल प्रतिस्पर्धा बालीबाल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सांसद रविन्द्र कुशवाहा ने कहा कि आप सभी पढ़ाई के साथ-साथ खेल को लेकर आगे बढ़े। एक दिन ऐसा भी आयेगा कि आप उस खेल में देश का नेतृत्व करेंगे।

पूर्व विधायक भगवान पाठक ने कहा कि हर जगह खेल प्रतिस्पर्धा कराया जा रहा है। पूर्व मंत्री राजधारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार बच्चों के भविष्य के साथ ही सेहत का भी ख्याल रख रही है। ज्ञानकुंज के प्रबंधक देवेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार फिर से खेल को बढ़ावा दे रही है। ज्ञानकुंज एकेडमी व जूहा स्कूल सिकंदरपुर के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजधारी, अखिलेश कुमार सिंह उर्फ गुड्डू, खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार श्रीवास्तव, सुनील सिंह, संजय जायसवाल, रविंद्र वर्मा, सतीश तिवारी, डा. आशुतोष गुप्ता, सुरेश सिंह, अभिलाष मिश्रा, ओमप्रकाश, संजीव वर्मा, मन्टु सिंह, सतीश, रूपेश कुमार, अशोक कुमार यादव, सुधीर मिश्र, मो. शमीम खान, अमरनाथ यादव, साधना राय, सुनिल कुमार मिश्र, मो. इस्लाम, तरन्नुम, विनय कुमार यादव, इंदु देवी, नुशरत खातून, आलिया बानो, प्रियंका वर्मा, जितेंद्र यादव, हरिशंकर, सियाराम यादव, रामजी गुप्ता आदि मौजूद रहे। संचालन अरविंद कुमार सिंह ने किया।

# डॉ. महेश्वर प्रसाद की स्मृति में लगा जांच शिविर


सीएमओ डा. जयंत कुमार को सम्मानित करते श्रीप्रकाश गुप्त

**बलिया।** प्रकाश डायग्नोस्टिक सेंटर चौक सिनेमा रोड के तत्वावधान में डा. महेश्वर प्रसाद की 15वीं स्मृति में निःशुल्क ब्लड एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ आरडी दूबे ने किया।

इसके पहले सीएमओ डा. जयंत कुमार ने डा. महेश्वर प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर डा. एके मिश्र, डा. आरपी सिंह, डा. अनिल कुमार सिंह, डा. वीरेन्द्र कुमार गुप्त, डा. पीके सिंह, डा. अमिता सिंह, आनंद सिंह, बब्बन यादव, अरूण कुमार गुप्त, नरेन्द्र कुमार सिंह, ठाकुर प्रसाद, सुनील परख, महेश प्रसाद, केदार जी, सत्यदेव प्रसाद, राजेश गुप्त, हीरा जी, पल्लू जायसवाल, मनोज गुप्त आदि मौजूद रहे। श्रीप्रकाश गुप्त, श्याम प्रकाश गुप्त एवं शुभम प्रकाश गुप्त ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## आबकारी निरीक्षक ने शराब दुकानों पर की छापेमारी

**बलिया।** बांसडीह रोड बाजार में सिटी आबकारी निरीक्षक शहर विनय कुमार राय ने अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान आबकारी निरीक्षक ने बिक्री रजिस्टर, माल आदि की जांच पड़ताल की। आबकारी निरीक्षक ने छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में युवक ने बताया कि पास की दुकानों से शराब खरीद कर वहां बेच रहा था। आबकारी निरीक्षक ने दुकानों के बिक्री रजिस्टर की जांच कर उन्हें जब्त कर लिया।

जांच के बाद आबकारी निरीक्षक दुकान के मालिक को आफिस में बाकी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और वापस चले गए। इसे लेकर देर तक बाजार में हलचल मची रही। इस संबंध में पूछने पर आबकारी निरीक्षक शहर विनय कुमार राय ने बताया कि शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानों की जांच की गई है। अभिलेखों में कुछ कमी पाई गई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में प्रधानाचार्य की मौत, हड़कंप

जनसंदेश न्यूज

**दुखद**

**घर की महिलाओं का रो रोकर बुरा हाल**

**विद्यालय के पास भारी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित**

**कोपागंज, मऊ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के गौरी शंकर सिंह बालिका विद्यालय के पास शनिवार की सुबह इंदारा गांव निवासी 58 वर्षीय चन्द्रबली यादव की संदिग्ध परिस्थिति में शव मिला। उसका शव गांव से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी स्थित एक बालिका विद्यालय के पास मिला।

घटना की जानकारी जब स्वजनों को हुई तो कोहराम मच गयङ्कं कोपागंज थाना के गौरी शंकर सिंह बालिका विद्यालय के पास शनिवार की सुबह 6 बजे इंदारा गांव के अहीरपुरा निवासी 58 वर्षीय चन्द्रबली यादव पुत्र स्व छोटू यादव की संदिग्ध परिस्थिति शव मिला। ग्रामीणों ने शनिवार की सुबह टहलते हुए एक व्यक्ति पर किसी की नजर पड़ी। कुछ लोग जब बालिका विद्यालय की तरफ गए तो एक व्यक्ति को जमीन पर गिरा हुआ देखा। लोगों ने पास जाकर देखा तो उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हो रही थी। लोगों ने अन्य लोगों को जानकारी दी।

इसके बाद विद्यालय के पास भारी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की सूचना जानकारी स्वजनों को हुई तो वे लोग मौके पर पहुंच गए। घर की महिलाओं का रो रोकर बुरा हाल हो गया। आस पड़ोस की लोग मृतक के स्वजनों का ढांढ़स बंधा रहे थे। परिजनों का कहना है कि शुक्रवार को एक निमंत्रण गए थे बोले थे कि हम सुबह को आएंगे लेकिन सुबह को घर से पांच सौ मीटर की दूरी पर शव मिला।

मृतक की पत्नी का 3 वर्ष पहले ही मृत्यु हो चुकी है। मृतक चंदबली यादव के तीन पुत्र हैं सत्य प्रकाश यादव प्राथमिक विद्यालय में टीचर है वही दूसरे पुत्र प्रदीप यादव भी टीचर व तीसरे पुत्र संजीव यादव स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। खबर लिखे जाने तक परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार दोहरीघाट के मुक्ती धाम ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। इस सन्दर्भ में थानाध्यक्ष कोपागंज अमित मिश्रा ने बताया कि इस मामले में कोई जानकारी थाने पर नही है।

# मार्च-2023 तक पूरा हो जायेगा इंदारा-दोहरीघाट रेल खंड





**बोले जीएम**

**पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक ने इंदारा-दोहरीघाट रेल खण्ड निर्माण का किया निरीक्षण**

**मऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक चन्द्र वीर रमण ने षनिवार को वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ इंदारा-दोहरीघाट रेल खण्ड पर अमान परिवर्तन के साथ चल रहे विद्युतीकृत बड़ी लाइन के निर्माण कार्यो एवं इस खण्ड के स्टेशनों के उन्नयन समेत यात्री सुविधा विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

अपने निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक सीवी रमन अपनी निरीक्षण स्पेशल से पहले इंदारा पहुँचे और स्टेशन के नए यार्ड प्लान का अवलोकन कर तदनुसार स्टेशन पर विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंदारा स्टेशन के स्टेशन पैनल, सकुर्लेटिंग एरिया, यात्री आरक्षण केंद्र, अनारक्षित टिकट काउंटर, अप्रोच रोड, नए प्लेटफार्म एवं यात्री सुविधा उन्नयन कार्यों का निरीक्षण किया और रेल विकास निगम लिमिटेड के अधिकारियों इस बावत निर्देश दिया। तदुपरान्त महाप्रबंधक इंदारा-घोसी रेल खण्ड का निरीक्षण करने हेतु मोटर ट्रॉली से रवाना हुए और घोसी स्टेशन का गहन निरीक्षण करने के बाद घोसी-अमिला रेल खण्ड पर पुराने समपार संख्या 19 पर बने लो हाइट सब-वे का निरीक्षण करते हुए अमिला स्टेशन पहुँचे और स्टेशन पर बड़ी लाईन के अनुरूप विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए महाप्रबंधक पुराने समपार संख्या 22 पर निर्मित लो हाइट सब-वे का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पुराने ब्रिज संख्या 19 पर नवनिर्मित मेजर ब्रिज और उसके अप्रोच का निरीक्षण करते हुए दोहरीघाट स्टेशन पहुँचे जहां स्टेशन पर विभिन्न कार्यों का निरीक्षण करने के बाद संबंधित को पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य की गति बढ़ाने का निर्देश दिया। इंदारा-दोहरीघाट ट्रॉली निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक चन्द्र वीर रमण ने इस खण्ड पर अमान परिवर्तन के अंतर्गत चल रही ट्रैक जड़ाई, बैलास्ट फैलाई, हाई लेवल प्लेटफार्मों, पावर सब स्टेशन, फाउंडेशन के साथ ओवरहेड ट्रैक्शन समेत विद्युतीकरण एवं समपार फाटकों के अपग्रेडेशन, पुल-पुलियाओं के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की तथा सभी कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ मार्च-2023 तक पूरा करने का निर्देश दिया।

कोपागंज संवाददाता के अनुसार इस दौरान व्यापारी और विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं ने जीएम को पत्रक देकर कोपागंज को हाल्ट बनाए जाने पर कहां कि क्षेत्र के विकास और पूर्व में रेलवे स्टेशन की भांति रेलवे स्टेशन बनाए जाने की मांग की सभी की। जीएम उनकी मांगों को लेकर विचार करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जीएम को पत्रक देते हुए किसान नेता देव प्रकाश राय, राजन गुप्ता, अखिलेश तिवारी, डाक्टर विरेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र गोयल, अखिलेश राजभर, अविनाश गुप्ता, व्यापारी नेता स्वतंत्र कुमार गुप्ता, विजय प्रकाश पांडे, गुलाब दास, महेंद्र राजभर आदि ने पत्रक देते हुए कहा कि ब्रिटिश हुकूमत में बना रेलवे स्टेशन क्षेत्र के विकास के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हाल्ट बनाए जाने को लेकर क्षेत्रवासी काफी दुखी है और हर हाल में रेलवे स्टेशन की उम्मीदें लगाए हैं। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्र, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) राजीव कुमार, मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय, मुख्य इंजीनियर (निर्माण) अखिलेश त्रिपाठी, मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण) ओपी सिंह, मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण) नीलाभ महेश आदि उपस्थित थे।

# जानलेवा हमले में वांछित आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जनसंदेश न्यूज

**कोपागंज, मऊ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत बीते पच्चीस दिसंबर को पेट्रोल पंप के समीप बिल्डिंग मैटेरियल दुकानदार पर हुए मारपीट और जानलेवा हमले में नामजद फरार चल रहे दो वांछित आरोपी विनय कुमार यादव पुत्र राम बचन यादव ग्राम इटौरा डोरीपुर, अमित यादव पुत्र अवधेश यादव नगर ढेकवारा को बीते रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उनके घरों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि तीन आरोपियों की गिरफ्तारी पहले ही की जा चुकी है। वांछित आरोपियों के गिरफ्तारी के दौरान राज नरायण पाण्डेय चैकी प्रभारी कस्बा व उ.नि. अवधेश कुमार यादव, हेड का. रामचन्दर गौतम, शिवबचन यादव, बाल गोविन्द पाल, संजीव सिंह, दीपक, अश्वनी कुमार वर्मा, रवि यादव मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आकर महिला के पैर कटे



**गहमर।** दानापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेल खंड के गहमर स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से गहमर गांव निवासी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आरपीएफ कर्मियों द्वारा महिला को सीएचसी भदौरा में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। गहमर गांव के संभलराय पट्टी निवासी स्वर्गीय केश बिहारी की पत्नी कुमकुम देवी (40) भदौरा जाने के लिए गहमर स्टेशन पर पहुंची। स्टेशन के डाउन प्लेटफार्म पर पहले से खड़ी पैसेंजर ट्रेन में सवार हो गई, इस बीच ट्रेन खुल गई। जब उन्हें पता चला कि ट्रेन पटना जाएगी तो वह चलती ट्रेन से नीचे उतरने लगी। पैर फिसलने से रेलवे ट्रैक पर जा गिरी। जब तक कोई कुछ समझता, महिला ट्रेन के नीचे आ गई, घटना में महिला के दोनों पैर कट गए। ग्रामीणों व आरपीएफ कर्मियों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### संदिग्ध हालात में लगी आग,बाइक जलकर खाक



**रेवतीपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत स्थानीय गांव के महादेवां मन्दिर के समीप बीते शुक्रवार की देर रात्रि को? टीन शेड में खड़ी एक बाईक संदिग्ध परिस्थितियों में जलकर राख हो गई। बाइक मालिक परिजनों को होते ही अफरा-तफरी मच गई और टीन शेड के बगल में ही अपने रूम में सोये बाइक मालिक प्रेमशंकर राय उर्फ बबलू राय को रात्रि में अचानक कुछ आवाजें आती सुनाई दी उठ कर देखा तो टीन शेड के अंदर रखी उनकी बाइक जल रही थी। जोर जोर से चिल्लाने लगे घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की? भीड़ इकट्ठा हो गई। जल्दी जल्दी लोग बाईक पर पानी फेंकना शुरू किए। लेकिन तब तक बाईक पूरी तरह जल चुकी थी। इस बाबत पीड़ित बाइक मालिक प्रेमशंकर राय उर्फ बबलू ने थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामलें की छानबीन में जुट गई। थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी ने बताया कि सूचना मिली है,मामलें की छानबीन की जा रही है।

### प्रमुख स्थानों पर पुलिस की पैनी नजर, मनचलों की अब खैर नहीं

**गाजीपुर।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में महिला जागरुकता व सशक्तिकरण अभियान के तहत महिलाओं को शनिवार को जागरूक किया गया। पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह ने बताया कि महिला कास्टेबल द्वारा सभी थाना क्षेत्रों के भीड़भाड़ वाली जगहों पर जहाँ महिलाओं को जागरूक करने का काम कर रहीं हैं व ऐसी जगहों पर बेवजह घुमने वाले व्यक्ति को हिदायत दी जा रहीं हैं। महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक व चेकिंग अभियान में वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया तथा मनचलों को कड़ी चेतावनी दी गई।

### पुलिस की लापरवाही से चोरी की घटना बेलगाम

**बिरनो।** थाना क्षेत्र के पिछले महीने से अब तक कई गांवों में चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद भी पुलिस एक भी मामले का खुलासा करने में नाकामयाब साबित हो रही है। बिरनो थाना क्षेत्र के कई गांव में चोरी लगातार कई घटनाएं होने से लोगों के अंदर दहशत हो गई है। चोरों के डर से ग्रामीण रात में जाकर पहरा देने को विवश हैं। स्थानीय पुलिस चोरी की जानकारी होने के बाद पीड़ित सिर्फ आश्वासन के सिवा कुछ नहीं कर पा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस के गस्त न करने से चोरी की घटनाएं क्षेत्र में बढ़ रही हैं। थाना क्षेत्र के बिरनो गांव के रमेश सिंह पुत्र स्व राजदेव सिंह के घर से कुछ दुरी पर स्थित ट्यूबवेल से 3 केवी का मोटर समेत हजारों रुपए का टूल बाक्स लेकर चोर फरार हो गए। इस संबंध में बिरनो थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा की मुझे चोरी की घटना की कोई जानकारी नहीं है।

### सैयद शफीऊलवरा बने जिला संयोजक

**सादात।** सैयद सर्फराज पहलवान संयोजक पर्यावरण विभाग मुस्लिम राष्ट्रीय मंच पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा विगत दिवस बहरियाबाद निवासी सैयद शफीऊलवरा को मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का जिला संयोजक नियुक्त किया गया। उनके नाम की संस्तुति मुरारी दास, अजहरुद्दीन तथा ताज मुहम्मद ने की थी। नया दायित्व मिलने के बाद अबू फखर, अमजद खान, तारिक जमाल, अब्दुल्लाह, संजय श्रीवास्तव, नवीन प्रसाद, अमन, तहसीन, रंजीत राम, अर्जुन राम सुहैल, शेरू आदि ने उनके आवास पर जाकर बधाई दी।

### बेटी पढ़ाओ योजना के तहत नुक्कड़ नाटक

गाजीपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय सोनी ने बताया है कि शनिवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अन्तर्गत प्रचार-प्रसार हेतु मृणाल सेवा संस्थान, आजमगढ द्वारा ब्लाक-देवकली में ग्राम पंचायत-रामपुर बंतरा, नैसारे, दवोपुर, अतरसुआ तथा बरहपुर में नुक्क्ड़-नाटक का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर नेहा राय, शिखा सिंह, लक्ष्मी मौर्या रहीं।

# मां शारदा का हुआ विसर्जन, नम आंखों से दी गई विदाई

**आस्था**

### डीजे के धुन पर श्रद्धालुओं ने जमकर किया डांस

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** विभिन्न पूजन स्थलों पर गुरुवार को मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना के बाद शनिवार को विभिन्न जलाशयों एवं नदियों में विसर्जित किया गया। विसर्जन के दौरान छात्र-छात्राओं व युवाओं में खासा उत्साह था। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित मां शारदे की प्रतिमा की दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विधि-विधान से मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के बाद देवी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान नाचते-गाते चल रहे उत्साही युवकों ने खूब गुलाल उड़ाया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस मुस्तैद रही। नगर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में रखी गई मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन शनिवार की देर शाम तक किया गया। पुलिस ने सभी मूर्तियों को एक साथ कराकर सुरक्षा के साथ विसर्जित कराया। आयोजन समिति के लोग सुबह से ही पूजापंडालों को खोलने का काम शुरू कर दिये थे। इसके बाद माता की प्रतिमा की बैंडबाजे के साथ महाआरती की गयी। मंत्रोच्चार के बाद स्थापित कलश व प्रतिमाओं को स्थल से उठाकर सुरक्षित तरीके से ट्रैक्टर व अन्य वाहनों पर लादा गया। फिर ढोल-नगाड़े व अबीर-गुलाल उड़ाते हुए प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। जहां पूरे भक्तिभाव व पूजा-अर्चना के साथ प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। शहर में स्टीमरघाट पर बनाये गये अस्थायी विसर्जन स्थल पर बारी-बारी से प्रतिमाओं को विसर्जन करने का कार्य किया गया। यह क्रम दोपहर बाद से शुरू हो गया था, जहां देर रात तक यह चलता रहा। शहर के अलावा देहात क्षेत्रों से भी यहां प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए लाया गया था। विसर्जन जुलूस में शामिल युवक एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खूब जयकारा लगाया। मां सरस्वती के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती से विद्या व ज्ञान का वर मांगते हुए उन्हें विदा किया। सुरक्षा को लेकर सड़कों के अलावा विसर्जन स्थल पर पुलिस के जवान तैनात रहे। मुहम्मदाबादः तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांव में मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। डीजे पर नाचते गाते युवाओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए मां की प्रतिमा को गंगा किनारे स्थित तालाब में विसर्जित किया।



कचहरी मार्ग पर मां सरस्वती की मूर्ति विसर्जन करने जाते श्रद्धालु।



शाहनिंदा स्थित मां सरस्वती की मूर्ति विसर्जन में भक्तजन।

# थाना दिवस में डीएम ने सुनी फरियाद, निस्तारण का निर्देश

**गाजीपुर।** शासन के निर्देश पर चतुर्थ शनिवार को थाना दिवस के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी थाना कोतवाली में उपस्थित फरियादियों की फरियाद सुनी साथ ही शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। थाना दिवस पर शहर कोतवाली में 21 फरियादियों ने अपनी-अपनी शिकायतों को लिखित रूप में दिया। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष शिकायतों को जल्द से जल्द निस्तारण हेतु सम्बधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफियाओ के विरूद्ध एन्टी भू माफिया एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कड़ी कार्यवाही करे और गरीबों के पट्टे आदि की भूमि पर बार-बार कब्जा करने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि लेखपाल एवं हल्का सिपाही आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुए एक-दूसरे का मो.नम्बर अपने पास रखे तथा टीम बनाकर प्राप्त शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करे। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि शिकायतों का निर्धारित समय में निस्तारण न किये जाने पर सम्बन्धित लेखपाल एंव सिपाही पर अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, थानाध्यक्ष कोतवाली, लेखपाल, तहसीलदार, एंव अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



सदर कोतवाली में फरियाद सुनती डीएम आर्यका अखौरी।

## किशोर की मौत पर मजिस्ट्रेटियल जांच

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** उप जिलाधिकारी सैदपुर डा. पुष्पेन्द्र पटेल ने बताया है कि स्वैच्छिक संस्था पंडित भोला नाथ मिश्र, बालगृह (बालक) बड़ागॉव मखदुमपुर, सैदपुर में आवासित किशोर प्रदीप पुत्र धर्मपाल (14) की अज्ञात की मृत्यु दस जनवरी के प्रकरण में मजिस्ट्रेटियल जॉच शुरू कर दी गई है। जिस संबंध में उपजिलाधिकारी सैदपुर को मजिस्ट्रेटियल जॉच हेतु जिलाधिकारी के स्तर से नामित किया गया है। प्रकरण में मजिस्ट्रेटियल जॉच हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा साक्ष्य/ बयान दर्ज कराये जाने हेतु 15 फरवरी तक की तिथि निर्धारित की गयी है। कोई भी व्यक्ति उपरोक्त प्रकरण के संबंध में कोई भी जानकारी/अभिलेख प्रस्तुत कराना चाहता है।

## जिला कारागार का डीएम एसपी ने लिया जायजा

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह,भारी पुलिस फोर्स संग जिला कारागार गाजीपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार मे कारागार चिकित्सालय, महिला एंव पुरूष बैरक, रसोई घर, का निरीक्षण कर सघन तलासी ली तथा कारागार में लगाये सी सी टी वी की संचालन व्यवस्था की जॉच की। जिलाधिकारी ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती कैदियों से बीमारियों के सम्बन्ध में पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गयी, इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरकों का निरीक्षण किया गयां। बैरकों में बन्दियों के कार्ड पर अगली पेशी का दिनांक को चेक किया गया। कारागार में रसोई घर के निरीक्षण मे प्रत्येक दिनं बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा मे मोबाइल का प्रवेश न होने पाये इस हेतु रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जायें इसके अतिरिक्त महिला बन्दी गृह मे दी जा रही सुविधाओ के बावत जानकारी ली। मौके पर एस पी सिटी गोपी नाथ सोनी, क्षेत्राधिकारी सदर गौरव कुमार कई थानो के थानाध्यक्ष, एवं भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित है।

### एसपी ने नव निर्मित भवनों का किया निरीक्षण

**भांवरकोल।** स्थानीय थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह उपस्थित होकर थाना दिवस के अवसर पर आए कुल दो प्रार्थना पत्रों का अवलोकन किया। प्रार्थना पत्र गांव सभा जगतपुर और रानीपुर से भूमि विवाद संबंधित आए थे। जिसका निस्तारण करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित लेखपालों को मौके पर जाकर इसका निपटारा करने का निर्देश दिए एवं थाने में नव निर्माण हो रहे भवनों का निरीक्षण किया। श्री सिंह ने कहा कि इसकी साफ-सफाई कराई जाए एवं थाने पर आए हुए विवादों को सही ढंग से निपटारा किया जाए और सख्त लहजे कहा कि आम जनता की आवाज को नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

## सड़क दुघर्टना में अधेड़ की गई जान

जनसंदेश न्यूज

**नगसर।** स्थानीय क्षेत्र के असाव पुलिया के समीप शुक्रवार को देर रात सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसकी जानकारी थानाध्यक्ष नगसर को मिली ।जानकारी होते ही नगसर थानाध्यक्ष ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रेवतीपुर भेजा डॉक्टर ने गम्भीर हालत देखकर जिला अस्पताल गाजीपुर रेफर कर दिया जंहा उसकी मौत हो गई। घायल का पहचान सुहवल थाना के ढ़ढ़ नी रणवीर राय निवासी लालजी यादव उम्र 42 पुत्र रामरूप के रूप में हुई। थानाध्यक्ष नगसर आनन्द कुमार भारती ने बताया कि जानकारी मिलते ही घायल को अस्पताल भेजा गया और परिजनों को सूचना दिया गया जंहा मौत की पुष्टि के बाद परिजन अमरदेव सिंह यादव के तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## 141 लाख रुपये का कर्ज वितरित

**गाजीपुर।** जिला सहकारी बैंक लि गाजीपुर से वित्तपोषित जिला बेसिक शिक्षा परिषद प्राथमिक/उच्च प्राथमिक शिक्षक/कर्मचारी वेतनभोगी सहकारी ऋण समिति लि के 14 ऋणी सदस्यों को 141.00 लाख के ऋण वितरण चेक के माध्यम से राइफल क्लब में शनिवार को मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने किया। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक लि के अध्यक्ष सरोजेश सिंह, उपाध्यक्ष, अच्छेलाल गुप्ता, अंसल कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता, उदय चन्द्र राय प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नरेन्द्र कुमार वित्त एवं लेखा अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, सच्चिदानन्द सिंह, बैंक के समस्त संचालक गण एवं उक्त समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। इस समिति को बैंक द्वारा 275 सदस्यों को 49.00 करोड़ की ऋण सीमा स्वीकृत की गयी है। श्री कैलाश चन्द, सचिव,मुख्यकार्यपालक अधिकारी द्वारा बैंक की उपलब्धियों से अवगत कराया गया तथा वेतनभोगी समितियों को वितरित ऋण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। आयुक्त एवं निबंधक द्वारा वेतन के पच्चीस गुना अधिकतम 20.00 लाख रुपए तक का ऋण वेतनभोगी समिति सदस्यों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है।





































## जनसंपादकीय

# प्रसिद्ध कथाकार शिवमूर्ति के साथ लोकयात्रा

स्वप्निल श्रीवास्तव



प्रसन्नताएं आकस्मिक नहीं होती, उनके लिए प्रतीक्षा करनी पड़ती हैं। शिवमूर्ति जी लखनऊ से भाई के साथ फैजाबाद आए और वही से हम अपने यात्रापथ पर आगे बढ़े। फैजाबाद से बस्ती और वहाँ से बस्ती झबांसी रोड पर स्थिति रुधौली कस्बे में पहुंचे। रुधौली-सहजनवा मार्ग की आठ किलोमीटर की दूरी तय करते हुए हमें बेहद संकरी सड़कों से गाँव की तरफ जाना था। रास्ते में आमी नदी पड़ी। यह नदी डुमरियागंज तहसील के हलौर कस्बे के निकट गाँव तिलगढ़िया के एक पोखरे से निकलती है। पिपरा के राजघाट से होते हुए यह नदी मगहर पहुँचती है जहां कबीर की समाधि हैं। इस नदी को देखकर मुझे अपने बचपन के दिन याद आ गए। अब इस नदी पर पुल बन गया है जब पुल नही बना था तो हम इस नदी को नाव से पार करते थे। अब नदी पर न नाव है और न मल्लाह। सारे दृश्य विदा हो चुके हैं लेकिन वे सब हमारी स्मृति में दर्ज है।

शिवमूर्ति जी ने कहा कि आप धुर झगाँव में रहते हैं और यह सच भी है। गाँव पहुँचने के लिए पर्वतारोहड़ का आनंद मिलता है, सड़क के रास्ते से आने के लिए कई जगह बस बदलनी पड़ती है, टैंपो की सवारी के बाद पैदल का रास्ता तय करना पड़ता है। भले ही कार ने हमारा रास्ता आसान कर दिया हो लेकिन असली लुत्फ कठिन रास्तों में मिलते हैं। आसान रास्तों का सुख याद नही रहता। हमारे रास्ते हरियाली से भरे हुए थे। दूर-दूर तक गेहूं के खेत उसके बीच पीली सरसों के रंग। उन्हें देख कर तबीयत हरी हो जाती थी। चलते - चलते हम अपने गाँव के पास के कस्बे घोसियारी बाजार पहुँच चुके थे। मैंने शिवमूर्ति जी को बताया कि यह हमारे इलाके का हजरतगंज है जहां आसपास के लोग चाय पीने आते हैं, जिनकी हैसियत चाय से बड़ी होती है, उनके लिए ठर्रे और अंग्रेजी शराब की दुकान का इंतजाम है। एक वक्त में यहाँ मौसमी सब्जियां मिलती थीं लेकिन आलू और प्याज का मौसम बीत जाने के बाद उन्हे खरीदने के लिए रुधौली जाना पड़ता था। यहाँ हर सोमवार को साप्ताहिक बाजार लगता था।

अब यहाँ सब कुछ बदल गया था। यहाँ रोज बाजार सजती है। जो चीजें शहर में मिलती है, वह यहाँ भी सुलभ है। यहाँ फाइबर कैफे पहुँच चुके हैं, कस्बे की दुकाने सड़कों पर स्थापित हो गयी हैं। इलाके का जीवन स्तर और अर्थशस्त्र बदल गया है। शिवमूर्ति जी को मैंने बताया कि इस बाजार के पास में जेबकतरों का गाँव है जिनका पेशा जेब काटना हैं।

मैं जिस गाँव में रहता हूँ उसमें अस्सी फीसदी आबादी मुस्लिम है। बाकी में ओबीसी और एक दो सवर्ण जातियाँ हैं। इसके बावजूद यहाँ कोई धर्म जाति का विभाजन नहीं था, सभी लोग एक जैसे थे। एक दूसरे का त्योहार इस तरह से मनाते थे जैसे वे उनके ही त्योहार हो। ताजिये के त्योहार मुहर्रम में सबसे ज्यादा हिन्दू समाज शामिल होता था। इसी तरह होली में मुसलमानों की संख्या ज्यादा होती थी। मुसलमानों के नाम हिन्दू नाम थे। इन्हें जोगी कहा जाता था। ये भरथरी और गोपीचंद्र का जीवन आख्यान और निर्गुण मगन होकर गाते थे। इन्हें नाथ संप्रदाय से जोड़ कर देखा जाता है।

लोकगायक तो गाँव में ही था, ढोल बजानेवाले जोड़ीदार को बाहर से बुलाना था। मुस्लिम होते हुए भी उनके हिन्दू नाम थे। गायक का नाम झीनन और ढोलकिये का नाम संतलाल था। दोनों ने मिलकर निर्गुण और अन्य तरह के गीत गाए। उसके बाद राजा भरथरी का आख्यान सुनाया जो बेहद करुण और रोचक था। बहुत दिन बाद लोकरस प्रवाहित होते हुए देख रहा था। गाँव का यह घर हम लोगों के आने के बाद आबाद होता था, बाकी दिनों में वीरानगी छायी रहती है। मुझे उन दिनों की याद आ रही थी जब घर लोगों से भरा हुआ रहता था।

ओसारे में गवैयों को सुनने के लिए गाँव के लोग इकट्ठा हो चुके थे। उनके चेहरों पर उत्साह था। इस तरह का उत्साह नचदेखवों में दिखाई देता है। शिवमूर्ति जी इस दृश्य को अपने वीडियो कैमरे में दर्ज कर रहे थे। सारंगी वादन और ढोल की आवाज, दोनों मिल कर यादगार दृश्य का सृजन कर थे। कुछ लोग मंडली के पास बैठे हुए तो कुछ अलाव के पास लेकिन उनके कान उधर ही लगे हुए थे। आधी रात तक लोकरस की धारा बहती रही और हम उसके साथ बहते रहे।

अगले दिन बुद्धा नदी और बबूल - वन घूमना था। एक जमाने में वह बंजर का इलाका था लोग दिन में जाते हुए डरते थे लेकिन अब वह क्षेत्र गुलजार हो चुका है। इसी इलाके में राम लखन साधु की कुटी थी। यह आश्रम उन्होंने उस समय बनाया था, जब यह इलाका निर्जन था। बबूल - वन के ठाट ही अलग थे, यहाँ हिरणों के झुंड थे लेकिन जैसे ही आहट मिलती, वे छलांग लगा कर जंगल में गुम हो जाते थे। वहाँ रंग बिरंगे परिंदे, नीलगाय और साड़ थे। गाँव से जाने के एक दिन पहले अलाव गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें मेरे कई बालसखा उपस्थित हुए। सबके पास बचपन के दिनों के किस्से थे। मोहनलाल इस गोष्ठी के मुख्य आकर्षण थे। उनके पास असम और बंगाल के अनोखे वृतांत थे। इस किस्से में उनके निकाह का किस्सा था। उनकी बेगम असम की है। उनकी सुनायी गयी कहानियों में जादुई यथार्थवाद था। मोहनलाल मेरी कहानी मुसलमानी के नायक हैं।

आधी रात तक बतकही चलती रही। लोग अपने-अपने अनुभव सुनाते रहे। अलाव में आग जलती रही। जब हम लौट रहे थे तो हमारे साथ बहुत सी स्मृतियाँ चल रही थी। ये कुछ दिनों तक हमारे साथ रहेगी फिर हम शहर के कोलाहल में उन्हें भूलते जायेंगे।

**(लेखक कवि व कथाकार हैं, संपर्क 9415332326)**

## केशव शरण की कविताएँ

### 1. मारे गयों की गणना

कोई गणना नहीं होती/ कितने जानवर मारे गये/ कितने पंछी/ कितने कीट/ कितनी तितलियाँ/ कितनी मछलियाँ
इंसान की भी गणना/ कम दिखायी जाती है
जो मारे जाते हैं/ वे कसूरवार नहीं होते हैं
जो मारते-मरते हैं/ वे भी कसूरवार नहीं होते हैं
कसूरवार हैं वे/ जो भगवानों में आने के लिए/ आदमियों को मरवाते हैं
ऐसा ही होता है/ उनका युद्ध भी/ उनका एक समझौता है
जब मारे गये लोगों की दुनिया/ बहुत तबाह हो जाती है/ उनके स्वजनों/ संग्रहालयों, राष्ट्रीय धरोहरों/ और पुस्तकालयों समेत/ तो वे शांति पर संधि करते हैं/ और सद्भाव के मसीहा बनते हैं
मारे गये लोगों के लोग/ निर्माण में लगते हैं/ जिसमें शामिल हो जाते हैं/ जानवर भी/ पंछी भी/ कीट भी/ तितलियाँ भी/ और मछलियाँ भी।

### 2. उपलब्धियों में शामिल

अद्भुत है कि/ जो मैं चाहता हूँ/ यह सरकार/ साकार कर देती है
जैसे कि/ एक लम्बे अरसे से/ मैं गंगा पार रेत पर
तम्बुओं का एक छोटा-सा गाँव चाहता था
और उसमें कुछ दिन रहना/ तथा जल परिवहन/ प्रथम घाट से अंतिम घाट तक
एवम् एक सार्वजनिक संवाद केंद्र के लिए/ कोई सुन्दर-सा भवन
पर दुख है कि/ मैं इनका भारी किराया नहीं भर सकता हूँ/
इन्हें बस सरकार की उपलब्धियों में/ शामिल कर सकता हूँ




**संपर्क 9415295137**


# श्रम और समता के कवि संत रविदास

नयी आमद



डा. विंध्याचल यादव



सेतु प्रकाशन समूह द्वारा प्रकाशित किताब 'राग रविदास' हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि श्रीप्रकाश शुक्ल की नई नवेली किताब है, जो भक्ति आंदोलन के शांत किंतु शक्तिशाली स्वर संत रविदास और दलित-दमित समाज के साथ बनते लोकवृत्त पर केंद्रित है।

श्रम-समता-स्वाधीनता और सामाजिक वर्जनाओं की घनघोर पीड़ा के कवि संत रविदास अपने स्वभाव में साधु थे किंतु संस्कार से स्वाभिमानी। हिंदू संस्कृति की रूढ़ियों, विप्र-संस्कृति के पाखंड और कर्मकांडों पर विनम्रता पूर्वक प्रतिवाद करते हुए रविदास अपने समय में ईश्वर की अवधारणा को खारिज नहीं करते बल्कि उसको बदलने की कोशिश करते हैं। उनके यहां प्रभु से प्रार्थनाएं तो हैं लेकिन उनका स्वर पीड़ा से विंधा हुआ है। समानता की भावना ही असल में वह आकांक्षा है जिसके लिए वे प्रभु के पास जाते हैं। क्योंकि समानता की अनुपस्थिति ही उनकी पीड़ा का कारण है। इस तरह हिंदू समाज का हिस्सा रहते हुए इसमें मौजूद सवर्ण,वर्ण और पाखंड एवं प्रभुता का एक शालीन प्रत्याख्यान रविदास की कविताएं करती हैं। इन्हीं अर्थों में रविदास ईश्वर की सत्ता को पश्चिमी मृत्युवादी घोषणाओं के अर्थ में नकारे बगैर एक ठेठ भारतीय देशज आधुनिकता का लोकवृत्त सृजित करते हैं। इस किताब में श्रीप्रकाश शुक्ल ने रविदास के 'संत' और 'भक्त-राग' से अधिक उनके 'कवि-राग' को महत्व दिया है, जैसा कि हजारी प्रसाद द्विवेदी अपने 'कबीर' में कबीर के संदर्भ में नहीं कर पाते। हजारीप्रसाद द्विवेदी के लेखे कबीर मूलतः भक्त थे, बाकी सब 'फोकट का माल'।रविदास के लिए जितनी महत्वपूर्ण ईश्वर और जीव की अभिन्नता थी उससे कम मूल्यवान कविता और भक्ति की अभिन्नता नहीं थी। रविदास के लिए कविता और भक्ति अलग नहीं है। कवि के रूप में रविदास की पहचान उनकी मनुष्यता और स्वाधीन चेतना को बुनियादी तौर पर मान्यता देती है। अपनी इसी स्वाधीन चेतना और मौलिक कवि दृष्टि से रविदास ने ईश्वर को श्रम से जोड़ दिया और इस प्रक्रिया में 'श्रम' को ही ईश्वर बना दिया। मध्यकालीन धर्म साधना में 'श्रम' को ईश्वर बनाने का उनका योगदान बेहद क्रांतिकारी है।जाति के ऊपर कर्म की मध्यकाल में यह एक बड़ी विजय है। स्वर्ण और वर्ण का निषेध जिस तरह रविदास की रचनाओं में मिलता है, वह भारतीय संस्कृति में मौजूद सनातन हिंदू मानस को बुरी तरह झकझोरता है। स्वर्ण और वर्ण के प्रति उनकी कविताओं में व्यक्त उदासी क्रमशः श्रम और समता के पक्ष को रेखांकित करती है।इसी तरह हिंदुत्व की श्रेणीबद्धता को नकारते हुए समानता के जिन मूल्यों की मांग रविदास की कविता करती है उससे उत्तर भारत की दलित जातियों को एक दूसरे से जोड़ने में निर्णायक मदद मिलती है।

यूं भी रविदास को गंगा,बनारस और सीर के भूगोल के बगैर नहीं समझा जा सकता, जहां रहते हुए मडुवाडीह में कबीर से संवाद के बीच उनका सगुण से निर्गुण में रूपांतरण होता है। उनके 'बेगमपुरा' की अवधारणा को भी इस भूगोल और संस्कृति व समाज के बगैर नहीं समझा जा सकता। रविदास की कविताओं में इस काशी के खिलाफ एक 'प्रति काशी' की उपस्थिति का एहसास होता है। उनके यहां धूप,दीप और नैवेद्य की जगह 'नाम की महत्ता' है। यहां यही नाम ही भजन भी है और आरती भी। आरती को लेकर रविदास का बड़ा प्रसिद्ध पद है- नामु तेरो आरती मजनु मुरारे।यहां आकर लगता है रविदास के इस पद के पीछे एक गहरी सांस्कृतिक बेचैनी है और वे पारंपरिक आरती के वर्चस्व के समानांतर एक मुक्तिकाम आरती का विकल्प देना चाहते हैं। जहां नामस्मरण ही मजन अर्थात स्नान है। उनके यहां 'चित्त'को कागज बनाना है और आंखों को 'स्याही'। विषाक्त सामाजिक वर्चस्ववाद के खिलाफ नामस्मरण और भाव-भगति रविदास की ताकत है। रविदास भारतीय संस्कृत में व्याप्त पुरोहित वर्ग के वर्चस्व का प्रतिवाद करते हैं जिसने अपने प्रपंची अनुष्ठानों के माध्यम से ईश्वर को 'अपने ईश्वर' में बदल दिया है- आपन अनत और नहिं मानत तातें मूल गवाई। भूख प्यास और गरीबी से अधिक रविदास को तत्कालीन समाज में वर्चस्व की सत्ता से टकराना पड़ा था इसी कारण हम देखते हैं कि वह कई पदों में आरती शब्द की अनुष्ठान इक मनोवृति की तीखी आलोचना करते किंतु अपना पक्ष बड़ी विनम्रता से रखें इसी सामाजिक विषमता और उत्पीड़न की बड़ी गाड़ी उदासी रविदास की कविता में पाई जाती है। जाति-पीड़ा, कर्मकांड,यज्ञ-योग और विप्रसंस्कृति के पाखंड के साथ उनके समय में आयी हैजा और चेचक की महामारियां भी हैं जिनका शिकार दलित और दुखियारी जनता सर्वाधिक होती है। इन महामारियों के बीच रविदास ने कर्मकांड की उपासना में फंसे मंदिरों के अक्षमताओं को समझ लिया था।समझ लिया था कि इन दीन-दुखियों की पीड़ा का निवारण मंदिर के राम नहीं मन के राम करेंगे।यहीं से रविदास सगुण से निर्गुण की तरफ चलते हैं। राम जन होउं न भगत कहाउं सेवा करूं न दासा।/जोग जग्य गुन कछू न जानू,तातें रहूं उदासा।

निष्कर्षतः कहें तो रविदास को भक्त की जगह कवि के रुप में देखकर इस किताब के लेखक ने अपने समय की राजनीति में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और धर्मांधता की बढ़ती प्रवृत्तियों का प्रत्याख्यान किया है।यह गौरतलब है कि हिंदी के बहुत बड़े आलोचक रामविलास शर्मा रविदास के परवर्ती एक दूसरे भक्त कवि तुलसीदास की सर्वप्रमुख रचना रामचरितमानस को हिंदू धर्मग्रंथ तक घोषित करने की भूल की,जिसका पूरा फायदा समाज की प्रगतिविरोधी शक्तियां कर रही हैं। हजारी प्रसाद द्विवेदी जी द्वारा भी कबीर को भक्त सिद्ध करने का ही प्रतिफल रहा है कि रूढ़िवादी हिंदू शक्तियां उन्हें अपने हिंदुत्व के ढांचे के अनुकूल होने का दावा कर रही हैं और रामविलास शर्मा जैसे तमाम हिंदी आलोचकों की तरह ही सगुण से निर्गुण धारा की क्रांतिकारी विलक्षणता को मटियामेट कर रही हैं। संभवतः इसीलिए श्रीप्रकाश शुक्ल का बहुत स्फीतिकर झुकाव उनके कवि-रुप की तरफ है।यह किताब रेखांकित करती है कि रविदास की कविताई ने हिंदू धर्म-संस्कृति के श्रेणीबद्ध समाजिक ढांचे के अंतर्विरोधों को उसी के टूल्स और भाषा में प्रतिउत्तर दिया है। उनकी आरती संबंधी कविताएं और 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसी उक्तियां इसी तरह के काउंटर नैरेटिव हैं।

यह किताब रविदास के जन्मस्थान को लेकर हुई साहित्यिक बहस पर बहुत गहराई और प्रामाणिकता से तो विचार करती ही है, साथ ही जन्मस्थान से संबंधित कांग्रेस बनाम बहुजन समाज पार्टी की राजनीति को भी रेखांकित किया है। लेखक का निष्कर्ष है कि रविदास का जन्म स्थान मंडुआडीह नहीं, सीरगोबर्धन गांव ही है,जिसे रविदास अपनी कविता में बेगमपुरा के रूप में यूटोपिआइज करते हैं। किताब के एक बड़े हिस्से में रविदास को मानने वाले दलित समुदाय के पंजाबी और राजस्थानी जन द्वारा बनाए गए रविदासिया धर्म और उसके सिद्धांतों को हिंदू धर्म के विकल्प के तौर पर चिह्नित किया गया है।रविदासिया धर्म के औचित्य पर लेखक कहता है कि-सैकड़ों वर्षों से दलित, हिंदू धर्म के भीतर गुलामी का जीवन जीते रहे हैं पहले यह मुसलमान हुए।समानता वहां भी नहीं मिली। फिर यह दलित लिंगायत में भी गए। वहां भी समानता नहीं मिली। फिर यह सिख धर्म में गए वहां भी इनके प्रति घृणा का भाव ही मिला,तब इन्हें अपने धर्म की बात करनी पड़ी जो 'अपना' हो अपना लगे यही 'आजादी का धर्म' है ।₹

यह किताब श्रीप्रकाश शुक्ल की वृहद पुस्तक 'भक्तिकाव्य का लोकवृत्त और रविदास की कविताई' के पूर्वरंग के रुप में हमारे सम्मुख है, जिसमें श्रीप्रकाश शुक्ल ने रविदास का मूल्यांकन जितना साहित्यिक किया है, उतना ही समाजशास्त्रीय भी। रविदास जयंती पर माघी पूर्णिमा में सीर स्थित रविदास मंदिर पर लगने वाले लक्खी मेले में आने वाली जनता को और उनकी गतिविधियों को केस स्टडी की तरह किताब में बरता गया है। इस दृष्टि से रविदास पर लिखी यह एक अनूठी किताब है। यह अनूठी इस अर्थ में भी है कि हमारे समय का एक कवि अपने पूर्वज पितामह कवि को किस आत्मीयता से देख रहा है-कविता के मन से और आलोचना की आंख से। हमें नहीं भूलना चाहिए कि श्रीप्रकाश शुक्ल रविदास जन्मस्थान के गंगायाम घोषः जैसी समीपता के दायरे में रहते हैं और उन पर कविता लिखते हैं।

**( लेखक काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में प्रोफेसर हैं, संपर्क 80041 30639)**

# फूल और उम्मीद के कवि हैं गोरख पाण्डेय

स्मृति दिवस पर



कौशल किशोर

29 जनवरी गोरख पांडेय का स्मृति दिवस है। यह उनकी 34 वीं पुण्यतिथि है। उनका जन्म 1945 में पंडित के मुंडेरवा, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश में हुआ था। गोरख पांडे सिर्फ कवि नहीं थे। इसके साथ वे एक चिंतक, दार्शनिक और संगठनकर्ता भी थे। इन सभी क्षेत्रों में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका रचना कर्म करीब दो दशक का रहा है। उनके पहले चरण की शुरूआत बनारस में होती है। यह उनके बनने का दौर है। नक्सलबाड़ी किसान आंदोलन का सांस्कृतिक प्रभाव साहित्य की खास परिघटना है। इसने भारतीय साहित्य की जमीन और दिशा को बदलने का काम किया। हिन्दी में एक नई पीढ़ी सामने आई। 'शुरूआत' नाम से हिन्दी के चार कवियों का संग्रह सामने आया जिसकी भूमिका हंसराज रहबर ने लिखी। कुमारेन्द्र, आलोक धन्वा, वेणु गोपाल, कुमार विकल आदि उस दौर की अगली कतार के कवि थे।

नक्सलबाड़ी का प्रभाव गोरख पांडे के जीवन और रचनाओं पर पड़ा। 'वसंत के वज्रनाद' ने मुक्ति का जो स्वप्न दिया, इसे मूर्त करना उनके जीवन का मकसद बन गया। इसी स्वप्न के साथ वे बनारस से दिल्ली आये। यह दूसरा चरण है जहां उनके सृजन और स्वप्न को विस्तार मिला। उल्लेखनीय है कि भारी दमन उत्पीड़न के कारण जहां नक्सलबाड़ी की आग को शासक-सत्ता द्वारा खत्म मान लिया गया था। वहीं, उसकी वैचारिक आग साहित्य में धधकती है। वह आंदोलन बाद में फिनिक्स पक्षी की तरह जी उठता है। उसकी क्रांतिकारी उष्मा को महसूस किया जाता है। गोरख पांडे इसके सांस्कृतिक प्रवक्ता और उसके प्रमुख कवि के रूप में सामने आते हैं। न सिर्फ विषय-वस्तु के धरातल पर बल्कि कहन के स्तर पर भी गोरख की कविताओं और गीतों में गुणात्मक रूप से भिन्नता दिखती है। यह इमरजेंसी के बाद अस्सी के दशक का दौर था, जब लोक संवेदना के नाम पर चिड़िया, पेड़-पौधे आदि को केन्द्र कर कविताएं लिखी जा रही थीं। इसी समय 'कविता की वापसी' का नारा दिया गया। यह कविता में कलावाद को प्रतिष्ठित करना था। यही वक्त है जब गोरख पांडे का कविता में हस्तक्षेप देखने में आता है। उन्होंने कविता के विभिन्न रूपों में जनवाद को प्रतिष्ठित किया और छंद मुक्त से लेकर गीतों, गजलों में कविताएं लिखीं।

गोरख पाण्डेय के भोजपुरी में लिखे नौ गीत चर्चा में आये और लोगों की जबान पर चढ़ गए। उनके आंदोलनों में सांस्कृतिक हथियार बन गए। वस्तु और रूप दोनों धरातल पर यह कविता की नई जमीन थी। यह जमीन जन संघर्षों की जमीन थी। यह यथार्थ जनजीवन का यथार्थ था। यह सौंदर्य श्रम और संघर्ष का सौंदर्य था। गोरख पाण्डेय का लिखा गीत 'जनता के आवे पलटनिया हिलेला झकझोर दुनिया' आज भी संघर्षों में गाए जाते हैं। यह कविता में जनशक्ति के आलोड़न की अभिव्यक्ति है। 1983 में उनका पहला कविता संग्रह आया 'जागते रहो सोने वालो'। इस शीर्षक से ही समझा जा सकता है कि गोरख अपने गीतों-कविताओं से क्या संदेश देना चाहते थे। एक अन्य भोजपुरी गीत में वे कहते हैं 'गुलमिया अब हम नाहीं बजइबो, अजदिया हमरा के भावेले।' उन्होंने किसानों के लिए कहा कि ये सूरज हैं, हम उनकी किरण हैं। किसान जनता और शोषित श्रमिक जन के साथ जो अपनापा, प्रेम और भावनात्मक रिश्ते की अभिव्यक्ति गोरख की कविता में है, वह अद्भुत ही नहीं है बल्कि हिन्दी कविता में आज दुर्लभ है। 'नेह के पांती' में गोरख कहते हैं 'तूं हव श्रम के सुरुजवा हो, हम किरनिया तोहार/तूं हव जग के परनवा हो, हम संसरिया तोहार/रचना के हव तूं बसूलवा हो, हम रुखनिया तोहार/तूं हव नेह के पतिया हो, हम अछरिया तोहार/तूं हव मुकुति के धरवा हो, हम लहरिया तोहार'।

गोरख पाण्डेय की कविताओं-गीतों में हम कला का उच्च स्तर तथा सौंदर्य का नया नमूना पाते हैं। भोजपुरी कविता में उन्होंने अद्भुत बिम्बों की रचना की है। ये गढ़े हुए नहीं हैं बल्कि लोकजीवन व आम जिंदगी के हैं। यह जनकवि का इंद्रियबोध और दृष्टि है जो उसे पकड़ती है, कविता में ले आती है और श्रम की दुनिया को गरिमा प्रदान करती है। 'मैना' को लेकर उन्होंने कविता लिखी। इसमें सामाजिक द्वन्द्व और शोषक वर्ग की क्रूरता सामने आती है। गोरख ने 'मेहनतकशों का गीत', 'मोर्चे का गीत', 'आशा का गीत', इंकलाब का गीत', सोहनी का गीत', पैसे का गीत', 'समझदारों का गीत', 'मल्लाहों का गीत', 'संसद का गीत', 'वतन का गीत' जैसे अनेक गीत लिखे। इनके शीर्षक से ही संदर्भ को समझा जा सकता है।

गोरख पाण्डेय की शोषित पीड़ित जन के साथ का आत्मीय लगाव है जो उनका दुख कवि का दुख बन जाता है। उसकी गहन अनुभूति न सिर्फ इसके कारणों की पड़ताल करती है बल्कि दुख को पैदा करने वाली दुनिया ;व्यवस्थाद्ध को बदल देने की उत्कट आकांक्षा तक जाती है। यह दुख दर्द बन छलछलाता है, बेचैन कर देता है और कविता में कुछ यूं व्यक्त होता है: 'ये आंखें हैं तुम्हारी/तकलीफ का उमड़ता हुआ समुन्दर/इस दुनिया को/जितना जल्दी हो बदल देना चाहिए'। इस कविता में 'जितना जल्दी हो' आवेजक है जो बदलाव को मात्र आकांक्षा तक सीमित नहीं कर उसे आवेग और त्वरण से पूर्ण क्रिया में बदल देता है। यहां प्रेम और घृणा के बीच का तीव्र द्वन्द्व है। गोरख के काव्य की यह खासियत है कि वहां अपने जन के प्रति अगाध लगाव है, वहीं शोषक-शासक वर्ग, प्रभु वर्गों, प्रतिगामी शक्तियों और सत्ताधारियों के प्रति नफरत का भाव है।

गोरख पाण्डेय की समझ है कि कला-संस्कृति का क्षेत्र वैचारिक क्षेत्र है जहां आपको सुरक्षात्मक नहीं वरन आक्रामक होना पड़ेगा। 1984 के सिख विरोधी हिंसा पर लिखी कविता में यह तेवर द्रष्टव्य है। वे सवाल करते है 'बोलो, यह पंजा किसका है?/यह खूनी पंजा किसका है?...सत्तर में कसा कलकत्ते पर/कुछ जवां उमंगों के नाते/कस गया मुल्क की गर्दन पर/पचहत्तर के आते आते/आसाम की गिली मिट्टी में/यह आग लगाता आया है/पंजाब के चप्पे पर/अब इसका खूनी साया है'। कविता में सवाल है तो उसका जवाब भी है, कुछ इस तरह: 'यह पंजा नादिरशाह का है/यह पंजा हर हिटलर का है/ये जो शहर पर आग सा बरसा है/यह पंजा हर जालिम का है' और आगे इसके विरुद्ध उठ खड़े होने और कर्रवाई में उतर जाने का जागरण भी है: 'ऐ लोगो! तोड़ो वरना/हर जिस्म के टुकड़े कर देगा/हर दिल के टुकड़े कर देगा/यह मुल्क के टुकड़े कर देगा'। यह कविता आजादी के बाद की दमनकारी सत्ता की बर्बरता को सामने लाती है, बाबरी मस्जिद ध्वंस जैसी फासीवादी कुकृत्य, गुजरात 2002 की सांप्रदायिक हिंसा....के इतिहास को दृश्यमान करते हुए यह 1984 से आगे बढ़कर वर्तमान में पहुंच जाती है और हमारे साथ चलती है।

इस तरह एक तरफ गोरख पाण्डेय ने कविता को क्रांतिकारी राजनीति व वैचारिकी पर खड़ा किया, वही उसमें कला के नए प्रतिमान गढ़े और कलात्मक विस्तार दिया। यही कारण है कि गोरख पाण्डेय की कविताएं जनवादी काव्यधारा में मॉडल का काम करती हैं। उनका कविकर्म सामाजिक कर्म भी था जो जन सांस्कृतिक आंदोलन में नेतृत्वकारी भूमिका के रूप में सामने आया। आज उनको याद करना अपने साथी, सहयात्री और सहयोद्धा को याद करना है। हमारा करीब डेढ़ दशक का साथ रहा।



हमलोगों ने मिलकर बिहार व उत्तर प्रदेश के विभिन्न अंचलों सहित पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पंजाब आदि का दौरा किया। यह सांस्कृतिक आंदोलन को खड़ा करने और उसे संगठित करने की कोशिश थी। उसी का प्रतिफल 1985 में जन संस्कृति मंच (जसम) की स्थापना के रूप में सामने आया। मंच के निर्माण से लेकर उसकी वैचारिकी की निर्मिति में गोरख पाण्डेय की महती भूमिका थी।

जसम का निर्माण कोई अचानक हो जाने वाली सांस्कृतिक परिघटना नहीं थी। सांस्कृतिक आंदोलन को संगठित करने की प्रक्रिया का आरंभ उत्तर प्रदेश जन संस्कृति मंच और नवजनवादी सांस्कृतिक मोर्चा, बिहार के साथ गोरख पाण्डेय की पहल पर दिल्ली में नवजनवादी सांस्कृतिक संगठन के निर्माण से होता है। गोरख पाण्डेय का एक संस्कृतिक एक्टिविस्ट, विचारक व संगठनकर्ता का रूप सामने आता है। उनकी चिंता और चिंतन के केंद्र में यह बात है कि जो संस्कृतिकर्म हो रहा है, जो सांस्कृतिक टीमें अस्तित्व में आ रही है, उन्हें और लेखकों व संस्कृतिकर्मियों को कैसे संगठित किया जाए? उसका वैचारिक आधार और सांस्कृतिक स्वरूप क्या हो? सांस्कृतिक आंदोलन की दिशा क्या हो?

जन संस्कृति की परंपरा क्या है? वैचारिक दृढ़ता के साथ व्यवहारिक लचीलापन वाली कार्यशैली कैसे बने? विमर्श का विषय यह भी था कि राजनीति के साथ साहित्य का रिश्ता क्या हो? इस दौर के सवालों से जूझने और हल करने के संबंध में गोरख पाण्डेय की भूमिका को रेखांकित किया जाना चाहिए। उनके सृजन और विचार से लेकर संगठनात्मक कार्य में भी सृजनात्मकता और कल्पनाशीलता मौजूद रही है। वे हजार विपरीतताओं और नाउम्मीदी के बीच भी हमारे स्वप्न को जिलाए रखते हैं तथा संघर्ष को धार देते हैं: 'हमारी यादों में छटपटाते हैं/कारीगर के कटे हाथ/सच पर कटी जुबानें चीखती हैं हमारी यादों में/हमारी यादों में तड़पता है/दीवारों में चिना हुआ प्यार/....यहीं पर एक बूढ़ा माली/हमारे मृत्युग्रस्त सपनों में/फूल और उम्मीद रख जाता है।'

**(एफ - 3144, राजाजीपुरम, लखनऊ . मोबाइल - 8400208031)**

# हिंदी गजल का शिल्प-सौंदर्य और वर्तमान

मूल्यांकन



हरेराम समीप

राजेन्द्र वर्मा हिन्दी के बहुआयामी साहित्यकार हैं। अपनी चार दशक की लेखन-यात्रा में उन्होंने जहाँ कविता, गीत, गजल, दोहे, हाइकु आदि की अनेक पुस्तकें लिखीं हैं, वहीं कहानी, उपन्यास, व्यंग्य और आलोचना पर भी अनेक उत्कृष्ट पुस्तकें हमें प्रदान की हैं। हिंदी गजल से उनका विशेष लगाव रहा है। वे बरसों से गजल-कर्म में तल्लीन हैं। जाहिर है, बरसों की इस गजल-साधना ने उन्हें गजल के व्याकरण-ज्ञान में भी पारंगत बना दिया है। खुशी की बात है कि राजेन्द्र जी ने अपने इस व्याकरण-ज्ञान या इल्मे-अरूज को आधार बनाकर कठिन श्रम और लम्बी साधना से 'हिंदी गजल : शिल्प और सौंदर्य' ग्रन्थ की रचना की है। इस पुस्तक के अस्तित्व में आने की एक वजह यह भी है कि राजेन्द्र जी को हिन्दी गजल के वर्तमान परिदृश्य में जो बात सबसे अधिक खटकती रही है, वह है गजल में गुणवत्ता या प्रभावशीलता की कमी। यूँ तो हिन्दी में आज खूब गजलें लिखी जा रही हैं और पत्र-पत्रिकाओं में उन्हें स्थान भी मिल रहा है, लेकिन इन गजलों में क्या कमी है और किस प्रकार के दोष हैं, इसका ज्ञान न तो गजलकार को होता है और न ही पत्रिका के सम्पादक को। परिणाम यह होता है कि पाठक अच्छी गजलों से वंचित रह जाते हैं। यही स्थिति फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि पर भी है। वहाँ गजलें छाई तो रहती हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश गजल के व्याकरण की कसौटी पर दोषपूर्ण और बेढब ठहरती हैं। विडम्बना यह भी है कि इन बेढब गजलों पर कभी कोई सार्थक टिप्पणी नहीं करता और परिणामस्वरूप, ऐसे गजलकार उसी तरह की दोषपूर्ण गजलें, बिना व्याकरण संबंधी बारीकियों से परिचित हुए जीवन भर लिखे चले जाते हैं। हम जानते हैं कि गजल के छंद-विधान पर सभी गजलकारों की पकड़ नहीं होती और वे कहीं-न-कहीं बह्र या वजन में गलतियाँ कर जाते हैं; कभी कभी भाषा की गलती से गजल का सौंदर्य भी धुँधला हो जाता है। नई पीढ़ी का इन बारीकियों पर पर्याप्त ध्यान भी नहीं होता, दूसरी ओर उन्हें इस तरह की कोई मार्गदर्शक पुस्तक भी सहज उपलब्ध नहीं होती जिससे वे खुद को सुधार सकें। यह किताब उस अभाव को पूरा करती है।

राजेन्द्र जी चाहते हैं कि हिंदी गजल की पहचान उसके कथ्य, शिल्प और भाषा के साथ-साथ हिंदी गजल के सौंदर्य को विकसित करते हुए अपने उत्कर्ष को प्राप्त करे और वह उर्दू गजल से किसी भी निकष पर पीछे न रह पाए– यह पुस्तक इस दिशा में गंभीर चिंतन करते हुए एक शिक्षक की भूमिका निभाती दिखती है, जो गजलकारों की नई पीढ़ी को बेहतर गजल लिखने के लिए न केवल प्रेरित करेगी, बल्कि उर्जस्वित भी करेगी।

लेखक ने पुस्तक को सात खंडों में विभक्त किया है। पहले खंड में गजल का उद्भव, विकास, विरासत, विस्तार, उसकी पहचान और उसका वर्तमान स्वरूप वर्णित है, दूसरे खंड में गजल के शिल्प के अंतर्गत शेर, बहर, अरकान आदि को विस्तार से समझाते हुए वे गजल के अनेक पहलुओं पर प्रकाश डालते हैं। तीसरे खंड में हिंदी गजल के सौंदर्य को स्पष्ट किया गया है, जिसमें काव्यगत सौन्दर्य से लेकर कथ्यगत सौंदर्य, भाषिक सौंदर्य, शिल्पगत सौंदर्य आदि को सूक्ष्मता से विश्लेषित कर तत्समबंधी अशआर भी प्रचुरता से उद्धृत किए गए हैं। चौथे खंड में हिंदी गजल का वर्तमान परिदृश्य की एक झलक पेश करने की कोशिश है, जिससे गजल के ज्ञाता और गजल प्रेमी दोनों हिंदी गजल से परिचित हो पायेंगे। पाँचवें खंड में जहाँ हिंदी गजल के विकास में आ रही चुनौतियाँ को पेश किया गया है, जिसमें कथ्यगत, शिल्पगत और भाषागत कमियों की ओर संकेत किया गया है, वहीं छठे खंड में बदलते समय में हिंदी गजल की संभावनाओं की तलाश की गयी है। अंतिम खंड में हिंदी गजल के विकास में आलोचना पर यथेष्ट प्रकाश डाला गया है और समकालीन कविता में गजल के समावेश को लेकर आलोचकों की प्रवृत्ति पर सवाल भी उठाया गया है।

पुस्तक के अंत में तीन महत्वपूर्ण सूचियाँ दी गई है। इनमें फारसी छंदों और हिंदी छंदों में साम्य को रेखांकित किया गया है और कुछ मात्रिक छन्द खोजे गए हैं जिनमें हिंदी गजल आसानी से लिखी जा सकती है। अंतिम सूची में उन पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं का उल्लेख है जिनका उपयोग पुस्तक में हुआ है। इससे पता चलता है कि




राजेन्द्र जी ने गजल के स्वरूप और उसके वर्तमान पर कितना विशद अध्ययन किया है। इस प्रकार उन्होंने गजल पर व्यापक और सार्थक चर्चा करके एक सामान्य गजलकार के बुनियादी प्रश्नों का समाधान इसमें प्रस्तुत कर दिया है। यह पुस्तक केवल गजल के व्याकरण पर ही केन्द्रित नहीं है, बल्कि हिंदी गजल के समकालीन परिदृश्य की भी एक भरपूर झाँकी प्रस्तुत की गई है। कुल मिलाकर उनका यह कार्य एक जरूरी शोधपूग्रंथ की तरह हमारे सामने आता है। राजेन्द्र जी ने यह काम जितनी गंभीरता और जिम्मेदारी से किया है, उसके लिए गजल की दुनिया सदैव उनकी ऋणी रहेगी

**(मो. 9871691313)**

# किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में लगी केंद्र और राज्य सरकार



उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर

**फूलपुर(आजमगढ़)।** प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत डिजिटल लेन देन में विश्व में पहले स्थान पर है। सकल घरेलू उत्पाद के लगातार बढ़ने से देश तरक्की कर रहा है। उक्त बातें फूलपुर के आदर्श इंटर कालेज में आयोजित लोक सभा प्रवास योजना बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कही।

बैठक को संबोधित करते हुए नरेंद्र सिंह तोमर ने आगे कहा कि जीएसटी से देश की तरक्की हो रही है। यह वन टाइम टैक्स है। इससे व्यापारियों को भयभीत होने की जरूरत नहीं है। केंद्र और राज्य की सरकार सबका साथ सबका विकास के संकल्प को लेकर चल रही। आज हर किसान के खाते में हर वर्ष छः हजार रुपया आ रहा है उन्हे उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल रहा है। नरेंद्र सिंह तोमर ने यह भी कहा कि अटल बिहारी वाजपेई की एडवांस सोच की देन है आज बिजली पर्याप्त मात्रा में मिल रही है पूर्व की सरकारों को आड़े हाथों लेते हुए बगैर नाम लिए कहा कि 2012,13 में सड़कों की हाल काफी खराब थी पर आज गांव गांव तक आवागमन सुगम हुआ है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की तारीफ करते हुए कहा कि उनके द्वारा किसानों के हित में महत्व पूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा लालगंज जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय ने और संचालन महामंत्री सूरज श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर लालगंज की पूर्व सांसद नीलम सोनकर, लोकसभा प्रभारी घनश्याम पटेल, लोकसभा संयोजक विनोद राय, रामसूरत राजभर, दिलीप सिंह, हनुमंत सिंह, सहित पार्टी के तमाम नेता व्यापारी और किसान मौजूद रहे।

### जल्द ही बहुरेंगे फूलपुर मिर्चा मंडी के दिन

**फूलपुर आजमगढ़।** व्यापारियों की मांग पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने व्यापारियों को भरोसा देते हुए यह कहा कि जल्दी ही यहां की मिर्चा मंडी का कायाकल्प होगा। उन्होंने इस संबंध में राज्य के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही से टेलीफोन पर सबके सामने वार्ता भी किया। पूर्व निधारित कार्यक्रम के तहद केंद्रीय। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर किसान ब्यापारो प्रधान क्षेत्र वासियो से सीधे संवाद के लिए फूलपुर के उदपुर ग्राम सभा उदपुर स्थित पायनियर कान्वेंट स्कूल प्रागण साढ़े ग्यारह बजे पहुचे कार्यक्रम का संचालन दिलीप सिंह बघेल ने किया। गंगा प्रसाद इण्टर कालेज के सामने आदर्श अमृत सरोवर प्रागण में किसानों और क्षेत्र वासियो से सीधा संवाद कार्यक्रम में सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं विकास योजनाओ के बारे में बिस्तार से बताया।

## भ्रष्टाचार खत्म नहीं हुआ तो होमगार्ड जिला कमांडेड के खिलाफ करेंगे मोर्चाबंदी

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** होमगार्ड जवानों से धनउगाही किए जाने की शिकायत उत्तर प्रदेश होमगार्डस अवैतनिक अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से करते हुए भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग किया साथ ही चेतावनी दिया कि अगर शीध्र ही कार्यवाही नहीं की गई तो एसोसिएशन अपने ही भ्रष्ट जिला कमांडेड के खिलाफ मोचाबंदी करने को बाध्य होगा।

जिला प्रशासन को सौंपे पत्रक के माध्यम से आरोप लगाते हुए जिलाध्यक्ष लाल बहादुर पाठक ने बताया कि वर्तमान जिला कमाण्डेन्ट होमगार्डस आजमगढ द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हुए होमगार्डो से अवैध तरीके से धन उगाही की जा रही है। धनउगाही न मिलने पर होमगार्ड्स जवानों को कभी नोटिस देकर तो कभी ड्युटी परेड से वंचित करके परेशान किया जा रहा है। सुविधा शुल्क मिलने के बाद पुनः बहाल कर दिया जा रहा है। श्री पाठक ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासनिक कार्यालयों में लगे संवेदनशील होमगार्ड्स जवानों से बीओ के माध्यम से तयराशि वसूली जा रही है। साथ ही कम्पनी कमाण्डर, सहायक कम्पनी कमाण्डर, प्लाटून कमाण्डर को शासन से मिलने वाले मानदेय व धनराशि को पास करने के लिए जनपद की सभी कम्पनी के अवैतनिक अधिकारियों से भी जबरदस्ती धनउगाही की जा रही है। इस आरोपों को लेकर जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कईयों के स्थानांतरण और बहाली की मिसाल देते हुए अपने ही विभागीय व्यवस्था पर सवाल खड़ा किया। जिलाधिकारी को सौंपे गए पत्र में जिलाध्यक्ष लालबहादुर पाठक ने जिला कमाण्डेन्ट के कृत्यों की जाँच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग किया है। पत्रक सौंपने वालों में ब्रह्मदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह, सत्यनारायण शर्मा, विंध्याचल यादव, विजय पांडेय, ओमकार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## सीपीएस में परीक्षा पर चर्चा में छात्र-छात्राओं ने की भागीदारी



सीपीएस में लाइव प्रसारण देखते छात्र-छात्राएं।

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** सेंट्रल पब्लिक स्कूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्र छात्राओं ने प्रधानमंत्री के विचार सुने एवं उनके द्वारा सुझाये गये परीक्षा से संबंधित उपायों का अनुरण करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने छात्र छात्राओं से संबंधित उनके विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। प्रधानमंत्री ने सभी को दृढ़ संकल्पित होते हुए अधिक से अधिक परिश्रम करने की सलाह दी। उन्होंने अन्य विषयों जैसे कि पढ़ाई में मन न लगना, परीक्षाफल को लेकर चिंतित रहना, परीक्षा के प्रति व्याकुलता एवं सोशल मीडिया और टेक्नालॉजी के कारण ध्यान भटकने जैसे विषयों पर भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने सभी छात्र, छात्राओं को डिजीटल फास्टिंग की भी सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी को धन्यवाद दिया एवं आगे भी परीक्षा पे चर्चा जैसे कार्यक्रमों में विद्यालय की सहभागिता का संकल्प लिया।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट व पोलिंग पार्टी के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

जनसंदेश न्यूज



प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिलाधिकारी

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में नेहरू हाल के सभागार में 30 जनवरी को होने वाले गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2023 को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन्होने बैलेट बाक्स से अभी तक निर्वाचन नहीं कराया है, पोलिंग टीम के वे सदस्य बैलेट बॉक्स को खोलना और बंद करना अच्छी तरह से समझ लें। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग निर्वाचन की संवेदनशीलता से अवगत हैं, सभी लोग निर्वाचन ड्यूटी के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के ड्यूरेशन पर रहते हैं। भारत निर्वाचन के निर्देश आपके क्रियाकलाप पर लागू होंगे। उन्होंने कहा कि यद्यपि यह निर्वाचन छोटा है तथा बहुत ही सीमित संख्या में वोटर होते हैं। उन्होंने कहा कि आपके बूथ की संवेदनशीलता उतनी ही होती है, जितनी कि अन्य निर्वाचन के दौरान होती है। उन्होंने कहा कि स्नातक निर्वाचन से स्पष्ट है कि स्नातक एवं पढ़े-लिखे लोग ही वोटर होते हैं। इसलिए इसमें अनुभवी लोगों को ही चुनाव ड्यूटी में लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी रवाना होने से पहले बैलेट पेपर को शत प्रतिशत चेक कर लिया जाए। उसकी संख्या एवं प्रिंट को अच्छी तरह से चेक कर लें। उन्होंने कहा कि पेन, चिन्ह को अनिवार्य रूप से लेकर ही यहां से प्रस्थान करेंगे।

उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट इन सभी चीजों को आवश्यक रूप से चेक कर पोलिंग पार्टी को रवाना करेंगे। उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट के पास भी यह सारी चीजें रिजर्व में रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि पोलिंग पार्टी निर्धारित वाहन से ही जाएंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रदान किए गए वाहन से ही बैलट बॉक्स जाएंगे। वाहन की खराबी होने पर तत्काल दूसरे वाहन की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में अन्य वाहनों का प्रयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दशा में बैलट बॉक्स पोलिंग स्टेशन पर ही पहुंचना चाहिए। बैलट बॉक्स प्रिसाइडिंग ऑफिसर स्वयं पूरी टीम एवं सुरक्षाकर्मियों के साथ लेकर आएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि वोटर वोट डालने के लिए पात्र हैं या नहीं, इसकी जांच आप लोगों के द्वारा नहीं की जाएगी। किसी भी वोटर की डिग्री, डिप्लोमा, मार्कशीट नही चेक किया जायेगा। वोटर लिस्ट में नाम होना ही वोट डालने के लिए पर्याप्त है। इसी के साथ ही मास्टर ट्रेनर इं. कुलभूषण सिंह द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, पोलिंग पार्टी के सदस्य, सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# पल्हनी ब्लॉक के कोटेदारो में आक्रोश

## ठेकेदार प्रतिनिधि हरिनारायण सिंह के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

जनसंदेश न्यूज



बैठक में उपस्थित कोटेदार।

**आजमगढ़।** ब्लॉक पल्हनी के कोटेदार संघ व कई ब्लॉक के कोटेदार पदाधिकारियों ने ट्रांसपोर्ट के ठीकेदार प्रतिनिधि हरिनारायण सिंह के खिलाफ मनमानी तरीके से राशन में कालाबजारी से लेकर तमाम शिकायतों से तंग आकर कई बार जिले के कमिश्नर, जिलाधिकारी एवं मण्डल अधिकारी आर एफ सी जैसे अधिकारियों से शिकायत की थी लेकिन कमिश्नर व आर एफ सी सभी मौन दिखे ठीकेदार प्रतिनिधि के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही नही हुई है। सब ठंडे बस्ते में चला गया है पल्हनी ब्लॉक के कोटेदारो में भारी आक्रोश देखने को मिला।

कोटेदार संघ अध्यक्षों ने खुलकर ठीकेदार पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर कार्यवाही नही हुई तो इस बार तो कोटेदार संघ प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के दरबार मे जाएंगे वहा से भी न्याय नहीं मिला तो कोर्ट का सहारा लेंगे। कोटेदार संघ के जिला अध्यक्ष व कोटेदार संघ जिला इकाई के अन्य पदाधिकारियों ने भी ठिकेदार पर सरकार की मंशा के अनुरूप खाद्यान्न डिलीवरी न देने का आरोप लगाते हुए कहा कि हमको राशन में घटतौली की जाती है बोरे का वजन काटकर खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जाता है और हम कोटेदारों से पल्लेदारी और भाड़ा भी ठेकेदार प्रतिनिधि द्वारा जबरदस्ती वसूला जाता है। जिससे हम सारे कोटेदार परेशान हैं कोटेदारों ने यह भी आरोप लगाया कि अगर हम अपने हक की बात करते हैं तो ठेकेदार प्रतिनिधि द्वारा हमको धमकाया भी जाता है कि तुमको देख लेंगे और तुम्हारी दुकान भी सस्पेंड करवा देंगे।

अब देखना यह है कि तमाम अधिकारियों से शिकायत करने के बाद ठेकेदार प्रतिनिधि पर क्या कार्रवाई होती है।

## गम्भीरता के साथ मनायें शहीद दिवस : जिलाधिकारी

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने बताया है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को पूर्वान्ह 11:00 बजे 2 मिनट का मौन धारण करने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं। उक्त के क्रम में उन्होने कहा कि 30 जनवरी को पूर्वान्ह 11:00 बजे पूरे देश में मौन रखा जाना चाहिए और काम तथा गतिविधियों को रोक दिया जाना चाहिए। जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जानी चाहिए। सायरन 10:59 बजे से 11:00 बजे तक बताये जाने चाहिए और दो मिनट के बाद 11:02 बजे से 11:03 बजे तक पुनः क्लियर सायरन बजाए जाने चाहिए। जहां सायरन उपलब्ध हो, वहां यह कार्यविधि अपनाई जाए। सिगनल (जहां उपलब्ध हो), सुनकर सभी व्यक्ति खड़े हो जाएं और मौन धारण करें। विगत में यह देखा गया है कि यद्यपि कुछ कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखा जाता है, परंतु आम जनता इस अवसर की गंभीरता पर ध्यान दिये बिना सामान्य रूप से अपने काम में लगी रहती है। जिलाधिकारी ने सभी से अपील किया है कि शहीद दिवस को पूरी गम्भीरता के साथ बनाया जाय।

## गोल्डेन कार्डः लाभार्थियों का शीघ्र पूरा करें सर्वेक्षणः मण्डलायुक्त

### वाल राइटिंग व अन्य प्रचार संसाधनों का करें उपयोग

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने कहा कि मण्डल के जनपदों में आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाने में तेजी लाई जाय ताकि शासन की इस अत्यन्त महत्वपूर्ण योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके। मण्डलायुक्त श्री चौहान शनिवार को अपने कार्यालय के सभागार में आयोजित शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे।



समीक्षा बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त मनीष चौहान

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान पाया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत गत माह आजमगढ़ में 111813, मऊ में 89254 एवं बलिया में 35930 गोडेन कार्ड बनाये गये हैं। इस प्रकार आजमगढ़ में कुल 462286, मऊ में 314869 एवं बलिया में 451912 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुके हैं। यह भी पाया गया कि आजमगढ़ में 259299 लाभार्थी परिवारों के सापेक्ष 162977 परिवार, मऊ में 184121 के सापेक्ष 104203 एवं बलिया में 321285 परिवारों के सापेक्ष 169473 परिवार ऐसे हैं जिसमें कम से कम एक गोल्डेन कार्ड बनाये गये हैं। मण्डलायुक्त श्री चौहान ने निर्देश दिया कि जनपदों में वास्तविक लाभार्थी परिवारों के कराये जा रहे सर्वेक्षण कार्य को शीघ्र पूरा कर गोल्डेन कार्ड से आच्छादित परिवार, अवशेष परिवार एवं परिवार के सदस्यों की संख्या आदि का पूर्ण विवरण तैयार किया जाय। इस अवसर पर जिलाधिकारी आजमगढ़ विशाल भारद्वाज, जिलाधिकारी मऊ अरुण कुमार, जिलाधिकारी बलिया सौम्या अग्रवाल, संयुक्त विकास आयुक्त ओपी आर्य, सीडीओ आजमगढ़ आनन्द कुमार शुक्ल, सीडीओ मऊ प्रशान्त नागर, सीडीओ बलिया प्रवीण वर्मा, वन संरक्षक डा. बीसी ब्रम्हा, अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य डा. ओपी तिवारी, मुख्य अभियन्ता विद्युत एएन सिंह, डीडी पंचायत संजय बरनवाल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) आजमगढ़ एबी सिंह, मण्डलीय अर्थ एवं संख्या अधिकारी डा.नीरज श्रीवास्तव सहित अन्य मण्डलीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बैठक में विकास कार्य हेतु मांगे गये सुझाव

जनसंदेश न्यूज

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक के क्षेत्र पंचायत सभागार में ब्लाक प्रमुख अर्चना यादव की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं प्रधानों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में के स्थानीय अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा संचालित लाभदायी योजनाओं की जानकारी दी गयी। तत्पश्चात पंचायत प्रतिनिधियों को उनके विचार समस्या से अवगत होने के लिए खुले मंच से बोलने बात रखने का अवसर दिया गया। ग्राम प्रधान अमरेथु उमाशंकर यादव आदि ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर चिकित्सा धिकारी खण्ड शिक्षा अधिकारी समाज कल्याण अधिकारी गौरव यादव राजेन्द्र प्रसाद अरविंद अस्थाना प्रमोद कुमार यादव प्रधान महताब बीरेन्द्र यादव राम अवतार अजित अनारसी यादव महताब आलम दिनेश चैरसिया दिलीप कुमार यादव धर्मेन्द्र प्रजापति कुंजन गौतम सतीस यादव अखिलेश बबलू राजबहादुर यादब चन्द्रबली बिन्दु यादव चंदभान यादव घनश्याम इंद्राज जमशेद सहित सैकड़ों की संख्या में प्रधान क्षेत्र पंचायत सहायक उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करती ब्लाक प्रमुख अर्चना यादव।

पूर्व की प्रस्तावित कार्य योजना पर कराये गए कार्यों की जानकारी दी गयी और गांव के विकास कार्य कराने के लिए विचार विमर्श के लिए लिखित सुझाव मांगे गये।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में समाज कल्याण सहकारिता स्वास्थ शिक्षा बाल विकास परियोजना कृषि बिभाग

### किसान संघ सक्रिय न होने से हो रहा शोषण

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के स्व.केएन सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंगीतपुर में भारतीय किसान यूनियन भानु बरसाना मथुरा द्वारा किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में किसान संघ सक्रिय न होने के कारण यहां के किसानों का शोषण किया जाता है। साथ ही भारतीय किसान यूनियन भानु संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह नेतृत्व में संगठन का विस्तार किया गया। सर्व सम्मति से नए पदाधिकारियों का भी चयन किया गया जिसमें आजमगढ़ मंडल अध्यक्ष के लिए देवेश कुमार सिंह, मंडल उपाध्यक्ष पद के लिए उमेश कुमार उपाध्याय, मंडल महासचिव अनिल कुमार चैबे आजमगढ़ जिला के जिलाध्यक्ष पद के लिए दारा सिंह को जिला अध्यक्ष चुना गया। सभापति वर्मा को जिला उपाध्यक्ष, आशुतोष सिंह को अयोध्या मंडल प्रमुख महासचिव, रामेष्वर सिंह को मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष अयोध्या गोपाल सिंह को जिलाध्यक्ष अयोध्या अरविंद मौर्य को जिला उपाध्यक्ष अंबेडकर नगर चुना गया। सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। सभी पदाधिकारियों एवं अतिथियों का विद्यालय प्रबंधक राणा रुद्र प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य सीमा मौर्या ने अतिथियों को अंगवस्त्रम देकर के सम्मानित किया। इस अवसर पर गायक कलाकार अजय मिश्रा, दयानंद शुक्ला, रवि सिंह, भावना वर्मा, कविता तिवारी, अंकिता राय चौधरी, ममता आदि उपस्थित रहीं।

# ...जान अर्पण हमारा वतन के लिए

जनसंदेश न्यूज



प्रमाण पत्र व अंगवस्त्रम से सम्मानित करते आयोजक।

**आजमगढ़।** शहर के जोधी का पूरा स्थित मोहम्मद शाहिद आजमी के आवास पर 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हिन्दी उर्दू साहित्य मंच के तत्वावधान में कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मशहूर शायर शिबली नेशनल पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डा. निसार जैराजपुरी ने की।

सर्व प्रथम प्रख्यात कवियित्री श्वेता सिंह ने मां सरस्वती की वाणी वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। ओजस्वी कवि महेंद्र मृदुल ने देश भक्ति पर अपनी कविता पढ़ी ह्लऐ वतन तु गुलिस्ता के फूल हो, जान अर्पण हमारा वतन के लिए, तु सलामत रहे बस यही कामना, तेरी मिट्टी ही काफी कफन के लिए। मशहूर गीता कार शिक्षक विजय प्रताप बूढ़नपुरी ने भी अपनी कविता पढ़ी ह्लजब भी जरूरत हुई देश को सपूतों की। सूनी कर दी मांग अपनी बेटिया इस देश की। भाई की कलाई में बहन कैसे राखी बांधे। खाली कर दी गोद मां ने देश की भलाई में। संस्था के अध्यक्ष शायर ताज अजमी ने अपनी कविता पढ़ी देश के खातिर मारना जीना सबसे बस की बात नही, हस्ते हुए फांसी पर चढ़ना सबके बस की बात नही, इसके अतिरिक्त अन्य कवियों में मुहम्मद शाहिद अजमी शायर सिराज अहमद, प्रेमा नंद पटेल, अर्चना सिंह, महिमा तिवारी, राजकुमार आशीर्वाद, रोहित राही अन्य कवियों ने सामायिक विषयो पर कविता पाठ एवम शायरी सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। अध्यक्षता कर रहे डा. निसार जैराजपुरी ने देश की एकता पर अपनी कविता प्रस्तुत करते हुए कहा ह्लहिंदू मुस्लिम है यहां एक दूजे के मीत। इस दौरान कई समाजसेवियों व पत्रकारो को पदमाकर लाल वर्मा, सोनू प्रजापति, अशफर, अनिल विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, उमेश सिंह गुड्डू को अंगवस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नित्यानंद यादव, अमरेंद्र राय एडवोकेट, पप्पू राय, अजय शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन एवम मुशायरे का सफल संचालन कर रहे संस्था के मुख्य संरक्षक साहित्यकार पत्रकार संजय कुमार पांडेय ने देश भक्ति पर अपने शेरो शायरी के माध्यम माहौल को खुशनुमा बना दिया।

## संक्षेप

### देश कर रहा तेजी से विकासः तोमर



**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा स्थित ब्लैक पाटरी कॉमन फेकल्टी सेंटर पर शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की कार्यकत्री महिला समूह को सम्बोधित किया। अध्यक्षता पूर्व सांसद नीलम सोनकर संचालन जिला मंत्री सन्तोष कुमार गौड़ ने किया। अपने सम्बोधन में मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत तेजी के साथ तरक्की कर रहा है। पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री के कार्यो की सराहना हो रही है। देश हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय, नीलम सोनकर, विनोद राय, मनोज यादव, शेरबहादुर सिंह, शकुंतला चैहान, गगन कश्यप, रंजीत चैहान, हरिकेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

### खंड शिक्षा अधिकारी ने रसोइयों को दिया कम्बल



**गोसाई की बाजार (आजमगढ़)।** शिक्षा क्षेत्र ठेकमा के प्राथमिक विद्यालय बरवां में खंड शिक्षा अधिकारी संतोष तिवारी ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के रसोइयों को कंबल वितरण कर सम्मानित किया। डायट मेंटर विनय शंकर आनंद व एसआरजी जयशंकर सिंह द्वारा विद्यालय के पठन-पाठन में निपुण छात्र छात्राओं को टिफिन व अन्य पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं साथ में एआरपी शैलेंद्र कुमार उपाध्याय द्वारा विद्यालय के स्टॉफ के साथ निपुण लक्ष्य, निपुण तालिका, दीक्षा प्रशिक्षण, रीड अलांग, ट्रैकर, शिक्षक डायरी व पाठ योजना आदि बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर जावेद अहमद, प्रधानाध्यापक गोपाल यादव, इंद्रेश यादव, सतीश राय, सूरज राय, नंदकिशोर, अश्वनी कुमार सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार, अनिल विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

### कैंसर पीड़ित के लिए समाजसेवी ने किया भिक्षाटन



**आजमगढ़।** जमीरपुर गांव निवासी पवन राजभर पुत्र राजेंद्र राजभर ब्लड कैंसर से पीड़ित है। पीड़ित की माली हालत अत्यंत दयनीय है जिससे उसका इलाज सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। उसकी हालत को देख समाजसेवी ने भिक्षाटन कर आर्थिक मदद देने का बीड़ा उठाया। उन्होंने भिक्षाटन कर पीड़ित की मां को 17550 रुपए की आर्थिक मदद दी। जनपद के उच्च प्राथमिक विद्यालय जमीरपुर विकास खंड तरवा का 12 वर्षीय कक्षा छः का छात्र ब्लड कैंसर पीड़ित है। गरीब असहाय मासूम पवन राजभर पुत्र राजेंद्र राजभर जमीरपुर गांव निवासी के ईलाज व सलामती के लिए समाजसेवी रामकुंवर यादव ने उक्त विद्यालय में भिक्षाटन किया। उन्होंने कहा कि पीड़ित की मदद के लिए आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। ब्लड कैंसर पीड़ित बालक पवन राजभर की माता सुशीला देवी को 17550 धनराशि दिया।

### पोखरी पर अतिक्रमण के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**आजमगढ़।** मेहनगर तहसील क्षेत्र के दोलतपुर के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन को पत्रक सौंपकर गांव के कुछ लोगों द्वारा पोखरी पर कब्जा करने का आरोप लगाया। जिला प्रशासन को सौपे पत्रक के माध्यम से ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दौलतपुर गांव में आबादी की जमीन से सटे पोखरी है जो सरकारी कागजात में पोखरी के नाम से दर्ज है। जिसपर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा जबरदस्ती मकान का निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणो ने कहा कि पोखरी निर्माण होने से गांव वासियों के घर का गंदा पानी पोखरी जाना बंद हो जायेगा जिससे सभी ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पडेगा। ग्रामीणों ने कहा जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो कब्जेदार मारपीट करने पर आमादा हो गये। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उच्च अधिकारियों से जांच कराकर उचित कार्रवाई करें जिससे गांव में शान्ति व्यवस्था कायम रहे।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अतरौलिया पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। अतरौलिया थाने पर वादिनी ने तहरीर दी कि अनमोल सिंह पुत्र मातादीन सिंह निवासी ग्राम एकडल्ला थाना हंसवर जनपद अम्बेडकर नगर अपने साथियों के साथ उसकी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया। अनमोल सिंह के घर वालों से इस सम्बन्ध में पूछने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अनमोल सिंह पुत्र मातादीन को लोहरा टोल प्लाजा के पास ढाबे से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### समाधान दिवस पर सुनी फरियादियों की समस्या

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** एसडीएम बूढ़नपुर नवीन प्रसाद के नेतृत्व में थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने लोगों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए उनकी बात को सुना। इस दौरान राजस्व संबंधित कुल 12 प्रार्थना पत्र शिकायतकताओं द्वारा दिया गया जिसमें सिर्फ एक मामले का मौके पर निस्तारण एसडीएम द्वारा किया गया। शेष 11 मामलों को राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल को देकर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर फरियादियों की समस्या का निस्तारण करने का आदेश दिया गया। वहीं थाना संबंधित मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक प्रमेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक रविंद्र प्रताप यादव, चैकी इंचार्ज बूढ़नपुर तथा महिला व पुरुष लेखपाल व थाने के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### कोविड-वैक्सिनेशन मेगा कैंप आज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** प्रमुख सचिव के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड-वैक्सिनेशन के बूस्टर डोज के लिए आगामी 29 जनवरी को मेगा कैंप का आयोजन अतरौलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया गया है। 2000 कोविड-वैक्सिनेशन बूस्टर डोज का लक्ष्य निर्धारित किया गया। स्वास्थ्य केंद्र समेत अन्य स्थानों पर वैक्सीनेशन की व्यवस्था की गई है। जिन लोगों का वैक्सीनेशन या बूस्टर डोज नहीं हो पाया है वह अपना वैक्सीनेशन तुरंत करा लें। जिंदगी अनमोल है अपने जीवन के साथ खिलवाड़ न करें। वैक्सीनेशन ही एक उपाय है। उक्त आशय की जानकारी स्वास्थ अधीक्षक डॉ.शिवाजी सिंह ने दी है।

### दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

**फूलपुर (आजमगढ़)।** फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के उदपुर गांव निवासी 57 वर्षीय रामसूरत अयोध्या में मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये थे। वहां से घर लाते समय रास्ते में इनकी मौत हो गयी। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के उदपुर निवासी राम सूरत 57 पुत्र फेरु सत्ताईस जनवरी को अपनी पत्नी लक्ष्मीना के साथ अयोध्या फैजाबाद आंख दिखाने गए थे दोपहर में पत्नी के साथ टेम्पो में बैठकर आंख अस्पताल से बस पकड़ने जा रहे थे। आयोध्या के दर्शन नगर के पास टेम्पो में बोलोरो ने टक्कर मार दी जिसमे रामसूरत गम्भीर रूप से घायल हो गये पत्नी लक्ष्मीना को भी चोट आई अगल बगल वालो के सहयोग से पत्नी ने रामसूरत को सरकारी अस्पताल दर्शन नगर में भर्ती कराया वहाँ इलाज चल रहा था इधर घर वालो को सूचना मिलते ही परिवार के लोग वाहन से दर्शन नगर पहुच गये और राममूरत को रेफर कराकर बेहतर इलाज के लिए फूलपुर के लिए निकल पड़ें। आयोध्या से फूलपुर आगमन के दौरान रामसूरत प्राइवेट डाक्टर के पास इलाज के लिए ले गये जहां डाक्टर देखते ही मृत्यु घोषित कर दिया। परिजन शव थाना कोतवाली लाये जहा से पंचनामा बना पोस्टमार्डम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के दो पुत्रियां थी जिसमे बड़ी की शादी हो चुकी है। छोटी अविवाहित है। रामसूरत मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते थे।

# सड़क पर पड़े पत्थर ने ली युवक की जान

जनसंदेश न्यूज



मृतक के घर के बाहर जुटी भीड़

**कछवां।** थाना के खेरा चौकी अंतर्गत पाहों गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार उत्सव शर्मा पुत्र संजय शर्मा सुबह करीब नौ बजे मोटरसाइकिल से अपने घर कछवां से चुनार की ओर जा रहा था जोकि पाहों बाजार के समीप सड़क पर फेंका गया एक पत्थर बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गयी। जिससे उत्सव शर्मा सड़क किनारे गिर पड़ा।

जिसके सिर में गंभीर चोट व नाक और कान से खून का स्त्राव होने लगा। वही मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस को फोन कर बुलाया। तभी खैरा चौकी का निरीक्षण करने जा रहे थाना प्रभारी रामस्वरूप वर्मा ने भीड़ एकत्रित देकर रुक गये। वही युवक की गंभीर हालत देख तत्काल देर ना करते हुए अपनी ही बोलेरो वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछवां ले गए। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से ट्रामा सेन्टर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वहीं एंबुलेंस में जिंदगी और मौत से जंग लड़ते लड़ते ट्रामा सेन्टर पहुंचने से पूर्व ही उत्सव शर्मा ने दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं माता पिता के तीन पुत्री और एक पुत्र में उत्सव इकलौता पुत्र था। वही थाना प्रभारी के इस कार्य को लोगों ने सराहना किया। लेकिन युवक काल के गाल में समा गया।

## सड़क पर गिरकर अज्ञात साइकिल सवार की मौत

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास शनिवार को अज्ञात साइकिल सवार बुजुर्ग अचानक सड़क पर गिर गया और मौके पर मौत हो गई। जिसे देखने-पहचानने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। प्रधान प्रतिनिधि विरेन्द्र यादव की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लगभग 65 वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर ले आए। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं उसकी पहचान का कोई सबूत नहीं मिल पाया है। मृतक क्रिम कलर का कुर्ता, नीले रंग का लूंगी एवं स्वेटर पहने हुए है। घटना के बारे में जलालपुर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जेके स्टेट हाइवे स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास से एक अधेड़ व्यक्ति जा रहा था कि अचानक वह गिर पड़ा तथा उसकी तत्क्षण मौत हो गयी। ग्रामीण उसके गिरते ही उसके पास दौड़े परंतु उसकी तब तक सांस रूक चुकी थी। वही समाचार लिखे जाने तक अज्ञात बुजुर्ग की कोई पहचान नहीं हो पाई।

## अचला सप्तमी पर एक लाख से अधिक भक्तों ने गंगा में लगाई डुबकी



मेले में सजी दुकानें

**चील्ह।** विकास खंड कोन कोल्हुआ गंगा घाट पर शनिवार को उत्तर वाहिनी अचला सप्तमी मेले में एक लाख से अधिक भक्तों ने मां गंगा में डुबकी लगाई। अचला सप्तमी मेले में एक लाख से भी अधिक भक्तों ने मां गंगा के जल में आस्था की डुबकी लगाई और मां गंगा का आशीर्वाद लिया। भोर से ही भक्तों की लंबी कतार ने मां गंगा के दर्शन पूजन के साथ साथ स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। दूर दराज के क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने मां गंगा के पावन जल में स्नान करने के बाद कतारबद्ध होकर हाथों में माला फूल, नारियल, चुनरी, मिठाई आदि लेकर गंगा तट पर स्थित शंकर जी और हनुमान जी को अर्पित कर मनोकामनाएं पूरी करने की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाने के बाद मां गंगा की जय कार करते हुए मेले का लुत्फ उठाया। दिनभर घंटा घड़ियाल व ढोल-नगाड़ों के साथ मां गंगा के जयकारों से मेला परिसर गुंजायमान रहा। मेला क्षेत्र में ठंड के बावजूद दर्शनार्थियों के आने का क्रम जारी था। शुक्रवार रात में ही दूर दराज इलाकों से आए दर्शनार्थियों ने रात्रि का समय गंगा तट स्थित शिव मंदिर पर बिताया। पूजन के बाद दर्शनार्थियों ने प्रसाद स्वरूप लाई गट्टा श्रृंगार आदि के सामान की जमकर खरीदारी की। मेला व्यवस्था में रितेश मिश्रा, करन, अनिल, जितेन्द्र सचिन, वीरेन्द्र, बब्बू चौबे लगे रहे। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से सीओ थाना प्रभारी समर बहादुर पुलिस बल के साथ पीएसी के जवान महिला पुलिस पूरे मेला क्षेत्र का चक रमण करते रहे।

## मोटरसाइकिल के धक्के से महिला गम्भीर

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित कोटार गांव के पास सड़क पार कर रही महिला को मोटर साइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। घायल गुलबिया 67 वर्ष पत्नी मन फेर यादव निवासी विछी, चितरंगी जिला सिंगरौली मध्यप्रदेश अपने बहनोई भोला यादव निवासी कोटार थाना हलिया के यहाँ दवा इलाज कराने आयी थी कि शनिवार को सुबह महिला घर के सामने सड़क पार कर रही थी कि हलिया के तरफ से नौगवा निवासी एक बाइक पर दो लोग सवार हो कर जा रहे थे की सड़क पार कर रही महिला को जोरदार टक्कर मार दिया। भाग रहे बाइक सवार को ग्रामीणो ने दौड़ा कर दो किलोमीटर दूर पकड़ लिया।

## दो बाइकों की टक्कर में पांच घायल

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जे के स्टेट हाइवे स्थित मठना गांव के पास शनिवार की सुबह बाईकों की टक्कर में पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदौली जनपद के चकिया कोतवाली निवासी कुंज बिहारी श्रीवास्तव 30 वर्ष अपनी पत्नी सोनी 27 वर्ष के साथ बाइक से रामनगर की तरफ जा रहे थे कि सामने से आ रहे बाईक सवार ने मठना गांव के पास टक्कर मारते हुए फरार हो गया। बाइक के धक्के से पति- पत्नी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वही इसी दौरान पीछे से आ रहे घरवाह गांव निवासी बाइक सवार भी पीछे से भिड़ गए और बलवंत सिंह 30 वर्ष, अभय गिरी 20 वर्ष और अभिषेक गिरी 22 वर्ष निवासीगण घरवाह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।










# छह प्रार्थना पत्र में एक का हुआ निस्तारण



जनता के समस्याओं का निस्तारण

**हलिया।** शनिवार को थाना दिवस पर एसडीएम लालगंज नवनीत सेहरा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कुल छः प्रार्थना पत्र पड़े। एक का त्वरित निस्तारण किया गया। पांच प्रार्थना पत्रों के लिए मौके पर टीम भेजी गई। हथेड़ा नहर के पास कई वर्षों से होलिका लगाई जाती है जिसमें बसंत पंचमी पर ग्रामीणों ने होलिका लगा रहे थे तो गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा गाली देते हुए रोक दिया। जिस संबंध में हथेड़ा गांव निवासी बृजलाल महेश रामजी विजय अर्जुन ने प्रार्थना पत्र दिया है। वही देवघटा पांडेय गांव निवासी रामकृपाल ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बैनामा की जमीन पर गोपीगंज निवासी एक व्यक्ति जबरन मकान बना रहा है। इस दौरान सीओ लालगंज दीक्षांत राज, प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, लेखपाल राजेंद्र यादव, संजीव, कृष्ण चंद, संदीप सहित बाद कारी उपस्थित रहे।

**तहसीलदार की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस सम्पन्न : मड़िहान।** थाना संतनगर में तहसीलदार मड़िहान फूलचंद यादव की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। कुल सात मामले आए जिसमें 5 राजस्व बिभाग से सम्बंधित और दो मामले पुलिस बिभाग से सम्बंधित रहे। तहसीलदार द्वारा सभी राजस्व विभाग के मामलों को तय समय सीमा के अंदर निस्तारित करने का आदेश पारित किया।

## नायब तहसीलदार ने सुनी जनता की समस्यायें

**लालगंज।** स्थानीय थाना परिसर में समाधान दिवस नायब तहसीलदार मधु जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 5 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए पांचों प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से संबंधित रहे जिसमें दो का मौके पर निस्तारण करते हुए अन्य 3 मामलों का राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का आदेश दिया गया। नायब तहसीलदार मधु जैन एवं थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्या की अनदेखी न करें। मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर समस्या का समाधान करते हुए समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कहा कि फरियादी को बार-बार तहसील एवं थाने का चक्कर न लगाना पड़े। इस दौरान थाना वरिष्ठ उप निरीक्षक इरफान समेत राजस्व निरीक्षक राजस्व निरीक्षक सूर्य बली बिंद, विजय शंकर दुबे, राजेंद्र दुबे एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

## नही होगी बैंक की हड़ताल

**मीरजापुर।** यूनाईटेड फोरम बैंक यूनियन, इकाई शक्रवार को मुम्बई में आयोजित बैठक यूनाईटेड फोरम बैंक यूनियन्स के प्रतिनिधियों एवं भारत सरकार प्रबन्धन तथा सेन्ट्रल लेबर कमीश्नर के बीच देर सायं लम्बित माँगों पर सकारात्मक सहमति वार्ता के पश्चात 30 व 31 जनवरी 2023 को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल स्थगित हो गयी है। यह जानकारी राष्ट्रीय संयोजक (यू.एफ.बी.यू.) साथी संजीव के. बंदलिश ने दिया है।














































# सामूहिक विवाह में एक-दूजे के हुए 422 जोड़े

**अवसर**

**राबर्ट्सगंज, घोरावल करमा व चतरा ब्लाक में हुआ आयोजन**

**नवविवाहित जोड़ों को दिये गये उपहार**

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जनपद में शनिवार को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस दौरान 422 जोड़े शादी के बंधन में बंधे।

राबर्ट्सगंज ब्लाक में 111 जोड़े एक-दूजे के हुए, जहां विधायक घोरावल डा. अनिल कुमार मौर्या, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, सत्यनारायण पटेल, ब्लाक प्रमुख चोपन लीला देवी, सदर ब्लाक प्रमुख अजीत ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की। चतरा ब्लाक में आयोजित विवाह समारोह में 129 जोड़े एक-दूजे के हुए। इस दौरान विधायक सदर, सीडीओ ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की। वहीं घोरावल ब्लाक में कुल 106 जोड़े एक-दूजे के हुए, जिसमें विधायक घोरावल, सीडीओ, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक आरएस मौर्या, ब्लाक प्रमुख घोरावल आदि ने वर-वधू को अपना आशीर्वाद देकर उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की।

वहीं करमा ब्लाक में कुल 76 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। विधायक घोरावल, ब्लाक प्रमुख करमा सीमा देवी ने वर-वधू को अपना आशीर्वाद देकर उनके सुखद जीवन की मंगल कामना की। इस तरह 422 जोड़े एक दूजे के हुए। इस योजना के तहत 51-51 हजार रुपए प्रति जोड़े सरकार की तरफ से खर्च किये गये। जिसमें 35-35 हजार कन्या के खाते में भेजी जा रही है और प्रति जोडे 10-10 हजार रुपए के घर-गृहस्थी के समान तथा 6-6 हजार रुपए प्रति जोड़े शादी समारोह पर खर्च किये गये। समारोह में ग्रासिम कम्पनी रेनुकूट द्वारा विवाहित जोड़ों को बेडशीट उपहार में दिया गया।



वर वधू को आर्शीवाद देते सदर विधायक व अन्य

# अभिशप्त प्रेमी है महानद सोन नर्मदा ने दिया था श्राप

**नर्मदा जयंती पर विशेष**

**सोन महानद के नाम पर ही है जनपद का नाम सोनभद्र**

**सोनभद्र।** जिले की संपूर्ण सांस्कृतिक विरासत का आधार सोन नद है, जिसे सोनभद्र भी कहा जाता है। सोनांचल की संस्कृति और भारतीय संस्कृति पर पुस्तकों के लेखक व विदेशों में व्याख्यान दे चुके विजय शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि यही सोन इतिहास के तमाम उतार-चढ़ाव को समेटे केवल इतिहास पुरुष के हाथों खिलौना पर बन के रह गया है, जिस काल पुरुष ने मध्य भारत की हरीतिमा से निकालकर इस नदी को पूर्वांचल की ओर भेजा वह बड़ा ही मनमौजी और प्रतिगामी स्वभाव का रहा होगा, अन्यथा सोन को इतने परिवर्तनों से होकर ना गुजरना पड़ता। अमरकंटक की ऊचाइयां और सानिध्य नर्मदा का , कितना सुखकर अतीत था सोनभद्र का । पुराण गाथाओं का अभिशप्त साक्षी सोन, नर्मदा ने कितनी मनुहार की इस जल पुरुष की, चरणों में लोट कर, लिपटकर मनाना चाहा अपने प्राणप्रिय को, पर सोन अविचलित, ध्यानमग्न योगी की तरह उतना उतना ही निस्पृह, उतना ही तटस्थ।

आखिर रूठी प्राणप्रिया नर्मदा चली गयी सुदूर पश्चिम की ओर कच्छ के मरुक्षेत्र में, अकेला सोन नद पूरब की ओर चल पड़ा ,सोन को अगस्त्य का वरदान प्राप्त था कि वह विंध्य पर्वत की हरीतिमा और उल्लास का साक्षी रहेगा। नेह की यह डोर इन उपत्यकाओं से बांधे रही सोन को, विंध्य और कैमूर की पहाड़ियों की प्रीति ने इसका साथ निभाया। सोन नद इन्ही पहाड़ियों की प्यास के बीच तब तक चलता रहा जब तक वह पाटलिपुत्र (पटना ) तक नहीं पहुंचा । अगस्त्य का श्राप था कि जब तक वह गंगा के चरण नहीं छुएगा नर्मदा की प्रीत की डोर उसे पहाड़ियों में ही भटकायेगी और वह प्यासा ही रहेगा। श्री चतुर्वेदी के अनुसार कितनी प्राणमयी है यह पुराण गाथा। सोन और नर्मदा की यह अमर प्रेमकथा आज भी भारतीय मनीषा की थाती है। नर्मदा सोन से विवाह करना चाहती थीं, उन्होंने अपनी दासी जोहिला को सोन को जांचने परखने के लिए सोन के पास भेजा, उपयुक्त वस्त्र और स्वर्ण आभूषण के अभाव में नर्मदा ने अपने वस्त्र जोहिला को दे दिया। जब जोहिला सजधज कर सोन के पास पहुंची तो रूपसज्जा और स्वर्ण आभूषणों से लदी दासी जोहिला को ही सोन नर्मदा समझ बैठे, और कुछ दिनों सानिध्य में रहने के बाद प्रेम प्रसंग करने लगे। कई दिन बीत जाने पर जब जोहिला नहीं लौटी तो नर्मदा को चिंता हुई, उन्होंने स्वयं जाने का निर्णय लिया। नर्मदा जब सोन के पास पहुंची तो दोनों को प्रेम प्रसंग करते देखा, वे क्रोधित हो गयीं और दोनों को शाप दे दिया और स्वयं पूरब की ओर चल पड़ीं थीं। ब्रम्हापुत्र सोन अचंभित हो गए थे,अनुनय विनय के बाद नर्मदा ने उनकी मुक्ति के उपाय भी बताए, लेकिन जोहिला को शापमुक्त नहीं किया।

## संक्षेप

### धूमधाम से मना शिव देवी पीजी कॉलेज का वार्षिकोत्सव समारोह

**सोनभद्र।** मां शिव देवी पीजी कालेज शाहगंज में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक जय प्रकाश पांडेय उर्फ चेखूर पांडेय और प्रधानाचार्य प्रमोद शुक्ला तथा भाजपा नेता माला चौबे के गरिमामयी उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। बच्चों द्वारा अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया। हमारे देश के वीर सपूतों के बलिदानों को याद करते हुए गाथाओं के बारे में बताया गया। शाहगंज के ग्राम प्रधान ईशान अली, शिक्षक सौरभ शुक्ला, मोहन प्रजापति, दशरथा तिवारी आदि बड़ी संख्या में कालेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन ओमप्रकाश पांडेय ने किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

### चोरी के सामान बरामद, चार गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षकडा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बीते शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपियों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। गिरफ्तार अभियुक्तों में फिरोज उर्फ नाटे पुत्र जुम्मन, राहुल उर्फ राजा रावत पुत्र स्व. गोपाल रावत, मोहन राम पुत्र रामवृक्ष निवासीगण वार्ड सात व शिवा राम उर्फ चतुरी पुत्र शोभनाथ राम, निवासी बढौली, रावर्ट्सगंज शामिल हैं।

### खुली बैठक में ग्रामीणों ने भूमि पट्टे का किया आवेदन

**चोपन।** रेणुकानदी पार कालापानी कहे जाने वाले आदिवासी क्षेत्र ग्राम पंचायत जुगैल के टोला पचपेड़ीया के सचिवालय भवन पर शनिवार को जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशानुसार खुली बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने भूमिहीन को पट्टा देने के लिए आवेदन किया। इस मौके पर प्रधान सुनीता यादव, दिनेश यादव, रजनीश यादव, धर्मेन्द्र यादव, केदारनाथ सिंह, रंजीत कुशवाह, नथुनी यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### साढ़े 15 किलो गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को क्राइम ब्रान्च व राबर्ट्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा हेमन्त खरवार पुत्र प्रेमनाथ खरवार, निवासी बाराडाड़, मांची व विशोक खरवार पुत्र मोहन सिंह, निवासी बाराडाड़, मांची को मुखबिर की सूचना पर ग्राम सेहुंआ जाने वाले तिराहे के पास गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद करते हुए संगत धाराओं में चालान कर दिया।

### नेशनल मॉनीटरिंग टीम को ग्रामीणों ने गिनाई समस्याएं

**दुद्धी।** भारत सरकार की नेशनल लेवल की मॉनिटरिंग टीम आदर्श गांव नगवां में विकास की जमीनी हकीकत जानने शनिवार की शाम पहुंची। ग्रामीणों को इसकी भनक लग गयी और दर्जन भर ग्रामीण पंचायत भवन पहुंच कर गांव की जमीनी हकीकत से रूबरू कराया। रामेंद्र कुमार, शीतल प्रसाद, शोभनाथ, बसंती ने गांव में खराब पड़ी हाई मास्ट लाइट, पंचायत भवन में ही खराब पड़े हैंडपम्प सहित गांव में पेयजल समस्या व विधवा पेंशन न मिलने की बात बतायी। टीम ने गांव में आवास के बारे में भी ग्रामीणों से पूछा जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लगभग 300 आवास कच्चे हैं, लेकिन आबादी के 2 प्रतिशत लोगों का नाम ही आवास की सूची में भेजा गया है, जिसे नोट कर टीम गांव भ्रमण पर निकल गयी। गांव में केवल दो लाभार्थियों हुसन बानो पुत्र मोइनुलहक और रंगलाल का आवास देखकर अंधेरा हो जाने के कारण टीम वापस हो गयी। जिससे अन्य बिंदुओं की जांच नही हो पायी। इस मौके पर मनोज दीक्षित, भीम सिंह, अरुण कुमार वर्मा मौजूद रहे।

### संदिग्ध हाल में मृत मिला तेंदुआ

**म्योरपुर।** वन रेंज अंतर्गत डढ़ीहरा के खालेडीह जंगल में पेड़ के नीचे संदिग्ध परिस्थितियों में तेंदुए का शव पाया गया। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा तत्काल वन क्षेत्राधिकारी शहजादा इस्लामुद्दीन को दी गयी। सूचना मिलने के बाद वनविभाग की टीम मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी लेने के बाद शव को वन रेंज कार्यालय लाया। तेंदुए के शरीर पर किसी भी तरह की चोट या जख्म का निशान नहीं मिला। तेंदुए की मौत किस कारण हुई यह पता नही चल सका है। ग्रामीणों का कहना था कि कुत्तों के हमले से तेंदुए की मौत हुई है, जबकि तेंदुए के शरीर पर किसी भी जानवर के काटने या नोचने का निशान नही है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि जंगल में पेड़ के नीचे एक तेंदुआ मृत अवस्था में पड़ा है। पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वन रेंज के जंगल मे तेंदुए की मौत का यह पहला मामला है।

### मैराथन खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**डाला ।** नव निर्माण सेना द्वारा रविवार को वैष्णो माता मंदिर से डाला बाजार से नैनो मैराथन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। नैनो मैराथन में युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए व बड़े बुजुर्गों के स्वास्थ के लिए लाभदायक होगा, नैनो मैराथन 2.5 किलोमीटर की होगी, आयोजन का मुख्य उद्देश्य सिर्फ वर्तमान समय मे युवा पीढ़ी को नशे से दूर रख कर खेल के प्रति जागरूक करना व बड़ो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उक्त आशय की जानकारी संस्था के अध्यक्ष अमृत पटेल ने दी है।

### बोल्डर के टीले से टकराकर महिला घायल

**डाला ।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के रेक्सहवां खेल मैदान में शनिवार की अल सुबह स्कूटी सिखने के दौरान एक महिला अनियंत्रित बोल्डर की टीले से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गई, घायल महिला को डाला स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। घायल महिला 45 वर्षीय मंजू देवी पत्नी मोहन निवासी रेक्सहवां डाला सुबह घर के पास एक खेल मैदान में स्कूटी चलाना सीख रही थी अचानक अनियंत्रित होकर खेल मैदान में घसीटते हुए पत्थर के टीले जा टकराई। महिला के गिरने के बाद स्कूटी सिखाने आए पुरुष द्वारा डाला स्थित एक निजि अस्पताल ले जाया गया।

# एकजुटता ही हमारी शक्तिः सीजीएम



सीआईएसएफ परेड का निरीक्षण करते सीजीएम इं दीपक कुमार

**ओबरा।** स्थानीय गांधी मैदान में गुरुवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान ओबरा ताप विद्युत गृह के मुख्य महाप्रबन्धक इं दीपक कुमार ध्वजारोहण कर केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के परेड का निरीक्षण किया।

सीजीएम ने कहा कि हमारी एकजुटता ही हमारी शक्ति है। सैन्यबल सीमाओं पर अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं, फिर भी हमें सजग रहने की आवश्यकता है। तापीय परियोजना विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में एक अग्रणी परियोजना रही है।

इसकी इकाईयॉ पुरानी हो चुकी है फिर भी इन इकाईयों से अधिक से अधिक विद्युत उत्पादन हेतु अधिकारी एवं कर्मचारी लगातार प्रयासरत हैं। संचालन अनिल सिंह एवं अनुराग मिश्रा ने किया। समारोह में महाप्रबंधक प्रशासन इं जी के मिश्र, इं योगेश कुमार गुप्ता, पी सी अग्रवाल, इं जबर सिंह, एच एस शर्मा, इं अबदुल निशाद, इं समीर भटनागर, इं राकेश सिंह, इं अंकुर सिंह, विजय कुमार, सुनील ठाकुर, शशि कान्त पाण्डेय, विवेक वर्मा, आशीष मसीह आदि उपस्थित रहे।

# दी आर्यन्स एकेडमी में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस समारोह

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** दी आर्यन्स एकेडमी विद्यालय प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में सुबह से ही नई उमंग व जोश के साथ प्रधानाचार्या चित्रा जालान ने ध्वजारोहण कराया उसके पश्चात झण्डे को सलामी दी गयी। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज के परिवेश में आजादी का जश्न मनाने के साथ ही सभी नागरिक को समान शिक्षा का अधिकार होना चाहिए, जिससे अपना भविष्य तय कर सकें।

प्रबंध निदेशक विनोद जालान ने कहा कि साक्षरता ही मानव समाज को अंधकार की गुलामी से निकाल सकता है, जिससे व्यक्ति अपनी आजादी का मतलब समझ सके। आजादी को पाने के लिए अनेक कुर्बानिया दी हैं। महापुरूषों ने अनेक यातनाएं सही, अपना जीवन मातृभूमि की सेवा में समर्पित कर दिया। इस दौरान प्रधानाचार्य व प्रबंधक ने सरस्वती पूजन किया। इस अवसर पर नवीन कुमार पाण्डेय, उमाकांत दूबे, अश्वनी मिश्रा, देवांश, नीभा पाण्डेय, निशा चौबे, प्रज्ञा, दिप्ती, निकिता, दीपा आदि उपस्थित रहे।



आर्यन्स एकेडमी में ध्वजारोहण करती प्रधानाचार्य

# डाला में गणतंत्र दिवस की धूम, निकली झांकी

**डाला।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के यूनिट हेड राहुल सहगल ने आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट स्कूल खेल मैदान में ध्वजारोहण किया।

वहीं राज्यमंत्री संजीव कुमार गोड़ ने विधानसभा कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के यूनिट हेड राहुल सहगल ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं, इनका बेहतर भविष्य को निखारने का काम गुरुजनों का है। देश को आजादी युवाओं के दम पर मिली है, बच्चों को संवारना गुरुजनों का कर्तव्य है।

वहीं सीमेंट कंपनी के कर्मचारियों द्वारा मनमोहक झांकी निकाली गई। इस मौके पर पंकज पोद्दार, प्रसम जैन, विवेक घोसला, जगदीश तिवारी, सुरेश शर्मा, अतुल पाण्डेय समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। संचालन धन्ना चौहान ने किया। वहीं दूसरी तरफ नगर के विभिन्न विद्यालयों, प्रतिष्ठान, बैंक पर भी ध्वजारोहण किया गया।



एबीआईसी स्कूल में ध्वजारोहण करते यूनिट हेड राहुल सहगल

## कंबल पाकर खिले असहायों के चेहरे

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा सीएसआर योजना के तहत परियोजना प्रभावित ग्राम परसवार राजा के जरूरतमंद, निर्धन, दिव्यांग, विधवा एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को डॉ एसके खरे महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं संजीवनी चिकित्सालय एनटीपीसी सिंगरौली एवं अन्य अधिकारी, यूनियन के सदस्यों, जनप्रतिनिधि द्वारा 210 कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल गये। डॉ एसके खरे ने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली सभी जरूरतमंद जनों की सहायता हेतु प्रतिबद्ध है। एनटीपीसी सिंगरौली समाज कल्याण हेतु भविष्य में भी सामाजिक एवं कल्याणकारी गतिविधियां जारी रखेगी। इससे पूर्व भी एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा चिल्काडांड एवं बैगा बस्ती-परसवार राजा, अंबेडकर नगर, शक्तिनगर बस स्टैंड, पीडबल्यूडी मोड, ज्वालामुखी मंदिर, कोटा बस्ती क्षेत्र के जरूरतमंद व गरीब व्यक्तियों को सर्दी से राहत हेतु कंबल वितरण किया गया था। इस अवसर पर ओम प्रकाश, एस के सिंह, अनीश कुमार, कुमार आदर्श, अविनाश भारती समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

# सीएसआर कार्यों के लिए अल्ट्राटेक को मिला पुरस्कार



अल्ट्राटेक के एडमिन हेड ऋषि राज सिंह शेखावत व आर सी पाण्डेय को सम्मानित करते डीजी मुख्यालय आनंद कुमार

**डाला।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सूबे की राजधानी में जेल प्रशासन और सुधार लखनऊ डीजी मुख्यालय आनंद कुमार द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के सीएसआर के तहत किए गए कार्यों के लिए सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया है। सीमेंट कम्पनी के प्रमुख प्रशासन और सीएसआर ऋषि राज सिंह शेखावत और आर. सी.पाण्डेय ने लखनऊ जेल प्रशासन डीजी मुख्यालय पहुंच कर सम्मान को ग्रहण किया। ईकाई प्रमुख राहुल सहगल ने बताया कि सीमेंट फैक्ट्री का सीएसआर आमजन के उत्थान के लिए सदैव प्रयासरत है, जिसका जीता जागता उदाहरण है यह सम्मान का प्राप्त होना। वहीं सोनभद्र के जिला जेल में महिला कैदियों और उनके बच्चों के उत्थान के लिए अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड डाला सीएसआर के तहत किए कार्य की सराहना किया।

## होम्योपैथिक चिकित्सकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज स्थित रामलीला मैदान के सभा कक्ष में बृहस्पतिवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर होम्योपैथिक चिकित्सकों की कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिले के उपस्थित होम्योपैथिक चिकित्सकों ने अपने अनुभव को साझा किया। कार्यशाला का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार सोनी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर कुसुमाकर श्रीवास्तव ने हैनीमैन के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर संतोष कुमार सोनी ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा सस्ता, सुलभ माध्यम है। इस अवसर पर डॉक्टर अमरनाथ पांडे, राजमोहन पांडे, डॉ जेएन तिवारी, एसके कुशवाहा, डॉक्टर सीबीडी पांडे, डॉक्टर संजय सिंह, डॉ आनंद, डॉ रवि मिश्रा, आशीष दुबे, मुकेश गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दमखम

**बीजपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी रिहंदनगर में शनिवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने छात्रों द्वारा संचालित बैंड बाजा के बीच पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य लालता शाह, थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह एवं ममता शाह विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्य ने बताया कि डीएवी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कृत-संकल्प है। वहीं ऊषा कुमारी और अंशिका ने मशाल हाथ में लेकर मैदान के चारों ओर दौड़ लगाते हुए आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि खेलकूद जीवन के लिए अति आवश्यक है। थाना प्रभारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद अति आवश्यक है। इसके पूर्व अतिथियों ने संयुक्त रूप से वार्षिक खेलकूद के शुभारंभ की घोषणा की। इस दौरान प्रतियोगिता के विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।

# हिण्डाल्को प्लांट-2 कॉलोनी में पंचमुखी हनुमान मंदिर का शुभारंभ

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को प्लांट-2 कॉलोनी में बहुप्रतिक्षित पंचमुखी हनुमान मंदिर का शुभारंभ प्राण-प्रतिष्ठा के साथ विधिवत हवन-पूजन, भण्डारे व महा प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में हिण्डाल्को के सीओओ एन. नागेश उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी नागेश, हिण्डाल्को मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह व उनकी धर्मपत्नी सीमा सिंह, हिण्डाल्को प्रोजेक्ट डिविजन विनोद ठाकुर उनकी धर्मपत्नी रेखा ठाकुर, ईआर हेड परनीत सिंह, सुरक्षा प्रमुख कर्नल से.नि. संदीप खन्ना एवं उनकी धर्मपत्नी, पब्लिसिटी व एडमिन हेडयशवंत कुमार समेत अन्य अधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

इससे पूर्व मंदिर निर्माण पूर्ण होने के इस पावन अवसर पर पांच दिवसीय हनुमत प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत कलशयात्रा,वेदी पूजन, श्री हनुमत्सहस नाम पाठ, अन्नाधिवास, जलाधिवास, घृताधिवास व पुष्पाधिवास तथा महाप्रसाद भण्डारे आदि का आयोजन किया गया। मंदिर के निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने एवं श्रद्धालुओं हेतु प्रवेश प्रारंभ हो जाने से आस-पास के निवासियों में बहुत उत्साह एवं उल्लास है। एन. नागेश एवं जसबीर सिंह ने तीन माह पूर्व मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन किया था और विनोद ठाकुर की देख-रेख में उक्त भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया। इससे पूर्व नागेश एवं जसबीर सिंह ने हिण्डाल्को कॉलोनी परिसर स्थित यंग मैनेजर्स हॉस्टल में विधिवत पूजन करके नवनिर्मित जिम एवं नवनिर्मित कमरों का उद्घाटन किया।



कार्यक्रम में शामिल हिण्डालको के अधिकारी

# विधि विधान से मां सरस्वती प्रतिमा का हुआ विसर्जन



सरस्वती पूजन करते लोग

**दुद्धी।** बसंत पंचमी के अवसर पर क्षेत्र में मां सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन से हुई थी। इसके बाद शनिवार को नम आंखों से मां सरस्वती को विदाई दी गई। दो दिन चले पूजन अर्चन के बाद गाजे-बाजे के साथ प्राचीन तालाब में मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। मां सरस्वती की आराधना में लगे छात्र-छात्राएं नाचते गाते मां सरस्वती की विदाई कर आशीर्वाद मांगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की जलकर मौत

दुःखद

## सीओ चकिया ने कहा मामले की जांच कर होगी कार्रवाई


घटना के बाद विलाप करते मृतक के परिजन।

**शहाबगंज।** थाना क्षेत्र के परासी खुर्द गांव में शनिवार की सुबह वीरेंद्र वनवासी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। वहीं आकस्मिक घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। वीरेंद्र वनवासी 35 वर्ष किन्हीं कारणों से शुक्रवार की रात में आंशिक रूप से जल गया।

शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी व थानाध्यक्ष इलिया मय फोर्स मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय के लिए भेज दिया। वहीं मृतक की पत्नी मगरी और छोटे-छोटे बच्चों का रो-रो कर बदहवास हो जा रहे थे।मृतक अपने पीछे निशा 7 वर्ष, खुशी 5 वर्ष, चिन्टू 4 वर्ष, मोदी 2 वर्ष व आनन्द 1 वर्ष है। मृतक की पत्नी मगरी ने बताया कि शुक्रवार की रात में वीरेंद्र अधजली अवस्था में घर आये थे। शनिवार की सुबह इनकी मौत हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज व फॉरेंसिक की टीम ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया। सीओ उन्होंने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

## आरोग्य मेला आज लगेगा प्रिकॉशन डोज

**कंदवा।** विकास खंड बरहनी के सभी सरकारी अस्पतालों सहित अन्य स्वास्थ्य इकाइयों पर अब कोविड-19 का टीका लगाया जाएगा। कोरोना से बचाव के लिए प्रिकॉशन डोज लगवाना जरुरी है।पूर्व मे कोविशिल्ड का दो टीका लगवा चुके लोग प्रिकाशन डोज लगवाकर कोरोना के प्रभाव से बचाव कर सकते हैं। शनिवार से नजदीकी सरकारी अस्पतालों सहित अन्य स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रिकॉशन डोज लगना शुरू हो चुका है। आज रविवार को पई,ओयरचक में आयोजित आरोग्य मेला मे भी कोरोना से बचाव का टीका लगेगा। यह जानकारी देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी बरहनी डा. शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि बरहनी में प्रिकाशन डोज के लिए कोवि शील्ड की पर्याप्त खेप आ चुकी है। वंचित लोग लाभान्वित हो सकते हैं। शनिवार से यह बरहनी के सभी सरकारी अस्पतालों स्वास्थ्य इकाइयों पर टीका उपलब्ध हो चुका है। बताया कि कोरोना से बचाव के लिए समय रहते टीका अवश्य लगवाएं।

# विवाद पैदा करने वालों के खिलाफ करें सख्ती: डीएम

जनसंदेश न्यूज


शहाबगंज थाने में जन शिकायतों को सुनते डीएम व एसपी।

**शहाबगंज।** थाना परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी ईशा दुहन और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान नौ प्रार्थना पत्र पड़े। जिनमें से एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया। वहीं चार प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस कर्मियों की टीम बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं परिसर में निमार्णाधीन बैरक व विवेचना कक्ष का निरीक्षण कर गुणवत्ता देखी। कार्यदायी संस्था को कार्य में तेजी लाने को निर्देशित किया। उन्होंने सभी प्रार्थना पत्रों को निर्धारित समयावधि में निस्तारित करने को कहा, जिससे अनावश्यक रूप से विवाद उत्पन्न न होने पाएं।

डीएम ने राजस्व कर्मियों से कहा कि थाना या तहसील में जो भी शिकायत आते हो उसको टीम बनाकर पक्की पैमाइश का कार्य निष्पक्ष रूप से संपन्न कराएं। इसके बाद भी कोई व्यक्ति विवाद उत्पन्न कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी रघुराज, तहसीलदार बंदना मिश्रा, थानाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी,एसआई आकाश तिवारी, शिवकुमार यादव, सिंहासन सिंह, रणजीत कुमार लेखपाल तौफीक अहमद,शाकिब, मनीष सहित आदि राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

## गोल्ड मेडलिस्ट मेधावी छात्राओं को प्राचार्य ने किया सम्मानित

**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन पर प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने संस्थापक प्राचार्य स्व. रामकवल पांडेय के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस दौरान महाविद्यालय के गोल्ड मेडलिस्ट छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व महाविद्यालय के शिक्षक और प्रवक्ताओं को बेहतर कार्य कौशल को देखते हुए सम्मान किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि शिक्षक और छात्रों की सच्ची निष्ठा से सफलता सदैव प्राप्त होता है। यह गौरव की बात है कि हमारे महाविद्यालय की तीन छात्राओं को पूर्वांचल स्तर पर महाविद्यालय को गोल्ड मेडल दिलाकर जनपद का नाम रौशन किया। इसके पूर्व संस्थापक प्राचार्य स्व. रामकवल पांडेय के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए छोटे मालवीय के नाम से सम्बोधित करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया।

तत्पश्चात उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा प्रेषित संदेश का वाचन प्रोफेसर उदय शंकर झा द्वारा दिया गया। अंत में प्राचार्य ने गोल्ड मेडलिस्ट छात्राओं को एक्यावन सौर और एक हजार रूपया देकर उत्सावर्धन किया। इसके अलावा खिलाड़ी और शिक्षकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर प्रोफेसर शमीम राईन, जितेंद्र यादव बीएड विभागाध्यक्ष डॉक्टर अजय कुमार यादव, प्रोफेसर दयानिधि सिंह यादव, डा.विजेंद्र सिंह, डा. राजेश यादव, प्रो. इन्द्रदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक


सैयदराजा में व्यापारियों संग बैठक करते जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा व अन्य।

**चंदौली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंड़ल की बैठक शनिवार को जिला मंत्री हरजीत सिंह के निजी प्रतिष्ठान सैयदराजा स्टेशन रोड पर सम्पन्न हुई, जिसमें जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने मन्नी अली को युवा तहसील अध्यक्ष एवं शेरे जमा खान को युवा जिला मंत्री बनाया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष ने दोनों युवा व्यापारियों को प्रमाण पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। कहा कि दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें और व्यापारियों के हित को सदैव प्राथमिकता पर रखें, ताकि संगठन सशक्त रहे। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी गणपत रॉय, कृष्णा सोनी, हरजीत सिंह, परवेज अहमद, शमशेर अली, मो अली, अमिय पाण्डेय उपस्थित रहे।

### मूर्ति विसर्जन कर लौट रहे युवक को पीटा

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के भिखपुर रौना के गांव के समीप कुछ मनबढ़ युवकों ने लोहरा निवासी मोहित विश्वकर्मा रौना गांव गंगा नदी में मूर्ति विसर्जन करने के बाद घर वापस आ रहा था, तभी भिखपुर रौना के समीप पांच की संख्या मौजूद युवकों ने युवक पर हमला बोल दिया। मारपीट की इस घटना में मोहित गंभीर रूप घायल हो गया। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद युवक वहा से फरार हो गए जिसके बाद मोहित ने मुगलसराय कोतवाली में युवकों के खिलाफ लिखित तहरीर तहरीर दी।

# पोखरे में डूब रहे बालक को विवाहिता ने बचाया

साहस

## महिला के प्रयास से बच गयी डूब रहे बालक की जान


डूब रहे बालक को बचाने वाली सोनी देवी को सम्मानित व पुरस्कृत करते रामकेश सिंह।

**चंदौली।** नारी स्नेह व प्रेम की प्रतिमूर्ति होने के साथ ही साहस व शक्ति की भी देवी है। शास्त्रीनगर निवासी सोनी देवी ने शनिवार को अपने अदम्य साहस का परिचय दिया और पोखरे में डूब रहे सात वर्षीय को अपनी जान पर खेल कर बचाया। इस साहसिक प्रयास में सोनी देवी खुद डूबने लगी, जिन्हें परिवार व पास-पड़ोस के लोगों ने किसी तरह पोखरे से बाहर निकाला। घटना के बाद बालक के परिवार के लोग तत्काल उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका उपचार हुआ।

दरअसल चंदौली नगर के शास्त्री नगर वार्ड निवासी सेवानिवृत्त भूमि संरक्षण अधिकारी रामकेश सिंह का पौत्र चुलबुल सिंह, 7 वर्ष वर्ष खेलते-खेलते नगर पंचायत कार्यालय के सामने स्थित पोखरे पर पहुंच गया। इस दौरान वह किसी तरह पोखरे में गिर पड़ा और डूबने लगा। यह देखकर वहां मौजूद सोनी देवी, बालक को बचाने के लिए पोखरे में कूद पड़ी। यह देखकर पोखरे के किनारे भारी भीड़ जमा हो गयी। सोनी देवी ने डूब रहे बालक को किसी तरह बाहर निकाला, लेकिन इस प्रयास में उनका जीवन खुद खतरे में आ गया और वह डूबने लगी, जिसे किनारे पर मौजूद परिवार व पास-पड़ोस के लोगों ने बाहर निकाला। इस दौरान सोनी देवी पूरी तरह से गंदे पानी से लथपथ हो चुकी थी। दूसरी ओर जानकारी होते ही बालक चुलबुल सिंह के परिवार वाले भी भागते हुए पहुंच गए और उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकीय जांच व उपचार के बाद बच्चे को छुट्टी दे दी गई। इसके बाद रामकेश सिंह सोनी देवी से मिले और इस साहसिक कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही सम्मानित व पुरस्कृत करके उसका हौसला बढ़ाया। कहा कि उम्दा व साहसिक कार्य करने वालों से समाज को सीख लेनी चाहिए। महिला के साहस से बालक की जान बच गयी।

# कोतवाली में एडीएम ने सुनी जनता की फरियाद


चंदौली कोतवाली में फरियाद सुनते एडीएम व अन्य अफसर।

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित सदर कोतवाली में शनिवार को एडीएम उमेश मिश्रा ने अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फरियादियों द्वारा उनके समक्ष मौके पर चार प्राथना पत्र पड़े, जिसमें से एक मामले का मौके पर निस्तारण कर अन्य प्राथना पत्रों को संबधित अधिकारियों को सौप कर जल्द से जल्द निस्तारण करने को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि थाने में आये हुए फरियादियों के साथ पुलिस अच्छा व्यवहार करें और लंबित प्राथना पत्रों को संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर उसको निस्तारण करे। इस मौके पर एसडीएम अजय कुमार मिश्रा अपर पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस



**चन्दौली।** बाल शिक्षा निकेतन इण्टर कॉलेज अगंधपुर में 74वां गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसको सभी ने बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया। इस आयोजन में मुख्य रूप से विजयशंकर सिंह(सिकरी), अध्यक्ष डां. शंभूनाथ (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), प्रबंधक श्री रमेश कुमार मौर्य व संचालक तथा प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश चौहान, लुटावन सिंह, बनारसी राम(पूर्व प्रधान), बच्चा रॉय,सत्येंद्र सिंह, रामसकल पाल, रितेश बियार (प्रधान),राजेश मिश्र, जितेन्द्र नारायण सिंह,राजेश, होरी लाल व आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


























# स्पोर्ट्स

### थप्पड़ चैंपियनशिप जीतने वाले शख्स का सूज गया चेहरा, लोग बोले- बैन करो

बुखारेस्ट। रोमानिया में आरएफएक्स स्लैप (थप्पड़) फाइटिंग चैंपियनशिप जीतने वाले कॉमसा सोरिन नामक शख्स का चेहरा सूज गया और उनका चेहरा बिगड़ा हुआ दिखा। चैंपियनशिप की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पर बैन लगाने की मांग की। एक यूजर ने कहा, ऐसा खेल बेकार है जिसमें आप खुद अपना बचाव नहीं कर सकते।



# भारत के सामने 'करो या मरो' की स्थिति, ईशान किशन और दीपक हुड्डा को दिखाना होगा जलवा

## भारतीय टीम को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बने रहने के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी

**लखनऊ।** शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी तथा मुख्य गेंदबाजों के लचर प्रदर्शन से पहला मैच गंवाने वाली भारतीय टीम को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बने रहने के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले दूसरे मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। हार्दिक पंड्या की अगुवाई वाली टीम रांची में पहले मैच में न्यूजीलैंड के स्पिन जाल में फंस गई थी और उसे 21 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में भारतीय तेज गेंदबाजों की कमजोरी भी सामने आई क्योंकि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक ने रन लुटाकर टीम को दबाव में डाला।



मलिक ने जहां अपने एक ओवर में 16 रन दिए उन्हें अर्शदीप ने पारी के अंतिम ओवर में 27 रन लुटाए। इससे लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम पर दबाव बन गया। अर्शदीप का आखिरी ओवर आखिर में मैच का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। भारत की बल्लेबाजी में शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसके चोटी के तीन बल्लेबाज केवल 15 रन जोड़ पाए। भारत यदि हार का अंतर कम कर पाया तो उसका श्रेय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को जाता है जिन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली। वाशिंगटन ने बाद में स्वीकार किया कि 150 का स्कोर बराबरी का होता। कप्तान पांड्या इसके बावजूद तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को पदार्पण का मौका देंगे इसकी संभावना कम लगती है। वह संभवतः अर्शदीप को वापसी का मौका दे सकते हैं। शुभमन गिल वनडे में बेहतरीन फॉर्म में थे लेकिन टी20 में वह इसे बरकरार नहीं रख पाए। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं और उन्हें आगे मौका दिया जाना तय है लेकिन टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता ईशान किशन और दीपक हुड्डा की फॉर्म है। किशन ने पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में दोहरा शतक जड़ा था लेकिन इसके बाद वह इस फॉर्म को बरकरार नहीं रख पाए। सलामी बल्लेबाज के रूप में उतर रहे इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने उसके बाद 37, 2, 1, 5, नाबाद 8, 17 और 4 रन की पारियां खेली हैं। अगर टी20 अंतरराष्ट्रीय की ही बात करें तो इस प्रारूप में उन्होंने अपना आखिरी अर्धशतक 14 जून 2022 को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगाया था। हुड्डा भी पावर हिटर के रूप में खास सफलता हासिल नहीं कर पाए हैं। पिछली 13 पारियों में उनका औसत केवल 17.88 है। इस बीच उनका सर्वोच्च स्कोर श्रीलंका के खिलाफ मुंबई में नाबाद 41 रन रहा।

रांची में शुक्रवार को पहले मैच में वह 10 गेंदों पर केवल 10 रन बना पाए थे। इसके बावजूद मध्यक्रम में जितेश शर्मा को विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में लाए जाने की संभावना नहीं है। पहले मैच में हार के बावजूद भारत के लिए वाशिंगटन सुंदर का प्रदर्शन सकारात्मक पहलू रहा। उन्होंने किफायती गेंदबाजी करने के अलावा छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंदों पर 50 रन भी बनाए। विश्व के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव शानदार फॉर्म में चल रहे हैं लेकिन उन्हें शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से सहयोग की जरूरत है। जहां तक न्यूजीलैंड की बात है तो वह भारत में श्रृंखला जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

उसका दारोमदार एक बार फिर से डेवोन कॉनवे और डेरिल मिशेल पर टिका रहेगा।

***टीमें इस प्रकार हैं***

**भारतः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), शुभमन गिल, पृथ्वी साव, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, शिवम मावी और मुकेश कुमार।

**न्यूजीलैंडः** मिशेल सेंटनर (कप्तान), फिन एलेन, डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, डेन क्लीवर (विकेटकीपर), मार्क चैपमैन, माइकल ब्रेसवेल, डेरिल मिशेल, माइकल रिपन, लॉकी फर्ग्यूसन, ईश सोढ़ी, ब्लेयर टिकनर, जैकब डफी, हेनरी शिपले और बेन लिस्टर। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा।

## भारत को विश्व कप खिताब दिलाने पर लगी शेफाली की निगाहें

पोटचेफस्ट्रूम। विस्फोटक बल्लेबाज शेफाली वर्मा अपनी अगुआई में भारत को रविवार को यहां आईसीसी के शुरूआती अंडर-19 टी20 विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ जीत दिलाकर इतिहास रचने के इरादे से मैदान में उतरेंगी।



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने काफी सफलता अर्जित की है लेकिन टीम किसी भी स्तर पर विश्व कप ट्राफी नहीं जीत सकी है और सीनियर टीम के साथ दो विश्व कप और एक राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल का हिस्सा रह चुकी शेफाली अंडर-19 विश्व कप की ट्राफी जीतकर घर लौटना चाहेंगी। सीनियर टीम तीन मौकों पर विश्व कप के फाइनल में पहुंची है लेकिन फाइनल की बाधा पार नहीं कर सकी है। 2005 में भारत को आस्ट्रेलिया से 98 रन से, 2017 में इंग्लैंड से नौ रन से और 2020 फाइनल में आस्ट्रेलिया से 85 रन से हार मिली। रोहतक की युवा खिलाड़ी दो विश्व कप के अलावा पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता टीम का भी हिस्सा थीं। और अब वह इस मौके को हाथ से नहीं निकलने देना चाहतीं।

# जर्मनी के जज्बे से बेल्जियम को रहना होगा सतर्क, रविवार को होगा फाइनल मुकाबला

## अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज करने वाला बेल्जियम इस सूची में खुद को शामिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा

**भुवनेश्वर।** ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम को यदि एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने वाली केवल चौथी टीम बनना है तो उसे रविवार को यहां होने वाले फाइनल में जर्मनी के वापसी करने के जज्बे से सावधान रहना होगा। अभी तक पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी ही विश्वकप में लगातार दो खिताब जीत पाए हैं। विश्व हॉकी में पिछले एक दशक में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज करने वाला बेल्जियम इस सूची में खुद को शामिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उसने इसी कलिंग स्टेडियम में 2018 में खिताब जीता था। बेल्जियम के 11 खिलाड़ी 30 वर्ष से अधिक और तीन




खिलाड़ी 35 साल से अधिक उम्र के हैं। उसकी इस टीम ने चार साल पहले विश्वकप और पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उसके खिलाड़ियों ने दिखा दिया है कि वह पूरी तरह से फिट है और उम्र की तुलना में अनुभव अधिक मायने रखता है। बेल्जियम की टीम में अधिकतर वही खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने चार साल पहले विश्वकप और फिर ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। बेल्जियम की टीम में किसी तरह की खामी निकालना बहुत मुश्किल है। उसकी टीम में तेजतर्रार स्ट्राइकर और दमदार रक्षकों के अलावा पेनल्टी कॉर्नर के अच्छे विशेषज्ञ भी शामिल हैं। उसके पास विन्सेंट वनाश के रूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपरों में शामिल गोलकीपर है। वर्तमान टूनार्मेंट में बेल्जियम ने अभी तक 18 गोल किए हैं जिनमें से उसके स्टार स्ट्राइकर टॉम बून ने सर्वाधिक सात गोल किए हैं। बेल्जियम ने अभी तक केवल पांच गोल खाए हैं। विश्व की नंबर दो टीम बेल्जियम को हालांकि जर्मनी की कभी हार नहीं मानने की प्रवृत्ति और वापसी करने के जज्बे से सतर्क रहना होगा। विश्वकप में अभी तक जर्मनी ने दो बार 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करके जीत दर्ज की और फाइनल में जगह बनाई। दो बार (2002 और 2006) का चैंपियन जर्मनी क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ दो गोल से पीछे चल रहा था लेकिन उसने आखिरी ढाई मिनट में दो गोल करके स्कोर बराबर किया और फिर पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की।

## बॉलीवुड न्यूज

### डॉ. दीपक सिंह की बुक को मिल रहे हैं शानदार रिव्यूज

**मुंबई।** निर्माता कंटेंट क्रिएटर और लेखक डॉ. दीपक सिंह की किताबें काफी आकर्षक हैं और भारत और दुनिया के कई दूसरे हिस्सों में लोकप्रिय हैं। अब, उनकी 'हिज होलीनेस द दलाई लामा एंड हिज फुटस्टेप्स' नाम की बुक हाल ही में प्रकाशित हुई है, जिसे पहले से ही हर तरफ से तारीफ मिल रही है।डॉ दीपक सिंह बेहद जाने माने कंटेंट क्रिएटर और एक फिल्म निमार्ता भी हैं और वे भारत और हॉलीवुड दोनों में फिल्मों का निर्माण करने के लिए जाने जाते हैं। ब्रांड बिल्डिंग और मीडिया कंसल्टेंसी की दुनिया में भी उनका काफी नाम है। डॉ दीपक सिंह रिलेवेंट और अलग तरह का कंटेंट लाने के लिए हमेशा उत्साहित रहे हैं। वह ऑडियो-विजुअल फॉर्मेट में कई रियल लाईफ स्टोरीज पर काम कर रहे हैं। इकलौते दलाई लामा के बारे में बात करते हुए डॉ. दीपक सिंह ने कहा , "परम पूज्य दलाई लामा की यात्रा हमेशा मेरे लिए प्रेरणा रही है। जब भी मैंने उन्हें सार्वजनिक तौर पर देखा है, टीवी पर देखा है या बस नई दिल्ली में अशोक होटल में उनकी एक झलक देखने को मिली है, मैंने उन्हें हमेशा शांत, मौन, चुप और मुस्कुराते हुए देखा है। उनका चेहरा और उनका पूरा व्यक्तित्व आंतरिक शांति और सकारात्मकता को दशार्ता है जैसे कि आप कभी भी उनसे अपनी नजरे नहीं हटाना चाहते हो। मैंने हमेशा मेरे सोर्स ऑफ इंस्पिरेशन के रूप में उनकी ओर देखा है। उन्होंने मुझे जीवन को एक अलग तरीके से देखने के लिए प्रेरित किया है। मैं प्रेरक कहानियों को चुनता रहता हूं और फिर उन्हें अलग अलग किताबों के रूप में पेश करता हूं ताकि पाठकों को अलग-अलग और दिलचस्प कहानियां पढ़ने को मिलें और वो जीवन से प्रेरित हो। निर्माता और लेखक दीपक सिंह की यात्रा अपने आप में बहुत प्रेरणादायक रही है। उन्होंने समीक्षकों द्वारा प्रशंसित हिंदी फिल्म 'सूरमा' का भी निर्माण किया है, जो हॉकी के दिग्गज संदीप सिंह के जीवन पर आधारित थी। उन्होंने 'रक्षा बंधन' और 'कंटीन्यूटी' जैसी शॉर्ट फिल्में भी बनाई हैं, जो एक वेजिटेबल सेलर और एक शूटिंग क्रू के प्रोडक्शन कंट्रोलर के बीच की बातचीत को दशार्ती हैं और दिखाती हैं कि यह कैसे उनके जीवन को बदल देता है।




### इस समय सफेद गेंद के क्रिकेट में मिशेल सैंटनर सर्वश्रेष्ठ स्पिनर : डेरिल मिशेल

**रांची।** न्यूजीलैंड के आलराउंडर डेरिल मिशेल का मानना है कि कार्यवाहक टी20 कप्तान मिशेल सैंटनर इस समय सफेद गेंद के क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ स्पिनर हैं जिन्होंने भारत के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती मैच में शानदार प्रदर्शन किया। सैंटनर ने चार ओवर में महज 11 रन देकर दो विकेट झटके जिसकी बदौलत न्यूजीलैंड की टीम शुक्रवार को तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 21 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही। सैंटनर ने शानदार स्पैल डाला और पावरप्ले में सूर्यकुमार यादव को मेडन ओवर फेंककर रन गति पर लगाम लगाई। डेरिल मिशेल को 30 गेंद में नाबाद 50 रन की पारी खेलने के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, वह इस समय सफेद गेंद के विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में से एक है। सैंटनर ने फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल का विकेट झटका जिन्होंने इससे पहले वनडे श्रृंखला में भारत की 3-0 की जीत में अहम भूमिका अदा की थी। डेरिल मिशेल ने कहा, वह (सैंटनर) अपनी काबिलियत साबित करता रहा है। यह उसका विशेष स्पैल था जिसने हमें जीत की स्थिति में पहुंचाया। वह यह लंबे समय से करता आ रहा है, हम भाग्यशाली हैं कि वह हमारी टीम में है।

# समाधान दिवस में सुनी फरियाद

जनसंदेश न्यूज

डीडीयू नगर। मुगलसराय कोतवली में शनिवार को थाना समाधान दिवस पर राजस्व से जुड़े मामलों की अधिकता रही। पुलिस और राजस्व अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान किया। हालांकि कई मामलों को जांच के लिए रख लिया गया उक्त मामले को जल्द से जल्द जांच कर निस्तारण किया जाएगा। मुगलसराय कोतवाली में कई समस्याएं समाधान किया गया।

एसडीएम पीडीडीयू नगर एसडीएम ने मामलों को गंभीरता से सुनने और पूरी जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार मुगलसराय कोतवाली में पड़े प्रार्थना पत्र का निवारण किया गया। इसके साथ ही नगर में जाम व अतिक्रमण को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान सीओ ट्रैफिक एसडीएम के साथ मुगलसराय कोतवाल दीनदयाल पांडेय के साथ संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




समाधान दिवस पर मुगलसराय कोतवाली में फरियाद सुनते एसडीएम अवनीश

# मेधावी छात्राओं को समाजसेवी रामगोपाल ने बांटी साइकिल

**चहनियां।** पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरूद्ध सिंह के पहल पर रामगोपाल सिंह ने शनिवार को रामगढ़ स्थित बाबा किनाराम इंटर कॉलेज के मेधावी 11 छात्राओं को साइकिल वितरण किया। हीरक जयंती प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये छात्र छात्राओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीत व चतुर्थ स्थान प्राप्त खिलाड़ियों व पूरी टोली को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में हर संभव मदद का भरोसा दिया है। एमडी के इस पहल से छात्राओं में काफी उत्साह है। समाजसेवी दुर्गेश सिंह अधिकारी और समाजसेवियों की मदद से सर्व शिक्षा अभियान को बढ़ावा दे रहे है। अबतक हजारों छात्राओं को निःशुल्क कॉपी किताब सहित खेलकूद व ड्रेस वितरण किया है। यही नहीं सीओ अनिरूद्ध सिंह सहित अन्य के मदद से गरीब बेटियों की हाथ पीला भी कराया है। इसी क्रम में शनिवार को रामगढ़ स्थित किनाराम इंटर कॉलेज में एमडी रामगोपाल सिंह ने मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरण के साथ पठन-पाठन सामाग्री हेतु दो-दो हजार रुपए का उत्सावर्धन किया। एमडी रामगोपाल सिंह के इस पहल का क्षेत्रीय लोगों ने सराहना किया। रामगोपाल सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से देश और राष्ट्रहित में मजबूती मिलेगा। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर समाजसेवी दुर्गेश सिंह, सीओ अनिरूद्ध सिंह, प्रधानाचार्य विपिन सिंह, प्रबंधक प्रभुनारायण सिंह लल्ला, रामराज राय, रमेश चंद्र पाण्डेय, पूर्व प्रधानाचार्य धनंजय सिंह, सुनील पाण्डेय, राकेश सिंह, संतोष सिंह, अशोक सिंह, विनोद सिंह, अरविंद सिंह, सुधीन्द्र पांडेय, संतोष जोशी, उपेन्द्र सिंह, विजय सिंह, नवीन सिंह मौजूद रहे। संचालन प्रमोद सिंह ने किया।



बाबा किनाराम इंटर कॉलेज रामगढ़ में मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरण करते हुए समाजसेवी रामगोपाल सिंह व दुर्गेश सिंह।

# गणतंत्र दिवस पर रामपुर में हुए विविध आयोजन

**कंदवा।** 74वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन रामपुर ग्राम सभा के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रामपुर में हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक, प्रधान पति एवं मुख्य अतिथि द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा राष्ट्रगान एवं झंडा गीत एवं जयघोष भी किया गया। प्रधानाध्यापक आदर्श शिक्षक बलराम पाठक एवं प्रधानपति संतोष बिंद द्वारा संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि गण भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश सिंह, दिनेश तिवारी एवं पूर्व जिला महामंत्री हरीश सिंह का स्वागत करते हुए अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथिगण द्वारा विद्यालय प्रांगण एवं पंचायत भवन रामपुर में क्रमशः दिव्यांग शौचालय एवं पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया गया। प्रधान पति संतोष बिंद द्वारा प्राथमिक विद्यालय रामपुर के अध्यापकों के निरंतर प्रयास एवं विद्यालय के शैक्षिक उन्नयन से फलीभूत हो कर समस्त अध्यापकों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। राजेश सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं को संविधान के मूल नियमों का सदैव पालन करना चाहिए। दिनेश तिवारी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को सदैव लगन के साथ अध्ययन करते रहना चाहिए। प्रधान पति संतोष बिंद ने कहा कि उन्हें सदैव प्रगति के पथ पर बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि गण के द्वारा पुस्तक एवं कलम देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाध्यापक आदर्श शिक्षक बलराम पाठक ने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा सदैव शासन की नीतियों के अनुरूप प्रयास करते हुए शैक्षिक उन्नयन का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर रिंकू चंद्र लकमुद्दीन, मयंक, राजेश बिंद, शिवमुनि, रूहिया खानम, राकेश राय, सुनील पांडेय, आशिक अली, दीपक सिंह, उमेश सिंह उपस्थित रहे।



गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

# बरहुआ में आमजन के लिए खतरे का सबब बना खुला बोरवेल

**शहाबगंज।** बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाएं आए दिन होती रहती है। बावजूद इसके प्रशासन व जिम्मेदार कार्यदायी संस्थाएं ऐसी घटनाओं से सीख नहीं ले रही है। ब्लाक क्षेत्र के बरहुआ में जल जीवन मिशन के तहत 230 फीट की बोरिंग कर-के उसमें पाइप डालने के बाद आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। उक्त बोरवेल बरहुआ आयुष्मान सेंटर के पास मौजूद है, जो आबादी से सटा हुआ है। ऐसे में यदि कोई बोरवेल में गिर जाए तो जनहानि से इन्कार नहीं किया जा सकता है। विदित हो ग्रामीण अंचलों में इन दिनों जल जीवन मिशन के तहत बोरिंग करके पानी की सप्लाई का कार्य शासन की ओर से कराया जा रहा है। शहाबगंज ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बोरिंग व उसमें पाइप आदि उपकरण चलाने का काम चल रहा है। बरहुआ आयुष्मान सेंटर के पास भी जल जीवन मिशन के तहत 230 फीट बोरिंग की गई और उसमें पाइप डालकर आधा-अधूरा छोड़ दिया गया। ग्रामीणों की मुताबिक बोरिंग करने वाली कार्यदायी संस्था ने सप्ताह पूर्व करीब 20 इंच चैड़ाई वाले बोरवेल को मात्र झाड़ से ढक रखा है, जो स्थानीय लोगों के लिए खतरे का सबब है। यदि जल्द बोरवेल में अन्य उपकरणों को लगाकर बंद नहीं किया गया तो अप्रिय घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता। लापरवाही का आलम यह है कि बोरवेल के आसपास किसी भी प्रकार की बैरिकेडिंग नहीं की गयी है।



# खेल मन चित्त को एकाग्र करने का साधनः राजेश चतुर्वेदी

**टाण्डाकला।** क्षेत्र के महुअर स्थित राहुल इंटरनेशनल पब्लिक विद्यालय में शनिवार को खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि बीईओ राजेश चतुर्वेदी ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व धूप दीप प्रज्जवलित करके किया। सभी प्रतियोगिता भाभा हाऊस, विवेकानंद हाउस, टैगोर हाउस व आजाद हाउस के बीच खेला गया। जिसमें वालीबाल में विवेकानंद हाउस तो कबड्डी में आजाद हाउस अव्वल रहा।

लम्बी कूद में रूद्र प्रताप पांडेय तो 100 मीटर दौड़ में आर्या तिवारी अव्वल रहे। ओवरहाल भाभा हाऊस विजेता रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश चतुर्वेदी ने कहा कि खेल आपसी ताल मेल व सद्भाव को को बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी है। खेल ही ऐसा साधन है जो मन चित्त को एकाग्र करता है। विद्यालय के प्रबंधक आनंद तिवारी सोनू व प्रिंसिपल बृजेश सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों बीईओ, शैलेंद्र पांडेय कवि, दुर्गेश पांडेय व अमित पांडेय को माल्यार्पण व अंग वस्त्र और स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान मुनमुन सिंह, मुन्ना गुप्ता, शालू सिंह, मनीष त्रिपाठी, संदीप मिश्रा, सूरज शर्मा, अविनाश मिश्रा उपस्थित रहे। अध्यक्षता डा.डीसी पांडेय व संचालन प्रशान्त शर्मा ने किया।




राहुल इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल महुअर में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते बीईओ राजेश चतुर्वेदी व अन्य।

# समाधान दिवस पर अनुपस्थित रहे लेखपाल, निलंबित करने का निर्देश

**कार्रवाई**

लाइन बाजार थाने में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ समाधान दिवस

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में थाना लाइन बाजार में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिया।

थाना दिवस के अवसर पर लेखपाल कुददुपुर अनुपस्थित मिले जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हे निलम्बित करने के निर्देश उप जिलाधिकारी सदर को दिया। पचहटियां निवासी बगेशरा देवी ने भूमि विवाद की शिकायत जिलाधिकारी से की जिस पर नायब तहसीलदार को निर्देश दिया कि टीम लेकर गांव में जाये और भ्रमण कर समस्या का समुचित निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायती प्रार्थनापत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाये। जिलाधिकारी के समक्ष कुल 4 शिकायते आयी जिनमें 1 का मौके पर निस्तारित किया गया और 3 में टीम भेजकर निस्तारण के निर्देश दिये।

इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं को फोन पर वार्ता कर निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस अवसर पर सीओ कुलदीप कुमार, थानाध्यक्ष आदेश कुमार त्यागी सहित लेखपाल एंव कानूनगो उपस्थित रहे।

## बीईओ ने ब्लॉक क्षेत्र के पांच विद्यालयों का किया निरीक्षण

**गौराबादशाहपुर।** बीईओ धर्मापुर अरविंद यादव ने क्षेत्र के पांच विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक विद्यालय में साफ सफाई की स्थिति संतोष जनक न पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। बीईओ शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सम्मोपुर कला, प्राथमिक विद्यालय पिंडरा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौकियां होला, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सम्मोपुर कला व प्राथमिक विद्यालय इमलों पांडेय पट्टी का निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय इमलों पांडेय पट्टी के परिसर में जब बीईओ पहुंचे तो उन्हें काफी गंदगी मिली जिस पर उन्होंने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक से कड़ी नाराजगी जताई तथा साफ सफाई करवाने का निर्देश दिया। बीईओ के निरीक्षण में विद्यालयों के सभी शिक्षक व शिक्षा मित्र उपस्थित मिले। बीईओ अरविंद यादव ने विद्यालयों के शिक्षकों को निपुण लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। पूछे जाने पर बीईओ ने बताया कि आज के निरीक्षण में सभी विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित मिले। साफ सफाई की व्यवस्था खराब पाए जाने पर प्राथमिक विद्यालय इमलों पांडेय पट्टी के प्रभारी प्रधानाध्यापक को सफाई करवाने का निर्देश दिया गया है।

# दूरदृष्टा और राष्ट्र के सजग प्रहरी थे रज्जू भैया : प्रो. आरएन त्रिपाठी

**बोले डॉ कुलदीप**

मितव्ययता के प्रतीक थे रज्जू



कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि

**सरायख्वाजा।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के द्वारा प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) की जन्मजयंती की पूर्व संध्या पर प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया): जीवन एवं दर्शन विषय पर स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस व्याख्यान के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो. आरएन त्रिपाठी ने कहा कि प्रो. राजेंद्र सिंह सरलता, सहजता व आत्मीयता के प्रतिमूर्ति थे। इसी कारण लोग प्रो. राजेंद्र सिंह को की प्यार से रज्जू भैया कहते थे। उन्होंने रज्जू भैया के जीवन के ऊपर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने रज्जू भैया के राजनीतिक प्रभाव के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि नानाजी देशमुख रज्जू भैया से प्रभावित होकर चित्रकूट में ग्रामोदय का कार्य प्रारंभ किया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कुलदीप पांडेय ने बताया कि रज्जू भैया बचपन से ही बहुत मेधावी रहे और वह इलाहाबाद विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण की तथा वहीं पर भौतिकी विभाग में प्राध्यापक नियुक्त हुए। समाजिक व राष्ट्र कार्य में रुचि के कारण विद्यार्थी जीवन में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और बाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चर्तुथ सरसंघचालक हुए। डॉक्टर पांडे ने बताया की समाज के लिए रज्जू भैया ने अपने पूरा जीवन समर्पित कर दिया तथा मितव्ययता से अपने जीवन को व्यतीत किया। इस अवसर पर ने अतिथियों ने रज्जू भैया संस्थान में स्थित प्रो राजेंद्र सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अतिथियों का स्वागत रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह ने किया। व्याख्यान का विषय प्रवर्तन डॉ. नितेश जायसवाल ने किया किया। कार्यक्रम का संचालन विवेक श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन शशिकांत यादव ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो. मानस पांडेय, प्रो. विक्रम देव, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. गिरधर मिश्रा, डॉ. पुनीत धवन डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, डॉ. अजीत सिंह और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## आश्रम पद्धति स्कूलों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग

**सोनभद्र।** गंभीर पेयजल संकट के सवाल पर राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय की छात्राओं के हुए प्रदर्शन का मामला सीएम के यहां पहुंच गया। सीएम योगी आदित्यनाथ को ट्वीट कर युवा मंच जिलाध्यक्ष रूबी सिंह गोंड़ ने तत्काल समुचित पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। युवा मंच ने मुख्यमंत्री से राजकीय आश्रम पद्धति स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने और शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए समुचित कदम उठाने की अपील की है। कहा कि आदिवासी बाहुल्य सोनभद्र जनपद सरकारी उपेक्षा का शिकार है। यही वजह है कि आदिवासियों के लिए बातें तो बड़ी बड़ी होती हैं लेकिन वास्तव में शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी यहां घोर अभाव है। आदिवासी और गरीब पृष्ठभूमि की छात्राएं उच्च शिक्षा से आम तौर पर वंचित हैं, लेकिन इसके लिए दो आवासीय महिला महाविद्यालय खोलने की मांग को अनसुना किया जा रहा है। आलम यह है कि कस्तूरबा गांधी स्कूलों को इंटरमीडिएट तक उच्चीकृत करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई, लेकिन कब तक इसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा, पढ़ाई शुरू होगी इसका अतापता नहीं है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग से कई जानवरों की जलकर मौत, कुछ की हालत गंभीर

**अगलगी**

सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के खजुरा का मामला

**जनसंदेश न्यूज**

**करंजाकला।** थाना क्षेत्र के खजुरा गांव के नट बस्ती में सुबह लगभग चार बजे आग लगने के कारण चार भैंस व पांच बकरियां झुलस गई और कई जानवरों की मौत भी हो गई। कुछ पशुओं की हालत गंभीर बनी हुई हैं।

जानकारी के अनुसार खजुरा गांव निवासी मोदीन अहमद पुत्र गफूर अहमद पशुपालक का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि रोज की तरह शाम को पशुओं को पशुशाला में रखा गया और बगल के कमरे में सो गया। चार बजे बकरियों के शोर की आवाज पर उठ कर देखा तो वहां बुरी तरह आग लगी हुई थी। तभी पूरे परिवार को उठाने के बाद मदद के लिए पुलिस को भी सूचना देकर जानवरों को बचाने में जुट गए। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुँची लेकिन आग इतनी भयानक रुप में थी जिसकी चपेट में आने से कारण कई जानवरों की झुलसने के कारण मौत हो गई है। पशुपालक मोदीन ने बताया कि उस आग की चपेट में 2 भैंस व 3 बकरियों की जलकर मौत हो गई है और 1 बकरे व 2 भैंस जलने के कारण गंभीर अवस्था में है। जहाँ आग लगी थी वहां कुल 10 जानवर रहते थे। अज्ञात कारणों से लगी आग में पशुओं की मौत होने से पशुपालक का लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांका गेहूं के खेत से बरामद किया है।प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को फूलपुर थाना क्षेत्र के नींदेवा निवासी पवन कुमार विश्वकर्मा उर्फ पप्पू विश्वकर्मा पुत्र रामाश्रय विश्वकर्मा अपने पड़ोस गांव के भवानीपुर थाना फूलपुर निवासी वैभव सिंह पुत्र स्वर्गीय मुन्ना सिंह को उनकी मोटरसाइकिल बेचवाने के झांसे में लेकर जौनपुर आया। दिन भर इधर-उधर उन्हें घुमाता रहा। अंधेरा होने पर मड़ियाहूँ कोतवाली क्षेत्र के बेलवा अतरौर गांव के पास सुनसान स्थान पर ले जाकर वैभव सिंह की हत्या की नियत से उनके सर पर बांका से वार कर दिया। बांका वैभव सिंह के गर्दन पर न लगकर सर पर जा लगा। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह पुलिस टीम के साथ बेलवा अतरौर गांव पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह वैभव सिंह से उधार रुपया लिया था बार-बार मांगे जाने पर उसने उनकी हत्या की योजना बनाई। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने गेहूं के खेत से घटना में प्रयुक्त बांका बरामद कर लिया है।

# भगवान पर विश्वास कर उनकी आराधना में लीन होना भक्तों की सच्ची भक्ति



**बदलापुर।** स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 पुरानी बाजार निवासी कथा यजमान पं. प्रदीप शर्मा के आवास पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा ब्यास पंडित बिजयानंद महाराज ने वामन अवतार ध्रुव प्रहलाद के चरित्र पर वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि भक्त प्रह्लाद-ध्रुव चरित्र और वामन अवतार प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि प्रभु की भक्ति करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है उन पर अटूट विश्वास।

प्रह्लाद और ध्रुव ने प्रभु पर अटूट विश्वास करते हुए भक्ति का अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। दोनों ही कठोरतम दंडों और यातनाओं से भी नहीं डरे और ईश्वर की आराधना करते रहे। ठीक उसी प्रकार हमें भी जीवन के संकटों से नहीं डरना चाहिए और भगवान पर विश्वास कर उनकी आराधना में लीन होना चाहिए। भगवान भक्तों की सच्ची पुकार सुनकर निश्चित ही उन पर कृपा बरसाते हैं। वर्तमान में बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए उन्हें भक्त ध्रुव व प्रह्लाद की कथा अवश्य सुनानी चाहिए। इससे उनमें अच्छे भाव व संस्कार जन्म लेते हैं।

इस दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर दिव्य कथा का श्रवण करते रहे। इस अवसर पर कुलदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, दशरथ त्रिगुणायत, कमलेश मिश्रा, संजय शर्मा, कृष्ण देव, गोपाल कृष्णा शर्मा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### राजकीय महिला चिकित्सालय में मानवाधिकार जागरूकता सेमिनार आयोजित



**शाहगंज।** राजकीय महिला चिकित्सालय में शनिवार को मानवाधिकार जागरुकता विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रियाशी जायसवाल द्वारा स्वागत गीत से किया गया। सरस्वती शिशु मन्दिर के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि हाईकोर्ट न्यायाधीश सखाराम सिंह यादव रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मधु गुप्ता रहीं। अध्यक्षता उच्च न्यायालय लखनऊ खंड पीठ न्यायाधीश राजमणि चौहान ने किया। संचालन ओपी सिंह एवं आभार प्रदर्शन प्रशांत अग्रहरि ने किया। मुख्य अतिथि ने सम्बोधन में कहा कि मानवाधिकार का मतलब समानता सरलता और गरिमा से जीवन जीने का हक है। मानवाधिकार अलग अलग तरीके से प्राप्त होता है नैसर्गिक व कानूनी। यदि आप का मुकदमा पुलिस नहीं दर्ज करती है तो आपके पास न्यायालय में मामला दर्ज कराने का अधिकार प्राप्त है। जरूरत है जागरूकता की आपको अपने हक की लड़ाई लड़ना आपका अधिकार है। विशिष्ट अतिथि डीएसएचआरडी ह्यूमन राइट के राष्ट्रीय चेयरमैन मधु गुप्ता ने कहा कि मानवाधिकार का सवाल मानव गरिमा की रक्षा से शुरू हुआ। वर्तमान दौर में जो राजनीति हो रही है मानवाधिकारवादी नहीं है। इस दौरान ह्यूमन राइट महिला सेल के प्रदेश अध्यक्ष आशा बिहारी, मोहन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरव कुमार मोदनवाल, धर्मा चौबे, अमित कुमार अग्रहरी, बागीश सिंह, रमाकांत जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, देवेन्द्र उर्फ शेखर साहू, डा. एसएल गुप्ता, मोहम्मद अब्बास, डा. राहुल वर्मा, डा. आलोक पालीवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन कर भैंस की पशुचिकित्सक ने बचायी जान

**सुइथाकला।** विकासखण्ड के बसौली गाँव में शुक्रवार को पशु चिकित्सक ने आपरेशन कर एक गर्भस्थ भैंस की जान बचायी। भैंस को सकुशल पाकर पशुपालक ने पशुचिकित्सक के प्रति आभार जताया। बताया जाता है कि उक्त गाँव निवासी पशुपालक कुलदीप यादव की भैंस 9 माह के गर्भ से थी गर्भाशय में कई बार मोड़ पड़ जाने से गर्भ में ही बच्चे की मौत हो जाने से भैंस की स्थिति नाजुक हो गई थी। स्थानीय स्तर पर असफल प्रयास के बाद पशुधन की चिन्ता में वह परेशान होकर सर्जरी के क्षेत्र में ख्यातिलब्ध राजकीय पशु चिकित्सालय अढ़नपुर पर तैनात पशु चिकित्सक डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल से सम्पर्क किया जिसके क्रम में पशुचिकित्सक ने शुक्रवार को आपरेशन कर मृत बच्चे को गर्भ से बाहर निकाल कर भैंस की जान बचाकर नया जीवन दान दिया। भैंस को सकुशल पाकर पशुपालक ने पशुचिकित्सक के प्रति आभार जताया।

### एसडीएम ने डोमनपुर के कोटे की दुकान को किया निरस्त

**खेतासराय।** क्षेत्र के डोमनपुर गांव में कार्ड धारकों को निर्धारित राशन न दिए जाने के आरोप की जांच में पुष्टि होने पर एसडीएम ने उचित दर विक्रेता का अनुबंध पत्र निरस्त कर दिया। निरस्त दुकान के समस्त कार्ड धारकों को मजडीहा के कोटेदार के यहां संबद्ध कर दिया गया।शाहगंज ब्लाक के डोमनपुर गांव के रामजीत यादव ने खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतने का कोटेदार राजकुमारी देवी पर आरोप लगाते हुए एसडीएम से लिखित शिकायत की थी। एसडीएम ने क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी से स्थलीय जांच कराई तो उचित दर विक्रेता राजकुमारी पर लगाए गए आरोप सही पाए गए। विक्रेता की ओर से प्रस्तुत स्पष्टीकरण परीक्षणोपरांत संतोषजनक नहीं मिला। इस पर एसडीएम ने उचित दर विक्रेता पर कार्रवाई करते हुए दुकान की जमा जमानत की संपूर्ण धनराशि शासन के पक्ष में जब्त करते हुए दुकान का अनुबंध निरस्त कर दिया। उन्होंने डोमनपुर गांव में उचित दर विक्रेता के चयन का प्रस्ताव कराकर नियमानुसार दुकान की नियुक्ति कराने का बीडीओ शाहगंज को निर्देश दिया है।

### आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर युवक का हुआ चालान

**सुइथाकला।** शुक्रवार को पुलिस ने तमंचे और एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। क्षेत्र का कोहड़ा गांव निवासी बृजेश यादव पुत्र रामबली शुक्रवार को सरपतहाँ थाने के उपनिरीक्षक अनिल कुमार सिंह और हमराहियों के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा, एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी का चालान न्यायालय को भेज दिया गया। इस दौरान कान्सटेबल सुरेन्द्र कुमार व आसू कुमार मौजूद रहे।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार



**बदलापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों तथा वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक द्वारिका नाथ यादव अपनी पुलिस टीम के साथ शनिवार को सुबह क्षेत्र के ढ़ेमा ग्राम पंचायत निवासी पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त राकेश उर्फ सुनील को उनके घर से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता :आशीष श्रीवास्तव

**जनसंदेश न्यूज**



**सुजानगंज।** जीवन में सफलता के लिए हमेशा सही दिशा में मेहनत जरूरी है। अपनी पूरी लगन और श्रद्धा के साथ मेहनत करने से सफलता जरूर मिलती है। प्रत्येक विद्यार्थी को सुबह उठकर अवश्य पढ़ना चाहिए। परीक्षा नजदीक आते ही रिवीजन पर पूरा ध्यान दे सफलता जरूर मिलेगी। उपरोक्त बातें विपणन निरीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने क्षेत्र के एक संस्थान में प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र और छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए कही।

उन्होंने सभी छात्र और छात्राओं को सफलता के गुर सिखाए और कहाकि सफलता का कोई शॉर्ट कट नही होता एक निश्चित लक्ष्य को बनाकर उस पर पूरा ध्यान देकर पढ़े सफलता अवश्य मिलेगी।

इस मौके पर पुष्पा पाल, अंकिता चौरसिया, राम सिंह पटेल तथा आदर्श मिश्र को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विपिन यादव, यश पाल सत्यम पाल, रीता चौरसिया गौरव समेत तमाम छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शुभम यादव ने किया। संस्थान के प्रबंधक अवधेश त्रिपाठी ने आए हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रोवर्स रेंजर्स के पंच दिवसीय शिविर का समापन

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** तिलकधारी महाविद्यालय के प्रांगण में रोवर्स रेंजर्स के पंच दिवसीय शिविर के समापन के अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने अपने वक्तव्य में रोवर्स एवं रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हे अपना रोवर्स और रेंजर्स शिविर याद आ गया जब उन्होने एक रेंजर के रूप मे प्रशिक्षणार्थी के रूप में सन 1974 में शिविर में अपनी सहभागिता की थी।

उन्होंने कहा कि आप सभी शिविरार्थियों ने मुझे उस समय की याद दिला दी। उन मधुर स्मृतियों की याद ताजा हो गई, जो बहुत सुखद है। आप सभी निष्ठा और अनुशासन से कर्तव्य का निर्वहन करें और प्रशिक्षण के दौरान जो कुछ भी सीखा है उसे अपने जीवन में उतारे। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बहुत प्रशंसा की और अनुशासित रहते हुए अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया। रेंजर्स द्वारा प्रस्तुत रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर आधारित लघु नाटिका की प्रशंसा की और रानी लक्ष्मीबाई की कविता सुनाते हुए उससे प्रेरणा ग्रहण करने की शिक्षा दी। तिलकधारी महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य रोवर्स एवं रेंजर्स के पूर्व जिलाआयुक्त डा. समर बहादुर सिंह ने रोवर्स एवं रेंजर्स को उनके कर्तव्यों को बताते हुए अपने संस्मरण सुनाए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भूरी -भूरी प्रशंसा की। तिलकधारी महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने शिविरार्थियो का उत्साहवर्धन किया। प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा की सभी शिविरार्थी पूरी लगन और मेहनत के साथ अपना कर्तव्य निभाए। इस अवसर पर शिविर में सहभागिता कर रहे रोवर्स एवं रेंजर्स द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। सांस्कृतिक कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका डॉक्टर गीता सिंह एवं रोवर्स /रेंजर्स समिति की सदस्य डॉक्टर माया सिंह ने पंच दिवसीय शिविर में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आलोक सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राकेश मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका प्रोफेसर श्रद्धा सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। मुख्य प्रशिक्षक डॉ. राकेश मिश्रा, अजय चौहान एवं ज्ञानचंद तथा उनके सहयोगियों ने प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर कुलपति के निजी सचिव लक्ष्मी मौर्य, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉक्टर विजय कुमार सिंह एवं महामंत्री डॉ. राहुल सिंहएवं महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाए उपस्थित रहे।

## थाना दिवस का आयोजन

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर दो शिकायती प्रार्थना पत्र पड़े। पुलिस से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र का निस्तारण किया गया व राजस्व से संबंधित शेष रह गया।

## आवास से नाम कटवाने के लिए सेक्रेटरी ने लगाई गलत आख्या

**केराकत।** आम नागरिकों के लिए सरकार भले ही लाभ पहुंचाने का प्रयास करे लेकिन उस योजना को अमलीजामा पहनाने वाले कर्मचारी अपने लाभ के लिए उस योजना की ऐसी तैसी करने में जुटे हैं। ब्लॉक क्षेत्र के पचवर गांव की दुर्गा देवी के पति का निधन हो चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2019 में उनके नाम से एक आवास स्वीकृत हुआ है। लेकिन शिकायत है कि उस गांव का सेक्रेटरी ग्राम प्रधान के इशारे पर उस आवास से उनका नाम कटवाने के लिए महिला को दूसरे गांव में रहने का आरोप मढ़कर गलत आख्या लगा दी है। जबकि दुर्गा देवी का दावा है कि वह पचवर गांव की निवासी हैं। उन्होंने अपने निवास संबंधी सभी प्रमाण पत्रों आधार कार्ड, राशन कार्ड, निर्वाचन कार्ड आदि को जिलाधिकारी को प्रमाण के लिए भेजा है। दुर्गा देवी ने मामले की जांच और संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत की जानकारी होने पर बीडीओ कृष्ण मोहन यादव ने बताया

# बसों में सुधार के नाम पर जौनपुर रोडवेज जीरो

**यह है हाल**

- आधा अधूरा कार्य कराकर कोरम पूर्ण कर लिया जाता है
- बसों की बिगड़ी अवस्था में सुधार का नाम नहीं
- परिवहन प्रशासन व शासन ले संज्ञान, वर्ना खड़ी हो सकती है मुसीबत
- कहीं आधे रास्ते में टूट जाता है गेयर साफ्ट तो किसी बस की छत से टपकता है पानी

**जनसंदेश न्यूज**



इसी बस की छत से टपक रहा था पानी

**जौनपुर।** इन दिनों को बसों के संचालन में यात्रियों की असुविधाओं को लेकर जौनपुर डिपो काफी चचाओं में बना हुआ है। आये दिन ट्वीटर सहित अन्य सोशल मीडिया पर नये-नये वीडियो के साथ शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही। कभी चलती बस का गेयर साफ्ट टूट जाता है तो हल्की बरसात में बस की छत से पानी टपकने लगता है। बसों की बिगड़ी अवस्था में अगर सुधार नहीं किया गया तो बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। परिवहन प्रशासन व शासन अगर जौनपुर रोडवेज से अंजान रहे तो यहां के कर्मचारी उनकी साख में बट्टा लगाने में पीछे नहीं रहेंगे।

पिछले दिनों जनसंदेश टाइम्स ने तमाम खबरों के माध्यम से सरकारी बसों में उत्पन्न होने वाली यात्री असुविधाओं की खबर प्रकाशित कर परिवहन प्रशासन व शासन को अवगत कराने का कार्य किया था लेकिन जौनपुर डिपो से संचालित बसों की बिगड़ी अवस्था में सुधार होने का नाम ही नहीं है। खानापूर्ति के लिये शिकायत मिली बसों को रिपेयरिंग के नाम पर खड़ा करा लिया गया और आधा अधूरा कार्य कराकर कोरम पूर्ण कर लिया जाता है। अभी हाल में ही टूटी सीटों की खबर प्रकाशित की गयी थी लेकिन अभी वह बस सही नहीं हो सकी थी कि गौरव मिश्रा नामक एक युवक ने जौनपुर डिपो की एक बस यू.पी.65एटी-4991 गाड़ी का वीडियो व सफर के दौरान की टिकट की फोटो सहित ट्वीटर पर शिकायत की है। जिसमें साफ तौर पर देखा जा रहा है कि जौनपुर डिपो की यह बस हल्की बरसात भी झेल पाने में सक्षम नहीं है। सूत्रों की मानें तो सोशल मीडिया की इस शिकायत को उच्चाधिकारियों ने संज्ञान लिया और सम्बन्धित अधिकारी को बसों को दुरूस्त कराने की चेतावनी दी और फिर बस को दुरूस्त कराने के नाम पर पानी टपक रहे बस की काम चलाऊ मरम्मत करा दी गई। लेकिन इसी तरह की कई समस्याएं लगातार बसों में बनी हुई हैं, जो कि सरकारी तंत्र को धूल फंका रही है। ऐसे में एक के बाद एक खटारा बसों की अवस्था रोडवेज कर्मचारियों की कामचोरी की मिसाल पेश कर रही है। हर शिकायत पर उच्चाधिकारी दिशा निर्देश देकर अपनी जिम्मेदारी से बरी हो जातें है। जबकि यह गैर जिम्मेदाराना रवैया यह साबित कर रहा है कि जौनपुर के वर्कशॉप में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों से डिपो नहीं सम्भाला जा रहा है और उच्चाधिकारियों के आदेश निर्देश कूड़ेदान में डाल दिया जा रहा है। जबकि प्रदेश की योगी सरकार का सख्त निर्देश है कि यात्रियों की सुविधाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिये। बावजूद इसके डिपो की हालत दिन-ब-दिन खस्ता होती जा रही है। आखिरकार यात्री पैसा देने के बावजूद इतनी परेशानी क्यों झेलते हैं यह तो वही बता सकते हैं।

## थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**शाहगंज।** कोतवाली परिसर में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। फरियादियों द्वारा नौ प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसमे मौके पर किसी का भी निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान इंस्पेक्टर जनार्दन यादव, एसआई प्रभुनाथ यादव, एसआई वरूणेन्द्र राय समेत राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# पशु तस्करों ने सेंवई नाले पर फेंका दस गोमुंड, धड़ गायब

जनसंदेश न्यूज

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र के पटैला बाजार के पास सेंवई नाले के तट पर शनिवार को दस गोमुंड पड़ा देख ग्रामीण आक्रोशित हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर किशोर कुमार चौबे व क्षेत्राधिकारी शाहगंज चोब सिंह मौके पर पहुंच गए। आनन फानन में सभी गोमुंड बोरे में भरकर वहां से हटवा दिया गया। सीओ ने घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात पशु तस्करों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लेने का दावा किया।

शनिवार की सुबह कुछ ग्रामीण नाले के किनारे अपना मवेशी चरा रहे थे तभी उनकी नजर तट पर फेंके गए गोमुंडो पर पड़ी। वे शोर मचाने लगे तो गांव के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल के बगल बान्हदैत्य बाबा का प्राचीन मंदिर भी स्थित है। इसके बगल गोमुंड फेंके जाने से मामला धार्मिक रंग लेने लगा।

समय रहते पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला गोमुंड वहां से हटवा दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गोहत्या कहीं दूसरी जगह कर मुंडी यहां लाकर फेंका गया है। घटना को अंजाम देने वाले तस्करों को बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## महजूदा में नायब तहसीलदार ने हटवाया अवैध अतिक्रमण

**भदोही।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर सुरियावां क्षेत्र के महजूदा गाँव में नायब तहसीलदार ने शनिवार को गाँव की आराजी संख्या 248 में किये गए अतिक्रमण व खोले गए व्यावसायिक प्रतिष्ठान से अवैध अतिक्रमणकर्ताओ का कब्जा हटाया साथ ही मौके पर अवैध तरीके से बना कमरा व दस ट्रक बालू ग्राम प्रधान को सुपुर्द किया। ग्राम सभा महजूदा की लगभग सत्तर बीघे सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण के मामलें की शिकायत ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय ने जिलाधिकारी गौरांग राठी को शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया था, ग्राम प्रधान की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम भदोही व तहसीलदार को तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। डीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय में पुलिस व राजस्व व खनन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुँच कर आराजी संख्या 248 जो की राजस्व अभिलेख में ऊसर के नाम से दर्ज हैं उक्त भूमि पर अतिक्रमणकर्ताओ ने अवैध तरीके से कमरा बनाकर व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोल लिया था। पुलिस व राजस्व टीम ने अवैध अतिक्रमण कर्ताओ का कब्जा हटाकर अवैध निर्मित एक कमरे में ताला लगाया व मौके पर मौके पर रखी 10 ट्रक बालू सीज कर ग्राम प्रधान को सुपुर्द कर दिया।

## छापेमारी कर एक दर्जन लोगों के बिजली कनेक्शन काटे

**खेतासराय।** अधीक्षण अभियंता अरबी राय के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने शनिवार को नगर में छापेमारी की। इस दौरान चार लोग अवैध रूप से घर में से तार खींचकर दुकान में अवैध रूप से उपयोग करते पकड़े गए। चार दुकानदारों और बिल जमा न करने वाले आठ बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काट दिए गए। बिजली विभाग की टीम दोपहर में नगर के गोलाबाजार पहुंची। टीम के पहुंचते ही अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान चार दुकानदार अपने घर से दुकान में बिजली खींचकर उपयोग करते पकड़े गए। टीम ने चारों दुकानदारों को हिदायत देते हुए कनेक्शन काट दिया। वहीं लंबे समय से बिल का भुगतान न करने पर आठ बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। टीम में एसडीओ अजीत कुमार यादव, जेई पुनीत सिंह, जेई संतोष कुमार यादव, लाइन मैन दयाराम समेत अन्य विद्युत कर्मचारी रहे।

# बच्चे होंगे शिक्षित तो देश का होगा विकास : डॉ. सुषमा

**कार्यक्रम**

**विद्यालय के वार्षिकोत्सव में बेटियों की शिक्षा दीक्षा पर दिया गया बल**

**मुंगराबादशाहपुर।** क्षेत्र के गांव समसपुर स्थित स्व. नन्हकू यादव शिक्षण संस्थान में विद्यालय का वार्षिकोत्सव तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. सुषमा पटेल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही मेघावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया।

उन्होंने कहा कि बच्चे शिक्षित व संस्कारित होंगे तो देश व समाज का विकास होगा। शिक्षा ही देश की पहचान है। युवा ही देश के भविष्य है। कहाकि बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में शिक्षक के साथ ही माता पिता को भी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



वार्षिकोत्सव पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

विद्यालय के वार्षिकोत्सव में नाटक के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों को दूर कर बेटियों की शिक्षा पर बल दिया गया।

छात्र-छात्राओं में प्रिया सिंह, प्रियंका यादव, साक्षी, अनमोल, आयुषी, नव्या, महक साहू, काजल साहू, तनु सिंह, प्रियांशी, अनुपमा व सचिन आदि ने देश भक्ति, धार्मिक, पंजाबी नृत्य, राधा कृष्ण नृत्य, होली गीत पर नृत्य तथा दहेज प्रथा, बाल विवाह, भ्रूण हत्या व बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। रिया मिश्रा व आयुषी ने स्वागत गीत तथा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। अध्यक्षता एडवोकेट राम शिरोमण यादव तथा संचालन शैलेंद्र यादव ने किया। प्रबंधक विनोद यादव तथा प्रधानाचार्या सीमा यादव ने आगंतुकों के प्रति आभार जताया।

इस मौके पर शैलेंद्र साहू, सुनीता साहू, सरिता, माधुरी, रामकृपाल, डब्लू सिंह, महेंद्र यादव, लाल बहादुर व वीरेंद्र कुमार बिंद आदि मौजूद रहे।

## वाट्स ऐप पर स्टेटस लगाने की बात को लेकर मारपीट में चार घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के अमरा गांव में वाट्सअप पर स्टेटस लगाने की बात को लेकर जम कर मारपीट हो गई जिसमें चार युवकों को गंभीर चोट आई वहीं इस घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है। गांव के रहने वाले रितिक राय, अनमोल राय, शिवम राय, इंद्रेश राय से गांव के ही एक जाति के लोगों से वाट्सअप पर स्टेटस लगाने की बात को लेकर कुछ दिन पूर्व विवाद हुआ था। आरोप है कि यह चारों शनिवार की सुबह गांव के भट्ठे के तरफ खेत देखने गए थे तभी करीब पच्चीस की संख्या में एक वर्ग के लोग इकट्ठा होकर आए और जम कर लाठी और ईट बरसाया जिसमें अनमोल राय, रितिक राय, शिवम राय, इंद्रेश राय को चोट आई वहीं करीब दो दर्जन लोग थाने पर घायलों को लेकर पहुंचे पुलिस ने सभी घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक अस्पताल चोरसंड पर भेजवाया। गांव में तनाव व्याप्त है। इस बारे में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है चार लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया गया है जल्द ही गिरफ्तारी होगी।

# प्रभारी बीडीओ ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



विकास कार्यों का निरीक्षण करते प्रभारी बीडीओ

**गौराबादशाहपुर।** प्रभारी बीडीओ धमार्पुर संजय श्रीवास्तव ने ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर जमीन हिसामपुर में प्रशासन द्वारा करवाये जा रहे विकास कार्यो की जमीनी हकीकत भ्रमण कर जानी। प्रभारी बीडीओ श्री श्रीवास्तव ने शनिवार को ग्राम पंचायत रामपुर जमीन हिसामपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने आवास, शौचालय, कंपोजिट विद्यालय व पंचायत भवन के लिए चयनित स्थल का भ्रमण किया। उन्होंने पंचायत भवन का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कराने का निर्देश सचिव स्वतंत्र कुमार व ग्राम प्रधान उमानाथ यादव को दिया। कंपोजिट विद्यालय के निरीक्षण के दौरान एमडीएम का भोजन रोस्टर के अनुसार बना मिला।

विद्यालय कैम्पस के अंदर लगे ट्रांसफार्मर को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने हटवाने के लिए प्रभारी बीडीओ से आग्रह किया। जिस पर उन्होंने बिजली विभाग की मदद से ट्रांसफार्मर को हटवाने के लिए सचिव को निर्देश दिया। इस दौरान ग्राम प्रधान उमा नाथ यादव व सेक्रेटरी स्वतंत्र कुमार मौजूद रहे।

# मौसमी बीमारियों के प्रति लोगों को किया जागरूक

**आयोजन**

**जरूरत मंद महिलाओं को सवा सौ कंबल वितरित**

जनसंदेश न्यूज

**करंजाकला।** सरायख्वाजा गांव के ग्राम प्रधान के आवासीय परिसर में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया और उन्हें मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

सरायख्वाजा की ग्राम प्रधान रैना संतोष सिंह के आवास परिसर के मैदान मे कंबल वितरण एवं जागरूकता समारोह का आयोजन किया गया जिसका आयोजन यूनिवर्सल चैरिटेबल ट्रस्ट अकबरपुर अंबेडकरनगर द्वारा किया गया था जिसमें सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सवा सौ जरूरतमंदों का चयन सूचीबद्ध किया गया और भाजपा नेता राज्यमंत्री के प्रतिनिधि अजय सिंह खर्चू की अध्यक्षता में कंबल वितरण किया। प्रधान रैना संतोष सिंह ने कंबल वितरित किया। इनके साथ ही डॉक्टर राजेश्वर सिंह, डॉक्टर जितेंद्र बहादुर सिंह ने लोगों को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि मौसम का बदलाव है और मच्छरों का प्रकोप भी तेजी से बढ़ेगा। इससे बचाव जरूरी है। बचाव के उपाय बताए। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के प्रतिनिधि अजय सिंह ने सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। उन्होने कहाकि महिलाओं को स्वरोजगार का सृजन करे, सरकार आर्थिक मदद करेगी। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया।



जरूरतमंद को कम्बल वितरित करती ग्राम प्रधान

इस अवसर राजेंद्र प्रसाद सिंह, इंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार अस्थाना, सुरेंद्र सिंह, संतोष सिंह, घनश्याम सिंह मौजूद रहे। प्रधान रैना संतोष सिंह ने यूनिवर्सल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंदों के सहयोग कदम की सराहना की।

## कोटिलासन मंदिर का मनाया गया स्थापना दिवस

**सुजानगंज।** क्षेत्र के पूराराम सहाय (चवरिया) ग्राम सभा स्थित सई नदी के किनारे कोटलासन मंदिर पर शुक्रवार के दिन देर शाम स्थापना दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहाकि आज लोगों में खास तौर पर नवयुवक वर्ग के लोगों में जिस प्रकार देवी-देवताओं के प्रति आस्था बढ़ी है।यह हिंदू समाज के लिये प्रेरणा स्रोत रहेगा। हमारा देश पौराणिक काल से ही देवी देवताओं के प्रति आस्था रखने वाला देश है। यहां पर सभी वर्ग के लोग अपने अपने धर्म अनुसार देवी देवताओं में आस्था रखते हैं। इस मौके पर श्याम सुंदर कोटेदार, राजू श्रीवास्तव, विक्रम सिंह, दान बहादुर, ममता सिंह ग्राम प्रधान, रमाशंकर सिंह, दारा सिंह, गुड्डू सिंह, डॉ. चौहान, दिनेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आए हुए आगंतुकों का प्रधान पति विनय सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप

### समाधान दिवस : साल भर से रास्ते के विवाद का नहीं हो पाया निस्तारण



**खेतासराय।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को एसडीएम अंकित कुमार के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान कुल नौ फरियादियों ने प्रार्थना-पत्र दिए। जिसमें तीन मामले का निस्तारण किया गया। पोरईखुर्द गांव से पहुंची फरियादी कमला पत्नी स्व.बहादुर एक साल से लगातार हर समाधान दिवस पर प्रार्थना देते आ रही है। पुलिस प्रशासन ने मामले का निस्तारण के लिए प्रयास किया लेकिन आज तक इस महिला फरियादी के रास्ते के विवाद का निस्तारण नहीं हो पाया। इस महिला के मामले के साथ अन्य मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे।

### श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ी श्रोताओं की भीड़



**सुजानगंज।** स्थानीय क्षेत्र के रया गांव में कुंवर साहब सिंह के आवास पर श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन में कथा के दूसरे दिन श्रोताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य कथावाचक आचार्य दिलीप शास्त्री महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मन के विकार नष्ट हो जाते हैं। यह श्रीमद् भागवत कथा के सारांश में मनुष्य के जीवन जीने का बहुत बड़ा महत्व बताया गया है। कथा में मंगलाचरण, सुखदेव जी का जन्म, व्यास जी द्वारा भागवत निर्माण, महाभारत की कथा आदि पर विस्तार से चर्चा कर श्रोताओं को रसपान कराया। कथा के पूर्व मुख्य यजमान सरोजा देवी पत्नी कुंवर साहब सिंह ने भगवान बेदी पर पर धूप माला आदि से पूजा पाठ कर कथा की शुरूआत करवाई। इस अवसर पर सौरभ सिंह सैनी, नंदकिशोर, विपिन सिंह, राय साहब सिंह आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### राजस्वकर्मियों के साथ डीएम व एसपी ने थाना चौरी पर सुनी फरियादियों की समस्याएं

**ज्ञानपुर।** जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसपी अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से राजस्वकर्मियों के साथ थाना चौरी पर फरियादियों की समस्याओं को सुना। यशवंत सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) व राजेश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना ऊंज पर जनसुनवाई की गई। समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल के थानों एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया व उनका निस्तारण राजस्व कर्मियों की उपस्थिति में किया गया। जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा कुछ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। अपर पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों को दोनों पक्षों के समक्ष ही बना कर उनके हस्ताक्षर कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस के दौरान समस्त थानों पर प्राप्त कुल-94 प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही करते हुए 21 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया एवं 26 प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजी गई।

### सेंट मेरिज स्कूल में मनाया गया एनुअल फेट 2023



**भदोही।** नई बाजार में स्थित सेंट मेरिज स्कूल में शनिवार को एनुअल फेट-2023 का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ.विनोद सोनकर शास्त्री ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सेंट मेरिज स्कूल के प्रांगण में आयोजित किए गए एनुअल फेट में छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा भी तमाम प्रकार के खाने-पीने वाले सामानों की दुकानें सजाई गई थी। वहीं उनके द्वारा गेम्स के भी स्टाल लगाए गए थे। एनुअल फेट में छात्र-छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक भी शामिल होने के लिए पहुंचे। छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में लगे सभी स्टालों को घूम-घूमकर देखा। वहीं बच्चों तथा टीचर्स द्वारा बनाए गए तमाम प्रकार के व्यंजनों को खरीदकर उसका जमकर लुत्फ उठाया। सभी अभिभावकों व विद्यार्थियों ने वहां पर बनाए गए व्यंजनों की खूब तारीफ की। एनुअल फेट में बच्चों ने खूब धमाल मचाते हुए उसका भरपूर आनंद लिया। मुख्य अतिथि डॉ.विनोद सोनकर शास्त्री ने उद्घाटन के बाद विद्यालय प्रांगण में लगे स्टालों का अवलोकन किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल फादर आनंद लाकरा, सिस्टर रेनू, सिस्टर फ्लोरेंसिया, नीरज मिश्र, मुमताज अंसारी बबलू, वसीम अंसारी, सिद्धार्थ सोनकर शास्त्री व सुभाष चंद्र आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# इन्वेस्टर्स समिट में 1129.15 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव

**बोले डीएम**

**"उ.प्र.ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023" मनाये जाने के क्रम में "एक दिवसीय इंवेस्टर्स समिट" का एकमा सभागार में हुआ आयोजन**

**जनपद में उद्यमियों के सहयोग के लिये प्रशासन प्रतिबद्ध**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित किये जाने वाले उ. प्र.ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 मनाये जाने के निर्देश के क्रम में शनिवार को जनपद में एक दिवसीय इंवेस्टर्स समिट का आयोजन एकमा सभागार भदोही में किया गया। इंवेस्टर्स समिट का शुभारम्भ विधायक औराई दीना नाथ भास्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे, जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह व एकमा सचिव असलम महबूब के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर जनपद के निवेशक व उद्यमी उपस्थित रहें।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक औराई दीना नाथ भास्कर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन होने वाला हैं। इसी क्रम में प्रत्येक जनपदों की भाति जनपद भदोही में भी इसका आयोजन किया गया हैं। उन्होंने कहा कि इंवेस्टर्स समिट केन्द्र एवं प्रदेश के साथ ही जनपद की आर्थिक विकास के लिये मील का पत्थर साबित होगा। विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन करके प्रदेश में उद्यमियों को निवेश करने लिये आमंत्रित किया जा रहा हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों की जो भी समस्याये हो, चाहे जमीन से सम्बनिधत हो या अन्य कोई भी समस्या हो तो उसका हर सम्भव प्रशासनिक मदद कराया जायेगा। इन्वेस्टर्स समिट के तहत 92 उद्यमियों द्वारा 1129.15 करोड़ का निवेश का प्रस्ताव दिया गया, जिसमें 8721 व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है।



## बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाया गया स्टाल रहा आकर्षण का केंद्र

**भदोही।** उ.प्र.ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 मनाये जाने के क्रम में एकमा सभागार में लगाये गए एक दिवसीय इंवेस्टर्स समिट में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा टी एल एम का लगाया गया स्टाल आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम में पहुंचे निवेशक व उद्यमी स्टाल पर जाने से अपने को रोक न सके। प्राथमिक विद्यालय मरियादपट्टी नगर क्षेत्र भदोही के बच्चों द्वारा एक से बढ़ कर एक टीएलएम बनाकर लगाया गया था। जो यह दर्शा रहा था कि बच्चों को पढ़ाने के लिए कितने आसान तरीके अपनाए जा सकते हैं। इस दौरान बीईओ चन्द्र शेखर आजाद, जिला समन्वयक शिवम सिंह, एआरपी विनोद सिंह, बीएल पाल, गुलाब साबिर अंसारी आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म कर वीडियो बनाने का आरोपी गिरफ्तार

**सुरियावां।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आरोपी युवक द्वारा नाबालिक से दुष्कर्म कर वीडियो बनाने की घटना के सम्बन्ध में गत 26 जनवरी को प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा-376 भा.द.वि., 3/4 पॉक्सो एक्ट व 67 आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गयी।डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व महिला सम्बन्धित अपराधों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा उक्त अभियोग से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त शकील खां पुत्र स्वर्गीय पीर मोहम्मद निवासी सिंहपुर थाना सुरियावां जनपद भदोही को शनिवार को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# एसपी ने किया कोतवाली भदोही का निरीक्षण, दिए निर्देश

**जायजा**

**थाना कार्यालय, परिसर भोजनालय, शस्त्रागार, व महिला हेल्प डेस्क आदि का भ्रमण कर, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**वार्षिक निरीक्षण के उपरांत थाना समाधान दिवस के अवसर पर की गई जनसुनवाई**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** शनिवार को डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा कोतवाली भदोही का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों के रख-रखाव, माल-खाना, शस्त्रागार व महिला हेल्प-डेस्क आदि का अवलोकन किया गया।



कोतवाली भदोही का निरीक्षण करते एसपी डॉ. अनिल कुमार

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर, बैरक, मेस व शौचालय आदि की साफ-सफाई का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। थाना परिसर में खड़े वाहनों के नियमानुसार निस्तारण कराने तथा विवेचकों को लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। वार्षिक निरीक्षण के उपरांत एसपी द्वारा समाधान दिवस के अवसर पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को भी सुना गया। जनसुनवाई के दौरान शिकायतों को सुनते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया।

# बिजली विभाग के चेकिंग अभियान में 6 लोगों पर एफआईआर

**कार्रवाई**

**बिजली विभाग की टीम ने 56 लोगो का कनेक्शन काटा 23 लाख 94 हजार रुपए वसूला समन शुल्क**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** बिजली विभाग ने शनिवार को अभियान चलाकर भदोही नगर के लगभग सभी मोहल्लों में सघन चेकिंग की। चेकिंग के दौरान बिजली विभाग की टीम ने 56 लोगो का कनेक्शन काटा , 23 लाख 94 हजार रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया। आधा दर्जन लोगो पर एफआईआर दर्ज कराया गया।

अवर अभियंता प्रमोद चौहान ने जमुन्द, कोटबाड़ा, स्टेशन रोड, पीरखनपुर आदि इलाके में चेकिंग की, चेकिंग के दौरान 16 लोगो का कनेक्शन कटा, वसूली 7.75 लाख व एफआईआर दो लोगो पर किया गया। अवर अभियंता ज्योति प्रकाश ने रजपुरा, चौरी रोड, पिपरिस, निदुर, बौलिया में चेकिंग की, 17 लोगो का कनेक्शन काटा 5.25 लाख रुपए की वसूली की साथ ही तीन लोगो पर एफआईआर दर्ज किया गया। अवर अभियंता सुजीत पटेल ने काजीपुर, दरोपुर, सहबाबाद में चेकिंग करते हुए 16 लोगों का कनेक्शन काटा, 7.38 लाख की वसूली की।



कोट बाड़ा में अवर अभियंता प्रमोद चौहान के नेतृत्व में जांच करते विद्युत कर्मी

इसी तरह अवर अभियंता मनोज कुमार ने घमहापुर,नई बस्ती में चेकिंग करते हुए सात कनेक्शन काटा साथ ही 3.56 लाख रुपये की वसूली किया व एक पर एफआईआर दर्ज कराया। बिजली विभाग की चेकिंग के दौरान शहर के विभिन्न मोहल्लों में अफरा तफरी मची रही। कई जगह लोग अपने कनेक्शन आदि ठीक करते देखे गए।



# ‘दो कॉरपोरेट घरानों में वर्चस्व की लड़ाई से भूचाल’

## अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग के एक घराने के खिलाफ प्रतिकूल खबर ने भी किया बवाल

## अडाणी समूह के दबाव के साथ-साथ आम बजट की चिंता भी गिरा रही है बाजार को

## एलआईसी में लाए गए आईपीओ के चलते खतरे में देश का सबसे बड़ा वित्तीय संस्थान

## सरकार के समक्ष राजकोषीय घाटे पर काबू करने व जन योजनाओं को बढ़ाने की चुनौती

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार काला दिन साबित हुआ। शेयर धड़ाम हुए तो निवेशकों की लुटिया डुबी। वैसे भी आम बजट के पूर्व शेयर बाजार में उथल-पुथल होती है। लेकिन यह उथल-पुथल इतनी नहीं होती, जितनी की शुक्रवार

### भारतीय शेयर बाजार का हाल

को देखने-सुनने-पढ़ने को मिली। बाजार विशेषज्ञ शेयर बाजार के लिए ब्लैक फ्राइडे साबित होने के पीछे कई कारण मानते हैं। सबसे बड़ा कारण ‘दो कॉरपोरेट घरानों के बीच वर्चस्व की लड़ाई’ मानते हैं। कहते हैं कि जिस तरह से एक कॉरपोरेट घराने के शेयर तेजी से बढ़ रहे थे, उससे दूसरे कॉरपोरेट घराने में बेचैनी का आलम था। यहीं वजह रहा है कि देश के मजबूत दो धनकुबेरों के बीच वर्चस्व की लड़ाई गुपचुप तरीके से सामने आ रही है। इसके लिए शेयर बाजार के कंधे का इस्तेमाल किया गया। कहा तो यहां तक जा रहा है कि एक कॉरपोरेट घराने ने दूसरे कॉरपोरेट घराने की लुटिया डुबोने के लिए एक विदेशी शोध एजेंसी का सहारा लिया। जब विदेशी शोध एजेंसी की रिपोर्ट सामने आयी तो भारतीय शेयर बाजार में भूचाल आ गया, जो बीते शुक्रवार को देखने और सुनने को मिला। अब निवेशकों की निगाहें सोमवार पर टिकी हुई हैं कि उस दिन स्टॉक मार्केट किस तरह रिएक्ट करेगा।

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि शेयर बाजार में बीते शुक्रवार को आयी भारी गिरावट क्या केवल अडाणी समूह से संबंधित है या इस गिरावट के पीछे कुछ अन्य कारण भी है? पर क्या यह गिरावट निवेशकों के लिए नये अवसर ला रही है? विशेषज्ञों का कहना है कि एक घराने अडाणी समूह की कंपनियों के बारे में अमेरिकी शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की प्रतिकूल खबर के चलते बीते शुक्रवार न केवल इस समूह के शेयरों में, बल्कि पूरे बाजार में भारी बिकवाली का दबाव दिखा। अडाणी समूह के कई शेयरों में निचले सर्किट लग चुके हैं। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अडाणी समूह के दबाव के साथ-साथ आम बजट की चिंता भी शेयर बाजार को गिरा रही है। एलआईसी में लाए गए आईपीओ के चलते देश का सबसे बड़ा यह वित्तीय संस्थान भी खतरे में पड़ गया है। इतना ही नहीं, केंद्र सरकार के समक्ष राजकोषीय घाटे पर काबू करने और जन-कल्याण योजनाओं को आगे बढ़ाने की दोहरी चुनौती भी जो होगी। भारतीय शेयर बाजार में यह उथल-पुथल अभी कुछ दिन और रहने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि ‘अडाणी समूह के एफपीओ से पहले डेरिवेटिव बाजारों में बिकवाली सौदों (शॉर्ट सेल) के संगठित हमले ने भारतीय बाजार में निवेशकों के आत्मविश्वास को हिला दिया है।’ वे कहते हैं कि बाजार में कारोबारियों (ट्रेडरों) के लिए सटीक समय ही सब कुछ है। अडाणी का एफपीओ आने और इस समूह पर नकारात्मक रिपोर्ट ने कारोबारियों को इस स्थिति का लाभ उठाने में मदद की है। बैंकों पर इसलिए प्रभाव पड़ा है कि क्योंकि उन्होंने अडाणी समूह को कर्ज दे रखा है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि वैसे भी शेयर बाजार में बजट पूर्व घबराहट और वैश्विक बाजारों की उथल-पुथल का असर दिख रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में बीते शुक्रवार की गिरावट अडाणी समूह के बारे में आयी निगेटिव रिपोर्ट और आगामी बजट से जुड़ी घबराहट, दोनों का मिला-जुला नतीजा है। बाजार को यह डर है कि कर (टैक्स) प्रावधानों में कुछ फेरबदल किया जा सकता है। लेकिन बाजार में स्थिरता आ जायेगी।

### हिंडनबर्ग ने ली अडानी से टक्कर?

*बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका की एक इनवेस्टमेंट रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग ने दुनिया के तीसरे सबसे अमीर आदमी गौतम अडाणी को हिला दिया है। इस रिसर्च फर्म ने अडाणी समूह पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। कंपनी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अडाणी समूह की कंपनियां गले तक कर्ज में डूबी हुई हैं। साथ ही ये भी कहा गया है कि अडाणी समूह दशकों से स्टॉक मैनिपुलेशन और अकाउंटिंग फ्रॉड में शामिल है। इस रिपोर्ट के आने के बाद अडाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट का दौर जारी है।*

### शेयर बाजार का खेल ‘शेयरबाज’ ही जानें



शेयर बाजार का खेल घुटे हुए ‘शेयरबाज’ ही जान सकते हैं। अनाड़ी खिलाड़ी तो शेयर बाजार में औधे मुंह गिर जाता है और घाटा उठाता है। इसलिए शेयर बाजार में निवेश करने के पूर्व जांच-परख करना आवश्यक है। यह वैसे हैं, जैसे आप बर्तन खरीदने के पहले खूब ठोक-बजाते हैं। रहीं बात बीते शुक्रवार को शेयर बाजार में आयी भारी गिरावट की तो यह तो मैं भी समझ नहीं पा रहा हूं। लेकिन बाजार में जो चर्चा है कि अडाणी ग्रुप के खिलाफ आए निगेटिव रिपोर्ट के चलते शेयर बाजार धाराशायी हुआ है। हो सकता है कि यह सच भी हो। मुझे तो लगता है कि आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते मार्केट में भूचाल आया है। अब सरकार कह रही है कि इसे जल्द ही मैनेज कर लिया जाएगा। लेकिन उन निवेशकों का क्या होगा, जिनका पैसा डूब गया है। वैसे भी निवेशकों को अपनी गाढ़ी कमाई को खूब-सोच समझ कर बाजार में लगाना चाहिए।

**आरबी चौबे, अध्यक्ष-यूपी बैंक कर्मचारी संघ वाराणसी जिला**

### शुरू से ही हो रहा था एलआईसी में आईपीओ का विरोध



भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) में जब आईपीओ लाया गया था, तो उसका कर्मचारी संगठनों ने जबर्दस्त विरोध किया था। कर्मचारी संगठन जानता था कि जब देश की सबसे बड़ी इस वित्तीय संस्था में आईपीओ का शुभारंभ हो जाएगा तो जनता का पैसा सुरक्षित नहीं रहेगा। क्योंकि पीपीपी मॉडल पर आईपीओ लाया गया और बाजार में इसे ओपेन कर दिया गया। पीपीपी मॉडल पर आईपीओ लाने का मतलब ही होता है कि एक पूंजीपति या एक कॉरपोरेट घराने का वर्चस्व होना। जब आईपीओ लाया गया था तो एलआईसी के साथ-साथ अन्य सरकारी कर्मचारियों को इसकी खरीदारी करने को कहा गया था, लेकिन एलआईसी के कर्मचारियों ने ऐसा नहीं किया, क्योंकि वह जानता था कि जब पीपीपी मॉडल पर इसे लाया जा रहा है तो एक न एक दिन यह धड़ाम होगा और हुआ भी यहीं। करीब 850 रुपये का शेयर भाव वर्तमान में 500 रुपये के नीचे चला गया है। वैश्विक बाजार में एलआईसी की अपनी गहरी साख है, लेकिन अब उस साख पर बट्टा लग चुका है। एलआईसी ने करीब 50 हजार करोड़ रुपये अडाणी ग्रुप को उधार दिए थे, जो अब डूबने के कगार पर है। बताया जा रहा है कि बीते शुक्रवार को अडाणी ग्रुप का करीब चार लाख करोड़ रुपये से अधिक शेयर बाजार में डूब गया। माना जा रहा है कि ऐसे में एलआईसी पर वित्तीय संकट गहराने लगा है। हालांकि पॉलिसी होल्डर को अभी घबराने की जरुरत नहीं है। उनको फिलहाल धैर्य रखने की आवश्यकता है।

**नारायण चटर्जी**
**अध्यक्ष-वाराणसी डिवीजन इंश्योरेंस इम्प्लाइज एसोसिएशन**

### प्रतिकूल रिपोर्ट ने डुबोयी निवेशकों की लुटिया



‘एशिया के सबसे धनी उद्यमी की कंपनियों के बारे में एक प्रतिकूल शोध रिपोर्ट आने से भारतीय शेयर बाजार में बीते शुक्रवार को तेज गिरावट आई। इस समूह को कर्ज देने वाले बैंकों पर जोखिम बढ़ने से बैंकिंग शेयरों पर भी असर देखा जा रहा है। निजी बैंकों की तुलना में सार्वजनिक बैंकों पर इसकी मार अधिक पड़ी।’ अमेरिकी हिंडनबर्ग कंपनी ने अडाणी ग्रुप के बारे में जो प्रतिकूल रिपोर्ट दी है, उसमें करीब 58 सवाल पूछे गये ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी से? चर्चा है कि एक भी सवाल के संतोषजनक जवाब ग्रुप की तरफ से सामने नहीं आए। यहीं वजह रहा कि शेयर बाजार में भूचाल आया और सबसे अधिक अडाणी ग्रुप का स्टॉक टूटा। माना जाता है कि अडाणी ग्रुप को करीब चार लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। अडाणी ग्रुप ने स्टॉक मार्केट में बीते शुक्रवार को ही करीब 1500 से लेकर 1550 रुपये का नया एसपीओ लेकर आए थे। नये शेयर होल्डर ने ताबड़तोड़ खरीदारी की और अब शेयर बाजार में हुए उथल-पुथल के चलते उनको जबर्दस्त घाटा उठाना पड़ा। बता दें कि अदाणी समूह की प्रतिनिधि कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज बीते शुक्रवार को ही 20,000 करोड़ रुपये का अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) लेकर आई, लेकिन हिंडनबर्ग रिपोर्ट के असर में उसके शेयर 18.52 फीसदी तक धराशायी हो गए। इसी तरह अदाणी पोर्ट्स 16 फीसदी, अदाणी पावर पांच फीसदी, अदाणी ग्रीन एनर्जी 19.99 फीसदी और अदाणी टोटल गैस 20 फीसदी तक लुढ़क गईं। वैसे ही शेयर बाजार का खेल जोखिम भरा होता है। आगामी आम बजट के पूर्व भी शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिलता है। इस मार्केट इस कदर टूटेगा, किसी को अंदेशा नहीं था। यह सब अडाणी ग्रुप के खिलाफ आए प्रतिकूल रिपोर्ट का ही असर रहा कि मार्केट इतना अधिक टूटा।

**बृजेंद्र सिंह**
**निदेशक-विश्वसनीय शेयर और निवेश**

### आमतौर पर बजट पूर्व होती रही शेयर बाजार में उथल-पुथल



आमतौर पर आने वाले केंद्रीय आम बजट के पूर्व भारतीय शेयर बाजार में उथल-पुथल देखने को मिली रही है। यह सिलसिला वर्षों से चला आ रहा है। इस बार भी कुछ ऐसा ही अंदेशा था, क्योंकि बजट भले ही एक फरवरी को पेश को होगा, लेकिन बजट बनकर तैयार हो चुका है और बजट में क्या है, तमाम कॉरपोरेट घरानों और बड़े पूंजीपतियों को इसकी भनक लग जाती है। इसका असर शेयर बाजार पर दिखने लगता है। आगामी बजट को लेकर जो बात छनकर सामने आ रही है, वह है कि आने वाला बजट कॉरपोरेट घरानों के लिए फायदेमंद नहीं रहेगा। माना जा रहा था कि इसके चलते शेयर बाजार में गिरावट आ सकती है। लेकिन भारतीय शेयर बाजार में बीते शुक्रवार को जो हुआ, वह अप्रत्याशित रहा। हाल के वर्षों में इतनी बड़ी गिरावट देखने को नहीं मिली थी, जो अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद हुई। एक कॉरपोरेट घराने यानी अडाणी ग्रुप के खिलाफ हुई प्रतिकूल टिप्पणी ने शेयर बाजार को हिला कर रख दिया। ऐसे में निवेशकों को धैर्य रखने की आवश्यकता है। वैसे भी निवेशकों को चाहिए कि वे सीधे निवेश न करें। बल्कि निवेश करने के पूर्व अपने कर सलाहकार से अवश्य राय-मशविरा कर लिया करें। हमारे समझ से शेयर बाजार के बजाय म्युचुअल फंड में निवेश करना न सिर्फ मुनाफे का सौदा होता है, बल्कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से ही सही होता है। निवेशकों को कम अवधि के बजाय लंबी अवधि में निवेश करना चाहिए। लेकिन लोग जल्द से जल्द धनवान बनने के लालच में कम अवधि वाले शेयर में निवेश करते हैं और यहीं गच्चा खा जाते हैं।

**जय प्रधवानी**
**पूर्व अध्यक्ष-दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया नई दिल्ली वाराणसी शाखा**

### शेयर बाजार की मौजूदा स्थिति से निवेशक घबराएं नहीं : विशेषज्ञ

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार की यह प्रकृति है कि वह नीचे जाने के बहाने खोजता है और हिंडनबर्ग रिपोर्ट ऐसा ही एक बहाना है। पर निवेशकों के लिए सबसे बड़ा सवाल है कि अभी उन्हें करना क्या चाहिए? शेयर बाजार की मौजूदा स्थिति को देखते हुए निवेशकों को घबराना नहीं चाहिए, पर साथ ही बहुत आक्रामक भी नहीं होना चाहिए। छोटी मात्राओं में खरीदारी करने का यह अवसर है। परंतु खरीदारी के लिए रणनीति बनाने की जरुरत है। निवेशकों को संयम बरतते हुए सावधानीपूर्वक खरीदारी खरीदारी करने की रणनीति पर चलना चाहिए। शेयर बाजार की तुलना में म्युचुअल फंड में निवेश न सिर्फ फायदेमंद बल्कि सुरक्षित भी माना जाता है। ऐसे में निवेशकों को शेयर बाजार के साथ-साथ म्युचुअल फंड में निवेश करना चाहिए। इसके लिए 40:60 का तुलनात्मक रेसियो बनाना होगा। ताकि शेयर बाजार में झटका लगने पर वे सदमे में न हो और संभलने का मौका मिल सके। निवेशकों को यह सदैव करना चाहिए।

# गणतंत्र दिवस पर नगर में रही ध्वजारोहण की धूम

## पॉपुलर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मना गणतंत्र दिवस



**वाराणसी।** पॉपुलर कालेज ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट बच्छाव में 26 जनवरी को 74वां गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण संस्थान के चेयरमैन डा. एके कौशिक व संस्थान के एकेडमिक डीन सह प्राचार्य प्रो. सुधाकर ने किया। चेयरमैन ने कहा कि हम सभी देशवासियों को भारत का नागरिक होने पर गर्व है। डीन सह प्राचार्य ने नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के विषय में बताया। इस अवसर पर नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल विद्यार्थियों ने परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत देशभक्ति भाषण, गायन, नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में चेयरमैन डा. एके कौशिक, मैनेजिंग डायरेक्टर डा. किरन कौशिक, एकेडमिक डीन सह प्राचार्य प्रो. सुधाकर ए. डा. पर्थ वरडे(मेडिकल सुपरिटेंडेंट पापुलर हास्पिचल) उप प्राचार्य डा. जानसी रानी टी, एसोसियेएट प्रो. अनुराग सिंह, सनी डेनियल समेत काफी लोग मौजूद थे।

## स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल में हुआ ध्वजारोहण



**वाराणसी।** स्वामी हरसेवानंद पब्लिक स्कूल बनपुरवा गड़वाघाट, जगतगंज के प्रांगण में 74वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक बाबा प्रकाशध्यानानंद ने ध्वजारोहण किया। कहा कि किसी निश्चित सीमाओं से घिरे भूभाग को देश नहीं कहते बल्कि उसमें निहित पशु-पक्षी, नदी-पर्वत व रहने वाले जीव-जतुंओं को मिला कर देश बनता है। एनएनसी की टुकड़ी ने परेड को सलामी दी। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक मनोहर यादव तथा शौर्य को बेस्ट एनसीसी कैडेट से अलंकृत होकर लौटने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. एके चौबे ने भाषण दिया। संचालन मिर्जा विलायत बख्त व धन्यवाद ज्ञापन छात्रावास अधीक्षक ले. एमएस यादव (रि.) ने दिया। इस मौके पर काफी लोग मौजूद थे।

## वाराणसी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**वाराणसी।** वाराणसी गर्ल्स डिग्री कालेज में गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया झंडारोहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में बच्चों ने भी भागीदारी की। वर्षा कुमारी को सर्वाधिक अंक लाने के लिए तथा पलक विश्वकर्मा को सर्वश्रेष्ठ छात्रा चुना गया। प्राचार्य डा. अनुपमा सिंह ने गणतंत्र के महत्व को रेखांकित किया। प्रबंधक डा. रवि सिंह ने कहा कि गणतंत्र हमें अधिकार व कर्तव्य से परिचित कराता है। संचालन प्रीति चौरसिया व नेहा वर्मा तथा धन्यवाद ज्ञापन डा. भागीरथी ने किया। कार्यक्रम में डा. अनुपमा श्रीवास्तव, डा. नीता लाल, डा. धर्मराज, शतरूद्र, डा. श्रवण तिवारी, सशमी, राजेश भारती, सुनील आदि मौजूद थे।

## सेंट जॉन्स स्कूल मढ़ौली में मना गणतंत्र दिवस



**वाराणसी।** सेंट जॉन्स स्कूल मढ़ौली के विशाल प्रांगण में 26 जनवरी को अत्यन्त उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्तों को नमन करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डा. आरके ओझा (डायरेक्टर आरके नेत्रालय महमूरगंज) ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि को प्रधानाचार्य फॉदर हेनरी ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथियों को भी सम्मानित किया गया।

## स्याद्वाद महाविद्यालय में हुआ ध्वजारोहण



**वाराणसी।** गणतंत्र दिवस पर जैन घाट स्थित स्याद्वाद महाविद्यालय में सुबह दस बजे भारतीय ध्वज का ध्वजारोहण विजय कुमार जैन कोषाध्यक्ष, डा. फूलचंद जैन अधिष्ठाता, डा. आकाश जैन प्राचार्य, डा. निर्मला जैन वरिष्ठ प्राध्यापक, सुरेन्द्र जैन पुस्तकालयाध्यक्ष ने किया। महाविद्यालय के छात्रों ने मंगलाचरण किया। समारोह में 50 से अधिक लोग शामिल हुए।

## जीवनदीप में मनाया गया गणतंत्र दिवस




**वाराणसी।** जीवनदीप पब्लिक स्कूल बड़ालालपुर चांदमारी में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थाध्यक्ष डा. अशोक कुमार सिंह ने ध्वजारोहण के साथ किया। उन्होंने सीबीएसई क्लस्टल के राष्ट्रीय स्तर पर जूडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त छात्रा अंशिका सिंह को सम्मानित किया। इसके अलावा एथलेटिक्स में विभिन्न प्रतिस्पर्धा में पदक प्राप्त छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने विविधता में एकता रखने वाले भारत देश की तरक्की में योगदान देने के लिए छात्र-छात्राओं का आह्वान किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। इस मौके पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ ही सुंदरकांड पाठ भी किया गया। इस मौकै पर डा. अंशु सिंह, प्रधानाचार्य डा. ममता सिंह समेत संस्थान के सभी शिक्षक व छात्र मौजूद थे।




## जैपुरिया स्कूल पड़ाव में वसंत पंचमी व गणतंत्र दिवस की धूम

**वाराणसी।** सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल पड़ाव कैंपस में गणतंत्र दिवस व वसंतोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। प्रबंध निदेशक मनोज बजाज ने ध्वज फहराया। साथ ही विद्यालय परिवार ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। तीन रंगों के गुब्बारे को आकाश में छोड़ा गया। सातवीं व आठवीं कक्षा के बच्चों ने योद्धा बन कर समूह नृत्य किया। जबकि छठवीं कक्षा के बच्चों ने संस्कृत देशभक्ति गीत व कक्षा चार के बच्चों ने युगल नृत्य व यूकेजी के बच्चों ने मोहक गीतों की प्रस्तुति की। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना ने सभी को संबोधित किया। इस मौके पर निदेशक श्याम सुंदर बजाज, मंजुबुधिया प्रधानाचार्य आशीष सक्सेना, प्रियंका समेत काफी लोग मौजूद थे। संचालन नोरिता जैन व नव्या ने किया।

## सेंट जॉन्स स्कूल बीएलडब्ल्यू में समारोह



**वाराणसी।** सेंट जॉन्स स्कूल बीएलडब्ल्यू में 74वें गणतंत्र दिवस समारोह का प्रारंभ मुख्य अतिथि डा. फादर फिलिप डेनिस ने ध्वजारोहण से किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट किया। मुख्य अतिथि ने खेलकूद प्रारंभ करने की घोषणा की। खेलकूद में 800, 400, 200 व 100 मीटर दौड़ रस्साकशी व रिले दौड़ का आयोजन हुआ। इसमें वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्ग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि डा. फादर फिलिप डेनिस ने जनतंत्र का अर्थ समझाते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का हमारे देश में पूर्ण अधिकार है चाहे वह महिला हो या पुरुष। प्रधानाचार्य फादर गुरू शांताराज ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## विद्यालय के डायरेक्टर ने फहराया ध्वज



**पिंडरा।** गणतंत्र दिवस पर बाबतपुर स्थित केजे कालेज आफ फार्मेसी के चेयरमैन प्रदीप सिंह इलाका ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कालेज के वाइस चेयरमैन डा. योगेन्द्र कुमार सिंह ने कालेज ग्राउण्ड में तिरंगा फहराया व राष्ट्रगान किया। कहा कि इस अवसर पर आत्ममंथन करने की जरुरत है। कार्यक्रम में डायरेक्टर डा. मिथिलेश द्विवेदी, पंकज कुमार त्रिपाठी, सचिन अग्रहरि, उपमा सिंह, प्रीति पांडेय, राजलक्ष्मी पांडेय, सत्यम मिश्र, पवन पटेल, ऋषभ श्रीवास्तव, जितेन्द्र कुमार, नेहा सिंह, शुभम सिंह आदि मौजूद थे।